3 | राजधानी
सीएस नरेश कुमार अब नई मुसीबत में फंसे

6 | अभिमत
फिलिस्तीन समस्या का समाधान

10 | विदेश
श्रीलंका के राष्ट्रपति से मिले रीजीजू

12 | स्पोर्ट्स
अपनी रणनीति पर बरकरार रहे भारत

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 14
नई दिल्ली, शनिवार, 18 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

अर्थव्यवस्था निर्माण में स्वदेशी उद्योगों की भूमिका अहम

राष्ट्रीय-11

बड़ा संकट पैदा कर सकता है डीप फेक: मोदी

● कहा-मीडिया एआई व डीप फेक प्रौद्योगिकी के कारण पैदा हुई चुनौतियों के बारे में लोगों को जागरूक और शिक्षित करे

● वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प का जिक्र करते हुए कहा, ये केवल शब्द नहीं बल्कि जमीनी हकीकत हैं

नई दिल्ली में शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में दिवाली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम मेधा (एआई) और डीप फेक प्रौद्योगिकी से उत्पन्न चुनौतियों को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को मीडिया से आग्रह किया कि वे इन तकनीकों के कारण पैदा हुई चुनौतियों के बारे में लोगों को जागरूक और शिक्षित करें। यहां पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिवाली मिलन कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने गरबा महोत्सव में भाग लेते हुए अपना एक वीडियो देखा, जबकि उन्होंने स्कूल के दिनों से ऐसा नहीं किया है। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, यहां तक कि जो लोग उन्हें प्यार करते हैं, वे भी वीडियो को एक दूसरे से साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे जैसे विविधतापूर्ण समाज में डीप फेक एक बड़ा संकट पैदा कर सकते हैं और यहां तक कि समाज में असंतोष की आग भी भड़का सकते हैं क्योंकि लोग मीडिया से जुड़ी किसी भी चीज पर उसी तरह भरोसा करते हैं जैसे आम तौर पर गेरुआ वस्त्र पहने व्यक्ति को सम्मान देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कृत्रिम मेधा के माध्यम से उत्पादित डीप फेक के कारण एक नया संकट उभर रहा है। समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग है जिसके पास समानांतर सत्यापन प्रणाली नहीं है।

उन्होंने कार्यक्रम में पत्रकारों से कहा कि जहां उन्होंने कुछ चीजों के बारे में विचार व्यक्त किए हैं वहीं उन्हें इस बारे में जागरुकता फैलाने के लिए मीडिया का सहयोग चाहिए। डीप फेक तकनीक शक्तिशाली कंप्यूटर और शिक्षा का उपयोग करके वीडियो, छवियों, ऑडियो में हेरफेर करने की एक विधि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले कुछ विवादास्पद टिप्पणियों वाली फिल्म आती थी और चली जाती थीं, लेकिन अब यह एक बड़ा मुद्दा बन गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्मों का प्रदर्शन भी इस आधार पर मुश्किल हो जाता है कि उन्होंने समाज के कुछ तबकों का अपमान किया है, भले ही उन्हें बनाने में भारी राशि खर्च की गई हो। मोदी ने सुझाव दिया कि जिस तरह सिगरेट जैसे उत्पाद स्वास्थ्य संबंधी चेतावनियों के साथ आते हैं, उसी तरह डीप फेक के मामलों में भी होना चाहिए। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के अपने संकल्प का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये केवल शब्द नहीं हैं बल्कि जमीनी हकीकत हैं। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल अभियान को लोगों का समर्थन मिला है। साथ ही उन्होंने कहा कि गत एक सप्ताह में लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हुआ है, जिसमें दिवाली और छठ से संबंधित खरीददारी शामिल है। मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की उपलब्धियों ने लोगों में विश्वास पैदा किया कि देश अब रुकने वाला नहीं है।

उन्होंने कहा कि लगभग 130 देशों ने भारत द्वारा आयोजित एक ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने इसे बड़ी उपलब्धि बताया। शुक्रवार को दिवाली मिलन कार्यक्रम में भाग लेने से पहले उन्होंने इस सम्मेलन को संबोधित किया था। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि एक राष्ट्र के जीवन में एक समय आता है जब वह शिखर की ओर बढ़ता है और यही भारत के साथ हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और अर्थव्यवस्था से संबंधित विचार अगले 25 वर्षों तक चर्चा के केंद्र में रहने वाले हैं और जिस तरह से देश प्रगति कर रहा है, लोग उसे स्वीकार कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि यह युग भारत को एक भव्य देश बनाने की ओर ले जा रहा है। उन्होंने हाल ही में मध्य प्रदेश (शेष पेज 9)

सुरंग में फंसे श्रमिकों के और निकट पहुंचे बचावकर्मी

● ऑगर मशीन ने 22 मीटर तक मलबा भेदा, भारतीय वायु सेना ने बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 27,500 किलोग्राम महत्वपूर्ण बचाव उपकरण को उत्तराखंड के पहाड़ों में ऊंची बजरी वाली हवाई पट्टी पर पहुंचाया

उत्तरकाशी के सिल्कयारा सुरंग में शुक्रवार को राहत और बचाव कार्य में जुटे कर्मी।

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

सिल्क्यारा सुरंग में बचाव अभियान शुक्रवार को छठे दिन भी जारी रहा और बचावकर्मी 12 नवंबर से सुरंग में फंसे 40 श्रमिकों के करीब पहुंच रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि संतुलन बनाए रखने के लिए ड्रिलिंग ऑपरेशन लगातार किए जाने के बजाय चरणों में किया जा रहा है। अधिकारी 24 मीटर तक मलबे को कवर करने में कामयाब रहे हैं, जो लगभग 60 मीटर की दूरी को अवरुद्ध कर रहा है।

मलबे में चार पाइप लगा दिए गए हैं और फंसे हुए श्रमिकों को निकालने के लिए बनाए जा रहे एस्केप चैनल को बनाने के लिए पांचवें पाइप को भी लगा दिया गया है। इस बीच, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 27,500 किलोग्राम महत्वपूर्ण बचाव उपकरण को उत्तराखंड के पहाड़ों में ऊंची बजरी वाली हवाई पट्टी पर पहुंचाया, जहां एक ढही सुरंग के नीचे 40 कर्मचारी 120 घंटे से अधिक समय से फंसे हुए हैं। गैर-नियमित महत्वपूर्ण ऑपरेशन' काफी जटिल था जिसमें त्रुटि की कोई गुंजाइश नहीं थी क्योंकि उत्तराखंड के धरासू में उन्नत लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) की लंबाई कम थी, और भारतीय वायुसेना के विमान भारी उपकरणों के कारण उच्च लैंडिंग भार के साथ आ रहे थे। सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि इसका वजन लगभग पूरी तरह से भरे हुए बड़े ट्रक के बराबर था। मिशन के लिए हरी झंडी मिलने से पहले, सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस के पायलटों ने बाधाओं और रनवे की स्थिति का आकलन करने के लिए एएलजी के ऊपर एक आईएएफ हेलीकॉप्टर में उड़ान भरी। वहीं राहत और बचावकार्य में जुटे अधिकारियों ने आगे बताया कि डॉक्टर वायरलेस के माध्यम से फंसे हुए श्रमिकों के साथ बातचीत भी कर रहे हैं और सभी श्रमिक शारीरिक और मानसिक रूप से स्थिर प्रतीत हो रहे हैं।

सिलक्यारा में बने उत्तरकाशी जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार, सुरंग में जमा मलबे में रात भर चले चली ड्रिलिंग के बाद 22 मीटर की दूरी तक भेदा जा चुका है। सुरंग में 45 से 60 मीटर तक मलबा जमा है जिसमें ड्रिलिंग की जा रही है। योजना यह है कि ड्रिलिंग के जरिए मलबे में रास्ता बनाते हुए उसमें 900 मिमी व्यास के छह मीटर लंबे पाइप को एक के बाद एक इस तरह डाला जाएगा कि मलबे के एक ओर से दूसरी ओर (शेष पेज 9)

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में प्रत्याशियों की किस्मत तय

जबलपुर मे शुक्रवार को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में वोट डालने के लिए कतारबद्ध मतदाता।

पायनियर समाचार सेवा। भोपाल/रायपुर/नई दिल्ली

● मध्य प्रदेश में एकमात्र चरण और छत्तीसगढ़ में दूसरे और अंतिम चरण के विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न, अब परिणाम का इंतजार

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव का एक चरण और पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में दूसरे और अंतिम चरण के प्रतिष्ठापरक चुनाव ने शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस की किस्मत तय कर दी, जिसमें छिटपुट चुनाव संबंधी घटनाओं के बीच बड़ी संख्या में मतदान हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। सत्तारूढ़ कांग्रेस को छत्तीसगढ़ को बरकरार रखने की उम्मीद है, जबकि पार्टी मध्य प्रदेश में भाजपा से सत्ता छीनने और 2018 की जीत के अंतर से अपनी संख्या बढ़ाने के लिए निश्चित है, जिसने अंतत: भाजपा के (शेष पेज 9)

आलोक शर्मा एसपीजी प्रमुख नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आलोक शर्मा को शुक्रवार को विशेष सुरक्षा दल (एसपीजी) का निदेशक नियुक्त किया गया है। एसपीजी के पास ही प्रधानमंत्री को सुरक्षा मुहैया करने का जिम्मा है। वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी शर्मा, वर्तमान में एसपीजी में अतिरिक्त महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पद का कार्यभार संभालने की तारीख से अगले आदेश तक एसपीजी निदेशक के रूप में शर्मा की नियुक्ति को मंजूरी दी है। एसपीजी प्रमुख अरुण कुमार सिन्हा के छह सितंबर को हुए निधन के बाद इस पद नियुक्ति आवश्यक हो गई थी। सिन्हा आईपीएस के वर्ष 1987 बैच के केरल कैडर के अधिकारी थे जिनकी उम्र 61 वर्ष थी। एसपीजी प्रधानमंत्री को निकटतम सशस्त्र सुरक्षा घेरा प्रदान करती है।

दो मुठभेड़ों में छह आतंकवादी ढेर

● दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में पांच और जम्मू क्षेत्र के राजौरी जिले में एक आतंकवादी सुरक्षा बलों के संयुक्त दल के साथ गोलीबारी में मारा गया

● लश्कर ए तैयबा से संबद्ध हैं कुलगाम में मारे गए दहशतगर्द

कुलगाम में 18 घंटे तक चले ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

पायनियर समाचार सेवा। जम्मू

सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम और राजौरी जिले में दो मुठभेड़ों में बिना किसी नुकसान के आधा दर्जन आतंकवादियों को मार गिराया।

सर्दियों की ठंड का सामना करते हुए क्रैक टीमों ने डीएच पोरा के समनो क्षेत्र में अंतिम हमला शुरू करने के लिए सुबह की पहली रोशनी का रात भर इंतजार किया। सुरक्षा बलों ने छिपे हुए आतंकियों को ढेर करने के बाद आतंकी ठिकाने को भी उड़ा दिया। भारी गोलीबारी के दौरान जानमाल के किसी भी नुकसान को रोकने के लिए मुठभेड़ स्थल के आसपास के स्थानीय निवासियों को भी सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया। इस बीच, राजौरी के बुद्धल पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में बेहरोट टॉप में छठे आतंकवादी को मार गिराया गया। अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर घाटी के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ रातभर चली मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पांच आतंकवादी मारे गए। कुलगाम जिले में 18 घंटे तक चली मुठभेड़ खत्म होने के बाद कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरदी ने बताया, मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं और इलाके में छानबीन की जा रही है।

बिरदी ने कहा कि ड्रोन फुटेज के जरिए आतंकवादियों के शवों का पता लगाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने कुलगाम के नेहामा गांव में घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने (शेष पेज 9)

नई बनने वाली हर सड़क की पांच साल की हो गारंटी: योगी

● उप्र के मुख्यमंत्री ने की पीडब्ल्यूडी के कार्यों की समीक्षा, कहा-सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीडब्ल्यूडी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि समयबद्धता और गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा। गड़बड़ी मिली तो जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि नई बनने वाली हर सड़क की पांच साल की हो गारंटी होनी चाहिए अगर सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण करना होगा।

उन्होंने जनहित से जुड़ी निर्माण परियोजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित की परियोजनाओं में देरी से न केवल लागत में बढ़ोतरी होती है, बल्कि आमजन को सेवाओं का लाभ समय से नहीं मिल पाता और असुविधा भी होती है। ऐसे में हमें समयबद्धता पर जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय सहित अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

यह सुनिश्चित हो कि हर कार्य पूरी गुणवत्ता से हो और समय पर पूरा हो। पेंडिंग कार्यों की जवाबदेही तय की जाए। विभागीय मंत्रीगण परियोजनाओं की नियमित अंतराल पर समीक्षा करें। फील्ड विजिट करें और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। कार्य (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

प्रदूषण अति गंभीर श्रेणी में पहुंचने के करीब

नई दिल्ली। दिल्ली की वायु गुणवत्ता बिगड़कर शुक्रवार को गंभीर से अति गंभीर श्रेणी की कगार पर पहुंच गई। ऐसे मे राष्ट्रीय राजधानी मे सम-विषम योजना लागू की जा सकती है। शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शुक्रवार सुबह सात बजे 437 रहा जबकि बृहस्पतिवार अपराह्न चार बजे यह 419 था। प्रति दिन चार बजे रिकॉर्ड किया जाने वाला राष्ट्रीय राजधानी का 24 घंटे का औसत एक्यूआई बुधवार को 401, मंगलवार को 397, सोमवार को 358, रविवार को 218, शनिवार को 220 और शुक्रवार को 279 था। पिछले सप्ताहांत अपेक्षाकृत उत्तम वायु गुणवत्ता का श्रेय वर्षा को जाता है। लेकिन उसके बाद के दिनो मे दिवाली की रात भारी आतिशबाजी तथा पड़ोसी राज्यो मे पराली जलाए जाने की घटनाएं बढ़ने से वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। वहीं पंजाब मे बृहस्पतिवार को पराली जलाने के 1150 मामले दर्ज किए गए, जिससे इस तरह के मामलो की कुल संख्या 33,802 हो गई। पड़ोसी राज्य हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सो मे भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब और खराब दर्ज की गई।

भारतपे विवाद: अश्नीर ग्रोवर, पत्नी माधुरी को हवाई अड्डे पर रोका

● फिनटेक कंपनी में कथित धोखाधड़ी को लेकर जारी लुकआउट सर्कुलर के मद्देनजर दोनों को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतपे के सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन के खिलाफ इस फिनटेक कंपनी में कथित धोखाधड़ी को लेकर जारी लुकआउट सर्कुलर के मद्देनजर दोनों को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोक लिया गया।

दंपति छुट्टी बिताने न्यूयॉर्क जा रहे थे, तभी दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से जारी लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) के आधार पर उन्हें हवाई अड्डे पर रोक लिया गया। ईओडब्ल्यू भारतपे में कथित रूप से ग्रोवर और उनके परिवार द्वारा संचालित फर्जी एचआर परामर्श इकाइयों को किए गए भुगतान की शिकायतों की जांच कर रही है। उन पर पुरानी तारीख के इनवॉइस का इस्तेमाल का भी आरोप है। ग्रोवर ने एक्स पर एक पोस्ट में हवाई अड्डे पर रोके जाने की पुष्टि की। हालांकि उन्होंने कहा कि इस मामले में मई में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से उन्हें 17 नवंबर सुबह आठ बजे तक ईओडब्ल्यू की ओर से कोई पत्र या समन नहीं मिला।

उन्होंने कहा, मैं 16 से 23 नवंबर तक के लिए अमेरिका जा रहा था। ग्रोवर ने लिखा, आव्रजन पर उन्होंने कहा कि एलओसी लगा हुआ है सर। ईओडब्ल्यू से पड़ताल करके बताते हैं। मुझे अजीब इसलिए लगा कि मई में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से मैं चार बार विदेश यात्रा कर चुका हूं। कभी परेशानी नहीं हुई और मुझे एक बार भी तलब नहीं (शेष पेज 9)

यमन में मौत की सजा पाई भारतीय नर्स की अपील खारिज

● निमिषा प्रिया की मां ने ब्लड मनी पर बातचीत के लिए यमन जाने की अनुमति देने के अनुरोध पर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से निर्णय लेने को कहा

● केरल के पलक्कड़ जिले की रहने वाली प्रिया एक यमनी नागरिक की हत्या के आरोप में 2017 से जेल की सजा काट रही

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यमन के सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा के खिलाफ अपील खारिज कर दी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार से निमिषा प्रिया की मां प्रेमा मैरी के अनुरोध पर निर्णय लेने को कहा, जो अपनी बेटी को बचाने के लिए 'ब्लड मनी' या मुआवजे पर बातचीत करने के लिए यमन की यात्रा करना चाहती हैं। 'ब्लड मनी' का तात्पर्य किसी अपराधी या उसके परिवार द्वारा पीड़ित या उनके रिश्तेदारों को दिए जाने वाले मुआवजे से है।

केरल के पलक्कड़ जिले की रहने वाली प्रिया एक यमनी नागरिक की हत्या के आरोप में 2017 से जेल की सजा काट रही है। उन्हें तलाल अब्दो महदी की हत्या का दोषी पाया गया था और 2018 में एक ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी और उसका परिवार तब से उसकी रिहाई के लिए लड़ रहा है। यमनी सुप्रीम

कोर्ट ने 13 नवंबर को उनकी अपील खारिज कर दी, अब याचिका पर फैसला करना देश के राष्ट्रपति पर निर्भर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत सरकार मामले से अवगत है और जरूरत पड़ने पर काउंसलर सहायता प्रदान कर रही है। नर्सिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद प्रिया यमन चली गई थी और कुछ निजी अस्पतालों में काम किया।

वह कथित तौर पर 2014 में तलाल अब्दो महदी के संपर्क में आईं, जिसने उसे अपना क्लिनिक शुरू करने में मदद करने का वादा किया था। इस काम के लिए साझेदारी की आवश्यकता थी क्योंकि यमनी कानून के अनुसार किसी भी व्यवसाय को शुरू करने के लिए स्थानीय के साथ साझेदारी करना अनिवार्य है। हालांकि कथित तौर पर प्रिया और महदी के बीच मतभेदों के कारण साझेदारी जल्द ही समाप्त हो गई। वह आगे बढ़ी और 2015 में उसके साथ अपना क्लिनिक शुरू किया, लेकिन स्थानीय सूत्रों के अनुसार महदी ने प्रिया को धमकी देना शुरू कर दिया। निमिषा प्रिया अपने पति टोनी थॉमस और बेटी के साथ यमन में रहती थीं। महदी ने कथित तौर पर यह सुनिश्चित करने के लिए उसका पासपोर्ट भी छीन लिया कि वह यमन छोड़कर न जाए। प्रिया ने महदी के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज की जिसके कारण उसे 2016 में गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन रिहाई के बाद भी उसने उसे परेशान करना जारी रखा। फिर 2017 में, उसने उसके कब्जे से अपना पासपोर्ट वापस पाने के प्रयास में उसे सोने का इंजेक्शन लगाया।

लेकिन ओवरडोज़ के कारण उसकी मृत्यु हो गई। फिर वह क्लीनिक खोलने में मदद देनेवाली अब्दुल हनान नाम की नर्स के पास गई। इसके बाद दोनों ने कथित तौर पर उसके शरीर को काट दिया और पानी की टंकी में फेंक दिया। बाद में महदी का शव मिला और पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। अगस्त 2017 में प्रिया और हनान को हिरासत में ले लिया गया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। एक साल जेल में रहने के बाद 2018 में प्रिया को मौत की सजा दी गई। निमिषा प्रिया का परिवार 2018 से उसे न्याय दिलाने के लिए लड़ रहा है। उसकी मां ने इस साल की शुरुआत में दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। भारतीय नागरिकों के लिए यात्रा प्रतिबंध के बावजूद यमन की यात्रा करने और अपनी बेटी को बचाने के लिए 'ब्लड मनी' पर बातचीत करने की अनुमति मांगी।

बृहस्पतिवार को केंद्र के वकील ने कहा कि हाल ही में जारी एक अधिसूचना के अनुसार यात्रा प्रतिबंध में ढील दी जा सकती है और भारतीय नागरिकों को विशिष्ट कारणों और अवधि के लिए यमन की यात्रा करने की अनुमति दी जा सकती है। उच्च न्यायालय ने पहले केंद्र को महिला को बचाने के लिए ब्लड मनी के भुगतान पर बातचीत करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया था, लेकिन यमन में (शेष पेज 9)

नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व शुरू

सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न होगा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हिंडन नदी के किनारे बने छठ घाट श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह तैयार।

सूर्य की उपासना का महापर्व छठ पूजा पर्व नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। चार दिन तक चलने वाला लोक आस्था का यह महापर्व सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न होगा। छठ के पहले दिन व्रतियों ने स्नान करने के उपरांत सूर्य को जल अर्पण कर अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी बनाकर उसे ग्रहण किया और परिजनों में प्रसाद का वितरण कर व्रत का संकल्प लिया।

पहले दिन व्रती इस प्रसाद को ग्रहण कर अपने शरीर को सात्विक और पवित्र बनाते हैं। दूसरे दिन निर्जला उपवास के बाद गुड़ की खीर के साथ रोटी ग्रहण करते हैं। इससे व्रती का शरीर पूरी तरह से सात्विक हो जाता है। फिर उसी स्थिति में 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाता है और अस्ताचलगामी सूर्य और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते हैं। 18 नवंबर शनिवार को खरना के साथ व्रती 36 घंटे के उपवास की शुरुआत करेंगे। 19 नवंबर रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे और 20 नवंबर सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ का समापन होगा। छठ पर्व सूर्य की उपासना का महापर्व माना जाता है। इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा.उपासना विधि-विधान के साथ की जाती है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। इस पर्व में आस्था रखने वाले लोग साल भर इसका इंतजार करते हैं।

धार्मिक मान्यता है कि छठ का व्रत संतान प्राप्ति की कामना, संतान की कुशलता, सुख.समृद्धि और उसकी दीर्घायु के लिए किया जाता है। छठ पूजा का प्रसाद रखने के लिए बांस की दो बड़ी-बड़ी टोकरियां, व्रती के लिए नए कपड़े, ठेकुआ, बांस या पीतल का सूप, दूध और जल के लिए लोटा, तांबे का कलश, दो बडी टोकरी, पूजा थाली, दीपक, खाजा, गुजिया, गुड, दूध से बनी मिठाईयां, लड्डू, दूध, जल, शहद, गंगाजल, चंदन, धूपबत्ती, चावल, सिंदूर, कुमकुम, नारियल, कलावा, कपूर, मिट्टी के दीए, तेल और बाती, सुपारी, फूल, पांच पत्ती लगे हुए गन्ने, केले, सिंघाडा, ऋतुफल, सुथनी, शकरकंदी, अनाज, गेंहू, चावल, आटा आदि का इस्तेमाल किया जाता है।

नगर आयुक्त ने किया छठ घाट का निरीक्षण

गाजियाबाद। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने अधिकारियों के साथ मिलकर हिंडन छठ घाट का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त के साथ निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर एके चौधरी, हेल्थ अफसर डॉ. मिथिलेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने छठ घाट का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही साफ-सफाई आदि के लिए भी बंदोबस्त को देखा। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वह पूजा अर्चना के दौरान जरूरी तरह की व्यवस्था बनाकर रखे।

हिंडन नदी में छठ पूजा स्नान पर रोक से इनकार

गाजियाबाद। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद में प्रदूषित हिंडन नदी में छठ पूजा पर स्नान करने से रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि याची ने आने में देरी कर दी। छठ पूजा में कुछ ही दिन शेष बचे हैं। इसलिए जनहित याचिका पर इतनी जल्दी सुनवाई नहीं हो सकती। दरअसल, गाजियाबाद में प्राचीन शनिदेव मंदिर गंगा घाट के महंत मुकेश गोस्वामी ने जनहित याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की थी। याची के अधिवक्ता अनिल कुमार तिवारी ने हाईकोर्ट को बताया कि गाजियाबाद में हिंडन नदी प्रदूषित है। लोग स्नान करेंगे तो इससे संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका है। याची ने दिल्ली में यमुना नदी में छठ पूजा स्नान पर रोक का हवाला दिया और ऐसी ही रोक गाजियाबाद में भी लगाने की मांग की। मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिकंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने इस याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए शुक्रवार को इसे कर दिया है।

संक्षिप्त समाचार

डासना को निगम में शामिल कराने के लिए लिखा पत्र

गाजियाबाद। लोनी, खोडा, कनावनी के बाद अब डासना नगर पंचायत को भी नगर निगम में शामिल किए जाने की कवायद शुरू हो गई है। क्षेत्रीय सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉण्वीके सिंह ने इस सम्बंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र में केन्द्रीय राज्यमंत्री ने प्रदेश सरकार से डासना नगर पंचायत क्षेत्र के विकास और उत्थान के लिए इसे गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में शामिल किया जाने का अनुरोध किया है। बता दें कि खोडा, लोनी और कनावनी को नगर निगम क्षेत्र में शामिल करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जा रही है। डासना नगर पंचायत में वर्तमान में वोटर्स की संख्या 35 हजार 326 है। नगर पंचायत में वार्डो की संख्या 15 है। लोनी में 55 और खोडा में 34 वार्ड हैं। कनावनी क्षेत्र को एक ही वार्ड बनाया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से भी वर्तमान वार्ड संख्या की रिपोर्ट भेजी गई है।

शिप्रा रिवेरा में चित्रगुप्त पूजा

गाजियाबाद। गाजियाबाद में शिप्रा कायस्थ महासभा ने 20वां कलम दावत व चित्रगुप्त पूजन समारोह धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाया। इसका आयोजन शिप्रा रिवेरा सोसाइटी इंदिरापुरम में संपन्न हुआ। महासभा के दो दशक पूरे होने पर भी इस इस बार आयोजन को लेकर भारी जोश और उत्साह रहा। आयोजनों की श्रंखला 14 नवंबर की शाम से प्रारंभ हो गई थी। पहले दिन बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। स्पोर्ट्स, ड्राइंग, डिबेट, क्विज, क्रिएटिव राइटिंग, स्पीकिंग, कविता आदि में बच्चों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। 15 नवंबर को कलम.दवाज की पूजा हुई। समारोह स्थल पर ही भव्य पंडाल बनाकर भगवान श्री चित्रगुप्त की बड़ी प्रतिमा स्थापित की गई। 100 से ज्यादा कायस्थ परिवारों ने एकसाथ बैठकर पूजा.अर्चना की। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। आयोजक समिति में मुख्य रूप से अनुरंजन श्रीवास्तव, डॉ विवेक कुमार, प्रकाश कर्ण, प्रमोद श्रीवास्तव, कमलेश कर्ण, विवेक वर्मा, पुनीत सक्सेना, धीरज सहाय, नम्रता वर्मा, शैलजा श्रीवास्तव, दीपा श्रीवास्तव, दीप्ति श्रीवास्तव आदि का सहयोग रहा।

मुर्गी फार्म में मिला मालिक का शव

गाजियाबाद। थाना मसूरी क्षेत्र के नाहल गांव में मुर्गी फार्म में मुर्गी फार्म मालिक का शव मिला। मौत कैसे हुई, इसका अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चलेगा। 36 साल के शहनवाज अपने मुर्गी फार्म में रहते थे। यह मुर्गी फार्म शहनवाज और उनके दो भाइयों का है। ग्रामीण बताते हैं कि शहनवाज इसी फार्म हाउस में रहा करते थे। शुक्रवार की सुबह जब परिवार के अन्य सदस्य फार्म हाउस पर आए तब उन्होंने देखा कि शहनवाज मृत पड़े हैं। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नोएडा कमिश्नरेट से 283 पुलिसकर्मी होंगे रिलीव

नोएडा। नोएडा कमिश्नरी से 19 नवंबर को एक साथ 283 पुलिसकर्मी रिलीव किए जाएंगे। इनमें छह थानेदार, 47 इंस्पेक्टर, 136 दारोगा और 130 हेड कॉन्स्टेबल हैं। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय बबलू कुमार ने इन्हें रिलीव करने के आदेश जारी किए। माना जा रहा है कि रविवार को कमिश्नरी के थानों में बड़े पैमाने पर बदलाव होगा। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय बबलू कुमार के ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि स्थनांतरित होने वाले पुलिस कर्मियों को एक साथ 19 नवंबर को कमिश्नरी से रिलीव किया जाएगा। रिलीव होने वाले इंस्पेक्टर में सेक्टर 58 के थाना प्रभारी संजय सिंह का ट्रांसफर लखनऊ कमिश्नरी के लिए, बिसरख के थाना प्रभारी अनिल राजपूत का गाजियाबाद, बादलपुर के प्रभारी ब्रह्म पाल सिंह का आगरा, सेक्टर 63 के प्रभारी अमित मान का आगरा किया गया। इसके अलावा कासना के प्रभारी संतोष कुमार शुक्ल का कानपुर नगर और रबुपुरा के प्रभारी सुधीर कुमार का कानपुर कमिश्नरेट के लिए ट्रांसफर किया है। इसके अलावा 136 दरोगा और 130 हैड कांस्टेबल का भी ट्रांसफर हुआ है, जिन्हें रिलीव किया जाएगा। इनके स्थान पर कमिश्नरी में अन्य जनपदों से स्थनांतरित होकर पुलिसकर्मी पहुंचने लगे हैं।

नोएडा पुलिस ने काटे 10 हजार गाड़ियों के चालान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यूपी सरकार के आदेश अनुसार चलाए जा रहे यातायात माह के अंतर्गत यातायात पुलिस ने करीब 10 हजार वाहनों का चालान किए तथा 23 वाहनों को जब्त किया।

पुलिस उपायुक्त (यातायात) अनिल कुमार यादव ने बताया कि यातायात माह के अंतर्गत बिना हेलमेट लगाए वाहन चलाने वाले 3289 लोगों का चालान किया गया जबकि बिना सीट बेल्ट लगाए 156 लोगों का, विपरीत दिशा से वाहन चलाने वाले 367 लोगों का, तीन सवारी बैठकर दोपहिया वाहन चला रहे 58 लोगों का और मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले 31 लोगों का चालान किया गया। नोएडा पुलिस की ओर से सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की गई जानकारी के मुताबिक, करीब 5200 ई-चालान जारी किए गए हैं।

रेव पार्टी मामला: ऑनलाइन ऐप से होता था सांप और उसके जहर का सौदा

बिचौलियों से सिर्फ बातचीत, फार्म हाउस का पता निकाल रही पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सांप और जहर की तस्करी में पकड़े गए आरोपी राहुल के पास से पुलिस को उसकी डायरी में मिले फोन नंबर, लोकेशन और बिचौलियों के बारे में जानकारी मिली है।

पुलिस जानना चाहती है कि राहुल कभी उन बचौलियों से मिला है कि नहीं जिनके एक फोन पर पार्टी में सांप और वेनम लेकर जाता था। इस बीच कुछ ऐसी सोशल नेटवर्किंग ऐप की जानकारी मिली जिनके जरिए डील होती थी। इसके अलावा वन विभाग के अधिकारी भी पूछताछ कर रहे हैं। ये ऐप गूगल प्ले स्टोर और अन्य नेटवर्किंग प्लेटफार्म पर आसानी से नहीं मिलते। जिसमें डेटा लीक होने का खतरा नहीं होता और इस पर ट्रैफिक कम होता है। वहीं एल्विश ने एक पोस्ट जारी किया। अपने अधूरे शूट के लिए वापस मुंबई पहुंच गया है। जाहिर है कि अब एल्विश और राहुल को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की संभवना कम रह गई है।

वहीं राहुल को एक बार फिर से सेक्टर-51 के हॉल ले जाया जा सकता है। चौंकाने वाली बात ये है कि ये पूरा खेल ऑनलाइन होता था। पार्टी ऑर्गेनाइज करना, उसमें सांप को लाना, बिचौलियों से बातचीत और पैसों की डील सब कुछ ऑनलाइन होता था। यदि किसी ने मिलने के लिए बुलाया भी तो बहुत ज्यादा भरोसा होने के बाद ही राहुल मिलने जाता था।

यही वजह थी कि सांसद मेनका गांधी की संस्था के सदस्य ने अपने स्टिंग की शुरुआत तीन से चार महीने पहले की। इसके बाद लगातार वो उससे वॉट्सऐप कॉल पर बात करते रहे। वीडियो शेयर किए गए।

बहुत ज्यादा भरोसा होने के बाद ही राहुल मिलने को तैयार हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि वो मीडिएटर से सिर्फफोन पर बात करता है, उससे मिला नहीं। फोन पर ऑर्डर और पेमेंट आता था इसके बाद बताई गई लोकेशन पर पहुंचकर पार्टी ज्वाइन करता था। पुलिस उससे उन फार्म हाउस की लिस्ट और तारीख ले रही है जिसमें वो पार्टी करने गया। एक पार्टी में कम से कम 7 से 11 सांप, पांच सपेरे ट्रेनर लेकर जाना और महज 31 हजार में डील होना, नोएडा पुलिस को ये बात हजम नहीं हो रही है। पुलिस का मानना है कि राहुल अब भी उनसे कुछ छिपा रहा है। दरअसल, इन रेव पार्टी में नशा और विदेशी युवती सबसे अधिक आती हैं। ऐसे में कई और नाम भी हैं जिनका जल्द खुलासा नोएडा पुलिस करेगी। केस और दीवाली के लिए एल्विश यादव अपने घर हरियाणा आया था। इस दौरान नोएडा पुलिस ने उसे नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया। इसके बाद दोबारा नोटिस जारी किया गया। जिसमें कहा कि जरूरत पड़ने पर दोबारा से पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। ऐसे में अब एल्विश वापस मुंबई चला गया है।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	गौरीशंकर/ रोशनी/ LBMAT00005051111	प्लॉट नंबर 73 और 74, खसरा नंबर 361, राधा एन्क्लेव कॉलोनी फेज II, मौजा नरहोली अंदरून, तहसील और जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश/ नवंबर 16, 2023	जून 16, 2023 रु. 6,91,206/-	मथुरा/ दिल्ली/ आगरा

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 18, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	सीमा सिंह/ एसआरसी टेक्नोसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड/ रविन्द्र पाल सिंह/ LBDEL00004218515	मकान नंबर जीए-018, प्लॉट नंबर 3 बिल्डर्स एरिया, सेक्टर पी-6, जीबी नगर, ग्रेटर नोएडा/ नवंबर 14, 2023	जुलाई 29, 2023 रु. 45,59,886/-	दिल्ली/ एनसीआर & मुरादाबाद
2.	संजय गुलाटी/ रितु गुलाटी/ LBDEL00001992997	फ्लैट नंबर 1702, 16वीं मंजिल, ब्लॉक-सी, टाइप-ई, लॉजिक्स ब्लॉसम जेस्ट, प्लॉट नंबर जीएच02, सेक्टर-143, नोएडा/ नवंबर 14, 2023	जुलाई 31, 2023 रु. 18,87,220/-	दिल्ली/ एनसीआर

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 18, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
चल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत चल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित चल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक कब्जा** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो भी है" तथा "जो भी वहाँ है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

क्र. सं.	कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य धरोहर राशि जमा	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	श्री कर्मवीर सिंह सेहरावत (कर्ज़दार), निक्को रानी (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता संख्या LVDEL00027244098	मारुति ईको फ्लेक्सी पंजीकरण संख्या : DL1LT1628 निर्माण : 2013	रु. 6,50,104/- (नवंबर 09, 2023 तक)	रु. 30,000/- रु. 30,000/-	दिसंबर 01, 2023 सु. 11:00 बजे से दोप. 01:00 बजे तक	दिसंबर 26, 2023 को सु. 11:00 से दोप. 01:00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी **कारदेखो** की वेबसाइट **(URL Link - https://auctions.cardekho.com/#/)** पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती **दिसंबर 22, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अन्तिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन प्रत्याभूत आस्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली - 110005** या हमारी मार्केटिंग **एजेंट कारदेखो - गिरनारसॉफ्ट ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड टावर-बी, एम्मार डिजिटल ग्रीन्स, 11वीं मंजिल गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, बहरामपुर नया, सेक्टर 61, गुरुग्राम, घाटा, हरियाणा 122001** और उसके बाद उन्हें केवल उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से अपना प्रस्ताव दिनांक **दिसंबर 22, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना होगा। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक संचालक के लिए नीलामकर्ता के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। बयाना राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर किसी राष्ट्रीयकृत/ अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में एवं **दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन एवं शर्तों या निविदा जमा कराने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के मोबाइल नम्बर **8584874809/ 9372730494/ 8126013708** या **कारदेखो 7701827194** पर सम्पर्क करें।

निविदाएँ केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा अन्तिम तिथि एवं कट-ऑफ समय से पूर्व, पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त एवं पंजीकृत की गई निविदाएँ ही नीलामी हेतु मान्य होंगी।

प्राधिकृत अधिकारी के पास सर्वाधिकार सुरक्षित है, वह बगैर कोई कारण बताए किसी भी बोली या समस्त बोलियों को अस्वीकार कर सकता है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया **www.icicibank.com/n4p4s** सम्पर्क करें।

तिथि : नवंबर 18, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

Case Details	Asset Details
ICICI BANK LTD VS RAJIV DALAL, Case No. TRC/933/2022, OA/459/2019 (DELHI DRT 3)	Vehicle No. HR73A4103, Make and Model - ASHOK LEYLAND LTD AL 3718 IL, Manu Year - 2017
	Vehicle No. HR73A8646, Make and Model - ASHOK LEYLAND LTD AL 3718 IL, Manu Year - 2017
ICICI BANK LTD VS M/S Super Trans Logistics Pvt Ltd., Case No. TRC/102/2023	Vehicle No. HR38S0108, Make and Model - EICHER 20.16, Manu Year - 2012
	Vehicle No. HR38S0342, Make and Model - EICHER 20.16, Manu Year - 2012

Auction Date: November 24, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.
Auction Type: Online Auction
Auction Portal Name & URL Link: BidKaro and https://bidkaro.net
Contact Person - Swapnil Upadhyay (8126013708) / Rajeev Ranjan (8584874809)

Terms of Sale

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.
The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, Shal Tower Plot no. 23, New Rohtak Road, Karol Bagh, Delhi-110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles

सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
सीआईएन : एल34102डीएल1985पीएलसी020156
पंजीकृत कार्यालय : आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश- I, नई दिल्ली-110048, भारत
ई-मेल : sidhindia1985@gmail.com, वेबसाइट : www.sidhgroup.in
30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु
अ-लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का विवरण (राशि लाख रू. में)

30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु अ-लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का विवरण

विवरण	तिमाही समाप्त 30-09-2023 (अ-लेखापरीक्षित)	तिमाही समाप्त 30-09-2022 (अ-लेखापरीक्षित)	वर्ष समाप्त 31-03-2023 (लेखापरीक्षित)
परिचालन से कुल आय (शुद्ध)	4.05295	4.1025	16.3885
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पूर्व)	0.68705	0.13232	1.15976
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद)	0.68705	0.13232	1.15976
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद)	0.68705	0.13232	1.15976
अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है]	0.68705	0.13232	1.15976
इक्विटी शेयर पूंजी	296.23	296.23	296.23
संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर)	0	0	0
प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) (क) मूल :	0.02	0.00	0.04
(ख) तनुकृत :	0.02	0.00	0.04

नोट्स :
1. उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा 16 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न उनकी बैठक में अभिलेखबद्ध किया गया था।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है।
3. अलेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) पर तथा कम्पनी की वेबसाइट www.sidhgroup.in पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
हस्ता./-
(हरि मोहन गुप्ता)
निदेशक
डीआईएन : 03158551

तिथि : 16-11-2023
स्थान : दिल्ली

ट्रक ने किसान को कुचला, मौत

गाजियाबाद। मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर राज चौपले के पास दोपहर को पांच बजे के आसपास तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को कुचल दिया। जिस कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव जोया निवासी 52 वर्षीय सुखबीर सिंह परिवार सहित रहते थे। वह उपजिलाधिकारी कोर्ट में तारीख पर आए थे।

वह शाम पांच बजे बाइक से वापस अपने गांव जोया जा रहे थे। वह बाइक को राज चौपले पर बाइक खड़ी करके पैदल ही सड़क पर पार कर रहे थे। इसी बीच मेरठ की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह कई फीट उछलकर दूर जा गिरे। आसपास के लोगों ने उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं मुरादनगर में दिल्ली मेरठ मार्ग पर आईटीएस कॉलेज के पास पैदल जा रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिस कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

साहित्य में अमिट छाप छोड़ गए सेरा यात्री

गाजियाबाद। वरिष्ठ साहित्यकार सेरा यात्री का निधन हो गया है। उन्होंने कविनगर एफई-7 स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। शुक्रवार दोपहर तीन बजे उनका अंतिम संस्कार हिंडन नदी तट पर विधिविधान के साथ किया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए शहर के गणमान्य लोग हजारों की संख्या में हिंडन तट पर स्थित मोक्ष स्थली पर पहुंचे। उन्होंने 300 से अधिक कहानियों, 32 से अधिक उपन्यास, व्यंग और साक्षात्कार हमेशा साहित्य की दुनिया को रोशन करता रहेगा। सेरा यात्री का जन्म 10 जुलाई 1932 को मुजफ्फरनगर जनपद के गांव जड़ौदा में हुआ था।

हिंदी भाषा में एमए करने के पश्चात उन्होंने राजनीतिक शास्त्र से भी स्नातक किया। उसके बाद से साहित्य की दुनिया से जुड़ गए। साप्ताहिक हिंदुस्तान, धर्मयुग, ज्ञानोदय, कादम्बिनी, सारिका, साहित्य अमृत, साहित्य भारती, रविवार देश की तमाम पत्र पत्रिकाओं में उन्होंने विगत 50 वर्षों में अपनी लेखनी से अमूल्य योगदान दिया।

आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर मिलेगी वन -टैप टिकट बुकिंग

यात्रा के दौरान गंतव्य स्थान बदल सकेंग यात्री

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नमो भारत ट्रेनों में यात्रा को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एनसीआरटीसी द्वारा आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल ऐप के माध्यम से वन-टैप टिकटिंग की सुविधा मिल रही है। जो अपने तरीके की विश्व की पहली ऐसी सुविधा है।

यह अपने आप में एक ऐसा अनोखा फीचर है, जो यात्रियों को आरआरटीएस स्टेशन परिसर के 300 मीटर के दायरे में कहीं से भी, केवल एक टैप से, आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर यात्रा के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने की आजादी देगा। इस फीचर की मदद से यात्री को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने हेतु न ही तो ऐप में गंतव्य स्थान लिखने और न ही यात्रा के लिए एडवांस टिकट बुक करने की जरूरत है।

सिर्फ ऐप में वन टैप बूकिंग पर क्लिक करते ही यात्रा के लिए क्यूआर टिकिट जेनेरेट हो जाएगा। वर्तमान समय में लोगों के पास समय की कमी है और लोग इतने व्यस्त हैं कि उनका शेड्यूल कभी-कभी उन्हें पहले से यात्रा की योजना बनाने की अनुमति नहीं देता है। ऐसी परिस्थिति में निर्बाध और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के एनसीआरटीसी के प्रयासों के अनुरूप, यह पहल यात्रियों को सहजता से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करेगी और यात्रा के दौरान बिना किसी दुविधा के यात्री अपना गंतव्य स्थान भी बदल सकेंगे।

यह इनोवेटिव वन-टैप बुकिंग सुविधा यात्रियों के लिए टिकटिंग प्रक्रिया को तेज और सुविधाजनक बनाती है। इससे टिकट खरीदने की प्रक्रिया में डिजिटल क्यूआर कोड जेनेरेट करने हेतु ऐप में न ही प्रस्थान स्टेशन और न ही गंतव्य स्टेशन का चयन करने की आवश्यकता होगी। आम तौर पर, ऐसे किसी भी ऐप को यात्रा की शुरुआत में प्रस्थान और गंतव्य चयन की आवश्यकता होती है, जिससे यात्रा के दौरान गंतव्य स्थान नहीं बदला जा सकता। उयात्रियों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपने ई-वॉलेट को मोबाइल एप्लिकेशन से लिंक करना होगा।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 18 नवंबर, 2023

मुख्य सचिव नरेश कुमार अब नई मुसीबत में फंसे

बिना टेंडर बेटे को आईएलबीएस अस्पताल में एआई सॉफ्टवेयर विकसित करने में करोड़ों का फायदा पहुंचाने का आरोप

● सतर्कता मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सौंपी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार के मुख्य सचिव नरेश कुमार की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले में शिकंजा कसने के बाद अब उनपर नई मुसीबत का साया मंडरा रहा है। इस बार आम आदमी पार्टी ने कुमार पर अपने बेटे की एक और कंपनी को इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलीयरी साइंसेज (आईएलबीएस) अस्पताल से बिना टेंडर एआई सॉफ्टवेर विकसित में करोड़ों रूपये का मुनाफा पहुंचाने आरापे है।

गत मंगलवार को द्वारका एक्सप्रेस-वे भूमि मुआवजा घोटाले में मुख्य सचिव की भूमिका से जुड़ी जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद सतर्कता मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आईएलबीएस अस्पताल घोटाले का खुलासा करते हुए अपनी सप्लीमेंट्री रिपोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सौंप दी है। जांच में पता चला है कि मुख्य सचिव नरेश कुमार, जोकि आईएलबीएस अस्पताल के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने अपने पद का गलत इस्तेमाल करते हुए बिना किसी टेंडर के अपने बेटे की कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए कोलेबोरेशन में मदद की।

इस जांच से यह भी पता चलता है कि मुख्य सचिव ने अपने बेटे द्वारा केवल 8 महीने पहले ही शुरु किए गए बिना किसी अनुभव वाले स्टार्ट-अप मेटामिक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलीयरी साइंसेज की तरफ से एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट दिलवाने में मदद की। इस जांच में सामने आया है कि उन्होंने अपने बेटे की कंपनी को सैंकड़ों करोड़ रुपए का अवैध तरीके से लाभ पहुंचाने के लिए पद का गलत इस्तेमाल किया है। सतर्कता मंत्री आतिशी ने नरेश कुमार को उनके पद से तुरंत बर्खास्त करने की मांग की है, ताकि वो इस मामले में सूबूतों के साथ छेड़छाड़ कर जांच को प्रभावित नहीं कर पाएं। अतिशी ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की भी सिफारिश की है।

सतर्कता मंत्री द्वारका एक्सप्रेसवे भूमि मुआवजा मामले में अपनी 670 पेज की शुरुआती रिपोर्ट देने के बाद शुक्रवार को यह सप्लीमेंट्री रिपोर्ट सौंपी है। सतर्कता मंत्री ने कहा कि जांच के दौरान ये भी पता चला है कि मुख्य सचिव नरेश कुमार का बेटा ऐसी कई कंपनियों का संस्थाप या निदेशक है, जिन्हें दिल्ली समेत अन्य सरकारी एजेंसियों से ठेका मिला है। एनएचएआई भूमि अधिग्रहण और आर्थिक लाभ लेने के लिए की गई सांठगांठ ने इस संदेह को बल दिया है कि या तो मुख्य सचिव ने सीधे तौर पर अपने बेटे से जुड़ी कंपनियों को फायदा पहुंचाया है या फिर उन्होंने दूसरे लोगों पर अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल करते हुए अप्रत्यक्ष तौर पर अपने बेटे से जुड़ी कंपनियों को गैर कानूनी तरीके से लाभ पहुंचाया है।

सतर्कता मंत्री ने अपनी रिपोर्ट में इन मामलों के आपस में लिंक होने की बात कही है। उन्होंने बताया है कि मुख्य सचिव का बेटा मेटामिक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का संस्थापक है। ये कंपनी मुख्य सचिव के बेटे और एनएचएआई भूमि अधिग्रहण मामले में एक लाभार्थी द्वारा शुरु की गई थी। यह भी जानकारी मिली है कि मेटामिक्स कंपनी आईएलबीएस के साथ मिलकर वहां एक रिसर्च लैब पर काम कर रही है।

जिसके लिए दोनों के बीच 25 जनवरी 2023 को एमओयू साइन किया गया था। पहले यह ठेका केवल छह महीनों के लिए था, लेकिन इसे 13 जुलाई 2023 को फिर से 12 महीनों के लिए बढ़ा दिया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली सरकार द्वारा आईएलबीएस को 1,350 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। इसके सोसाइटी का प्रबंधन, निर्देशन और नियंत्रण गवर्निंग काउंसिल द्वारा किया जाता है, जिसके चेयरपर्सन दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव होते हैं।

सीएम से की पद से हटाने की सिफारिश

नरेश कुमार को तुरंत मुख्य सचिव और सीवीओ के पद से हटाया जाए, ताकि वो जांच को प्रभावित न कर सकें। इस मामले से संबंधित सभी फाइल, जो उनके कब्जे में हैं, उसके साथ छेड़छाड़ या सबूत नष्ट करने की संभावना को समाप्त करने के लिए उनसे जब्त कर ली जाए। मुख्य सचिव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जाए। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत जांच शुरू करने के अनुरोध के साथ इस मामले को सीबीआई को भेजी जाए। आईएलबीएस और मेटामिक्स के बीच हुए एमओयू को तुरंत समाप्त किया जाए, सभी डेटा व विशेषाधिकारों को तत्काल वापस लिया जाए। मेटामिक्स के साथ व्यवस्था से संबंधित सभी फाइलें आईएलबीएस से मंगवाई जाएं और इस मामले की विस्तृत जांच की जाए।

एनसीआर के शहरों में दिल्ली की आबोहवा सर्वाधिक प्रदूषित

राजधानी में आसमान पर धुंध की चादर छाई, कर्तव्य पथ से इंडियागेट धुंधला दिखाई दे रहा है। फोटो रंजन डिमरी

● नवंबर में यह 8वां दिन है जब लोगों ने गंभीर श्रेणी की हवा में सांस ली

● पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सराय काले खां बस अड्डे का किया औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हवा की दिशा बदलने व गति कम होने से राजधानी में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बरकरार है। नवंबर में यह आठवां दिन है जब दिल्ली वालों ने गंभीर श्रेणी की हवा में सांस ली है। शुक्रवार की सुबह एनसीआर के शहरों में दिल्ली की हवा सर्वाधिक प्रदूषित रही।

यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 437 दर्ज किया गया। यह गंभीर श्रेणी में है। गुरुवार की तुलना में इसमें 18 अंकों बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि इसी दिन रात साढ़े आठ बजे एक्यूआई 383 पहुंच गया। जिसमें सुबह की तुलना में 54 अंकों की कमी दर्ज की गई। प्रति दिन चार बजे रिकॉर्ड किया जाने वाला राष्ट्रीय राजधानी का 24 घंटे का औसत एक्यूआई बुधवार को 401, मंगलवार को 397, सोमवार को 358, रविवार को 218, शनिवार को 220 और शुक्रवार को 279 था। पिछले सप्ताहांत अपेक्षाकृत उत्तम वायु गुणवत्ता का श्रेय वर्षा को जाता है। लेकिन उसके बाद के दिनों में दिवाली की रात भारी आतिशबाजी तथा पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने की घटनाएं बढ़ने से वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। वायु प्रदूषण बढ़ने की वजह प्रतिकूल मौसम भी रहा , खासकर हवा शांत रहने और निम्न तापमान के चलते प्रदूषक तितर-बितर नहीं हो पाए।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि शांत हवा और निम्न तापमान प्रदूषकों को तितर-बितर नहीं होने दे रहे हैं तथा अगले कुछ दिनों तक राहत की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि 21 नवंबर से हवा की गति में सुधार से वायु प्रदूषण का स्तर घट सकता है। इस बीच पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को ग्रैप-4 के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए सराय काले खां बस अड्डे का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस अड्डे पर एनसीआर राज्यों से आने वाली डीजल बसों की जांच की।

मंत्री ने कहा कि सराय काले खां बस अड्डे में इस समय लगभग 271 बसें आई मिली और उनमें से ज्यादातर ग्रैप-4 के नियम का पालन कर रही हैं। लेकिन बस अड्डें से बाहर अवैध पार्किंग में बहुत सी निजी बसें पड़ोसी राज्यों से आकर खड़ी रहती है और वे ग्रैप-4 के नियमों का पालन नहीं कर रही है। इसे देखते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे पूरी दिल्ली में बस अड्डों के आस-पास जितनी अवैध पार्किंग है और जहां भी निजी बसें खड़ी रहती हैं, उस पर विशेष अभियान चलाएं।

कार्यकर्ता सम्मेलन : एक दिन देश में आप का होगा राजः केजरीवाल

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

● बोले सच्चाई, ईमानदारी, देशभक्ति और इंसानियत आम आदमी पार्टी का वैल्यू सिस्टम है, इसीलिए पार्टी तेजी से बढ़ रही आगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

त्यागराज स्टेडियम में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ, जिसमें पार्टी के सांसद, विधायक, पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस सम्मेलन में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी जिस तेजी से देश भर में आगे बढ़ रही है।

इसे देखकर उनका दिल कहता है कि एक दिन भाजपा कांग्रेस को भी पीछे छोड़कर देगी और देश पर आम आदमी पार्टी का राज होगा। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी को इतनी तेजी से बढ़ता देखकर ही पीएम मोदी ने फर्जी शराब घोटाले का षड़यंत्र रचा है। वो पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार आप को खत्म करना चाहते हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि मुझे जेल में भी डाल देंगे, तब भी आम आदमी पार्टी जीत जाएगी। आप को हराने के लिए पीएम मोदी को दूसरा जन्म लेना पड़ेगा। केजरीवाल ने पीएम और भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग उन्हें भी गिरफ्तार करना चाहते हैं। इसके बाद मुझे इस्तीफा देना चाहिए या जेल से सरकार चलानी चाहिए, इस संबंध में सभी वालेंटियर्स दिल्ली के एक-एक घर जाएं, नुक्कड़ सभाएं करें और लोगों से रायशुमारी करें।

केजरीवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई आम आदमी पार्टी का हिस्सा हैं। पूरी दुनिया में आज तक कोई ऐसी पार्टी नहीं हुई, जिसने इतनी तेजी से तरक्की की हो। एक बार विधायक, पार्षद बनने में लोगों की पूरी उम्र गुजर जाती है, चप्पलें-जूते घिस जाते हैं। आम आदमी पार्टी 10 साल पहले ही बनी थी और पहले दिल्ली में प्रचंड़ बहुमत से सरकार बनाई। बाद में पंजाब में भी प्रचंड बहुमत से सरकार बन गई। इसके बाद गुजरात में इनके गढ़ में जाकर 14 फीसद वोट के साथ 5 विधायक लेकर आए। उन्हें पूरा विश्वास है कि गुजरात में अगली सरकार आम आदमी पार्टी की बनेगी।

सार्वजनिक परिवहन मुहैया कराए बिना प्रदूषण पर काबू नहीं : बिधूड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने जोर देकर कहा है कि जब तक केजरीवाल सरकार लोगों को सार्वजनिक परिवहन का सुलभ विकल्प नहीं देगी, तब तक दिल्ली में प्रदूषण की समस्या पर काबू पाना असंभव है।

उन्होंने टास्क फोर्स के गठन का स्वागत किया है लेकिन कहा है कि इसका गठन बहुत देरी से किया गया है। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार केवल प्रतिबंध और बंदिशें लगाकर प्रदूषण पर काबू नहीं पा सकती। इसकी बजाय लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट का विकल्प उपलब्ध कराना ही होगा। टास्क फोर्स को जो काम दिए गए हैं। उनमें ग्रैप-4 के अंतर्गत प्रतिबंधित गाड़ियों को चलने से रोकने का भी प्रमुख काम है। सरकार के इस प्रतिबंध के कारण 3 लाख से अधिक गाड़ियां सड़कों से हटाने का आदेश है लेकिन सवाल यह है कि जिन लोगों को गाड़ियां सड़क पर लाने से रोका गया है।

पूर्वांचलवासियों पर जल और वायु प्रदूषण की मार पड़ रही : लवली

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि नहाए-खाय पर झाग के पानी में नहाने को मजबूर व्रती छठ महापर्व पर यमुना में जहरीला झाग और बढ़ता एक्यूआई से पूर्वांचलवासियों पर जल और वायु प्रदूषण की दोहरी मार पड़ रही है। दिल्ली सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए झाग खत्म करने के लिए कभी जहरीले केमिकल का छिड़काव करके यमुना को और दूषित कर रही है जिससे व्रत रखने वालो को संक्रामक बीमारी होने की आशंका है।

धूमधाम से छठ महापर्व का आयोजन करेगी सरकार

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार हर साल की तरह इस साल भी भव्यता के साथ छठ महापर्व का आयोजन करेगी। इस श्रृंखला में तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए राजस्व मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आईटीओ स्थित छठ घाट का दौरा किया और वहाँ चल रही तैयारियों का जायजा लिया।

आतिशी ने कहा कि छठ सभी पूर्वांचली भाई-बहनों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। ऐसे में पिछले 8 साल से केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्लीभर में भव्य तरीके से छठ महापर्व का आयोजन किया जाता है। इस साल पूरी सरकार द्वारा 1000 से ज्यादा घाट तैयार किए गए है ताकि किसी भी व्यक्ति को छठ का त्यौहार मनाने के लिए अपने घर से दूर नहीं जाना पड़े। इस घाटों पर तालाब बनाने से लेकर यहाँ टेंट, लाइट्स, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि सभी चीजों का इंतजाम सरकार द्वारा किया जा रहा है। घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। पूर्वांचली खुशी, सुकून और उल्लास के साथ आस्था के महापर्व छठ को मना सके।

तकनीकी शिक्षा ले रह छात्रों के लिए नौकरी पाना होगा आसान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने आईआईटी मद्रास, आईआईएम बेंगलुरु और एनआईटीटीटीआर के साथ किया समझौता

देशभर के संस्थानों में तकनीकी शिक्षा ले रह छात्र-छात्राओं के लिए नौकरी पाना अब और आसान हो जाएगा।

इसके लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने हैदराबाद के यूथ फॉर जॉब्स फाउंडेशन, अमेजन डेवलपमेंट सेंटर प्राइवेट लिमिटेड, नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एन्हांस्ड लर्निंग, आईआईटी मद्रास, आईआईएम बेंगलुरु और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग रिसर्च चेन्नई के साथ समझौता किया है। एआईसीटीई मुख्यालय में सभी हितधारकों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष टीजी सीताराम ने कहा कि इस पहल से इंजीनियरिंग की छात्राओं को अपने करियर में काफी लाभ मिलेगा। एआईसीटीई स्वीकृत कॉलेजों में छात्राओं की संख्या काफी अच्छी है। इनमें दाखिला लेने वालों में 35 से 40 प्रतिशत छात्राएँ हैं। एआईसीटीई की यह पहल नेशनल एजुकेशन पॉलिसी की भावना के भी अनुरूप है।

पहले छात्रों के सामने स्पेशलाइजेशन के सीमित विकल्प होते थे लेकिन आज उनके पास स्पेशलाइजेशन और उस क्षेत्र में रोजगार के असीमित विकल्प खुल गये हैं। इसीलिए अब शिक्षकों की भूमिका में भी बड़े बदलाव हुए हैं। इसलिए एनपीटीईएल और एनआईटीटीटीआर के साथ मिलकर शिक्षकों के लिए भी विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाए जाएंगे ताकि वे इंजीनीयरिंग के छात्रों को भविष्य की जरूरतों और चुनौतियों के अनुसार शिक्षा दे सकें। रोजगार के लिए एआईसीटीई ने गूगल, मेटा और आईबीएम समेत सैकड़ों बड़ी कंपनियों के साथ समझौता किया है।

हेड कांस्टेबल पर हमला करने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने अपने एक हेड कांस्टेबल पर गोली चलाने के आरोप में हरियाणा के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक यह घटना बुधवार को सोनीपत के अशोक नगर इलाके में हुई थी।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने कहा, सोनीपत पुलिस को 15 नवंबर को दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल परवीन पर गोलीबारी की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। परवीन को गंभीर चोटें आईं थीं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इस घटना के मद्देनजर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एक टीम को मामले की जांच करने का काम सौंपा गया था। विशेष पुलिस आयुक्त के मुताबिक निगरानी के जरिए मिली खुफिया जानकारी के आधार पर टीम ने पानीपत के समालखा के पास जाल बिछाया और सोनीपत के सुशील और शीलक राम को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने गोलीबारी की इस घटना में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुशील और शीलक राम के एक करीबी सहयोगी राजेश नैन की परवीन से निजी दुश्मनी थी।

एक और डॉक्टर का नाम सामने आया

● सर्जरी घोटाला: अस्पताल में तलाशी के दौरान मिली प्रतिबंधित दवाइयां

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ग्रेटर कैलाश के एक क्लीनिक में हुए सर्जरी घोटाले में फरीदाबाद के एक अन्य डॉक्टर की संलिप्तता की संभावना का पता लगा रही है।

इस क्लीनिक में दो मरीजों की सर्जरी में कथित संलिप्तता को लेकर मंगलवार को दो डॉक्टरों और दो फर्जी डॉक्टरों को गिरफ्तार किया गया था। इन दोनों मरीजों की मौत हो गई थी। बृहस्पतिवार को गिरफ्तार आरोपियों अग्रवाल मेडिकल सेंटर चलाने वाले नीरज अग्रवाल और जसप्रीत सिंह (दोनों एमबीबीएस डॉक्टर), अग्रवाल की पत्नी पूजा और पूर्व प्रयोगशाला तकनीशियन महेंद्र सिंह को फिर से एक अदालत में पेश किया गया था जिसने उन्हें पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस मामले की जांच के दौरान यह सामने आया कि इस क्लीनिक में की गई विभिन्न सर्जरी में फरीदाबाद के एक अन्य डॉक्टर के नाम का भी इस्तेमाल किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, यदि फरीदाबाद का यह डॉक्टर इस रैकेट में संलिप्त पाया जाता है तो हम उस पर भी मामला दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस कुछ अन्य लोगों की संभावित भूमिका की भी जांच कर रही है जो आरोपियों के संपर्क में थे। ये सर्जरी पित्ताशय की थैली से पथरी निकालने तथा सीजेरियन (ऑपरेशन द्वारा) प्रसव के लिए की जाती थीं। पुलिस ने बताया था कि अग्रवाल सर्जरी करने में अपनी पत्नी तथा पूर्व प्रयोगशाला तकनीशियन महेंद्र सिंह समेत अयोग्य लोगों की मदद लेता था।

प्लेयर और परफॉर्मर के लिए अब है उपयुक्त समय : प्रो योगेश

12 छात्रों को पीएचडी, 235 को स्नातकोत्तर और 140 विद्यार्थियों को स्नातक डिग्रियां प्रदान की गई

एसपीए का दीक्षांत समारोह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के निदेशक प्रो. योगेश सिंह ने छात्रों को उनके भावी जीवन में सफलता के लिए प्रेरणा देते हुए कहा कि समर्पण और कड़ी मेहनत ही सफलता को तय करेंगे। देश तेजी से तरक्की कर रहा है।

अब प्लेयर और परफॉर्मर के लिए उपयुक्त समय है। भारत परफॉर्मरों का देश है। छात्रों को भी अपना अधिकाधिक योगदान राष्ट्र की प्रगति में देना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुरोध किया वे दूसरों को रोजगार देने वाले बनें।

प्रो. योगेश ने यह बात एसपीए के 41वें दीक्षांत समारोह में कही। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर की वार्षिक रिपोर्ट भी पेश की। प्रो. सिंह ने कहा कि स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर ने भारत के आर्किटेक्चर कॉलेजों के बीच रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है। शिक्षा मंत्रालय के नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क के अनुसार यह संस्थान 5वीं रैंक पर है और अधिक बेहतरी के लिए विभिन्न कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि एसपीए, नई दिल्ली भारत में अत्याधुनिक वास्तुकला, योजना और डिजाइन शिक्षा के साथ-साथ अनुसंधान क्षेत्र में सराहनीय सुविधाएं प्रदान करता है।

दीक्षांत समारोह में छात्र को डिग्री प्रदान करते प्रोफेसर योगेश कुमार।

एसपीए को भारत सरकार द्वारा स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर अधिनियम 2014 के तहत राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया गया है।

समारोह के दौरान एसपीए के 12 छात्रों को पीएचडी, 235 को स्नातकोत्तर और 140 विद्यार्थियों को स्नातक डिग्रियां भी प्रदान की गई। इस अवसर पर भारत के जी-20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत मुख्य अतिथि और वास्तुकला परिषद के अध्यक्ष प्रो एआर अभय विनायक पुरोहित विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता एसपीए के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रो हबीब खान ने की।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए. / GM(P) / 2023 / 838 दिनांक : 16/11/2023

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार / राज्य सरकार / केन्द्र शासित / अर्द्धशासिक / सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों / फर्मों से ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। ई-प्रीक्योरमेंटसोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी।

कार्यालय आदेश संख्या : वाई.ई.ए. / GM(P) / 2023 / 837 दिनांक 16.11.2023 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी0ओ0क्यू0) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी / परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ0डी0आर0 / सी0डी0आर0 / बैंक गारन्टी / एन0एस0सी0 के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

क्रम सं.	कार्य का नाम / वर्क सर्किल	अनुमानित लागत
1	Drone Survey work in Villages of yeida. (Zone-5 & 6) Wc-06	रु. 14.86 लाख
2	Drone Survey work in Villages of yeida. (Zone-7) Wc-06	रु. 12.36 लाख
3	Drone Survey work in Villages of yeida. (Zone-9) Wc-06	रु. 04.93 लाख
4	Drone Survey work in 15 Villages of yeida. Wc-06	रु. 10.41 लाख
5	Drone Survey work in Villages of yeida. (Zone-3) Wc-06	रु. 09.38 लाख
6	Drone Survey work in Zone-8 Villages of yeida. Wc-06	रु. 06.85 लाख
7	Drone Survey work in Villages of yeida. (Zone-4) Wc-06	रु. 10.58 लाख

जिन्हें दिनांक 22.11.2023 से 04.12.2023 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 05.12.2023 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

महाप्रबंधक परियोजना

गुरुग्राम को जल्द मिलेगी चंडीगढ़ तक के लिए वंदे भारत ट्रेन: डॉ. डीपी गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

रेल यात्रियों की सुविधा के लिए सदैव सक्रिय रहते हुए स्थानीय अधिकारियों से लेकर रेल मंत्रालय के अधिकारियों, रेल मंत्री तक सुझाव पहुंचाने वाले रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. डीपी गोयल के प्रयासों से अब गुरुग्राम से चंडीगढ़ (अजमेर-दिल्ली वंदे भारत) तक वंदे भारत रेल सेवा की भी शुरुआत होने जा रही है। जल्द ही इस ट्रेन की समय सारिणी जारी होगी।

डॉ. डीपी गोयल ने इस नेक कार्य के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह, भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड व केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्या डॉ. सुधा यादव का भी आभार जताया है।

रेलवे सलाहकार समिति सदस्य के रूप में उठाई थी इस ट्रेन की मांग

सब मिलकर गुरुग्राम में करेंगे चंडीगढ़ जाने वाली वंदे भारत ट्रेन का स्वागत

डॉ. डीपी गोयल।

नवीन गोयल।

सभी के प्रयासों से यह रेल सेवा मिलना संभव हुआ है, जोकि ऐतिहासिक कार्य है। डॉ. डीपी गोयल ने कहा कि रेलवे के सीपीटीएम समीर कुमार राय की ओर से इस ट्रेन के संचालन की जानकारी दी गई है। यह गुरुग्राम, रेवाड़ी के लिए खुशी की बात है। गुरुग्राम से चंडीगढ़ तक ट्रेन संचालन की मांग बहुत लंबे समय से वे कर रहे थे। यात्रियों से मिलने वाली फीडबैक को रेल मंत्रालय तक पहुंचाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि तीन राज्य राजस्थान, हरियाणा व पंजाब इस ट्रेन के संचालन से कनेक्ट हो जाएंगे। ट्रेन का चंडीगढ़ तक जाना पंजाब से भी कनेक्टिविटी मानी जाएगी। डा. डीपी गोयल ने कहा कि शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर ने यह विचार सांझा किया था। रेल यात्रियों से भी इस विषय पर विस्तृत बातचीत हुई। इसकी रिपोर्ट तैयार की गई।

आर्थिक राजधानी गुरुग्राम की लाइफ लाइन बनेगी ट्रेन: नवीन गोयल

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम से चंडीगढ़ के लिए रोजाना अधिकारी, कर्मचारी, नेता, कार्यकर्ता आते-जाते हैं। अभी तक यहां से सीधे चंडीगढ़ के लिए ट्रेन का संचालन नहीं होने के कारण समय बहुत लगता है। अब वंदे भारत ट्रेन का संचालन होने से इन सभी को काफी लाभ होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जिस दिन यह ट्रेन चंडीगढ़ के लिए जाएगी, हम सबको रेलवे स्टेशन गुरुग्राम पर भव्य स्वागत करना है। गुरुग्राम, रेवाड़ी के दैनिक यात्रियों के लिए यह ट्रेन लाइफ लाइन बनने जा रही है।

बेटियां हमारे प्रदेश का सम्मान उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारा परम दायित्व: भाटिया

गुरुग्राम में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया।

राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने ली जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक

गुरुग्राम। किसी भी जिला में विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए बाहर घूमने जाए तो इसके लिए संबंधित शिक्षण संस्था को जिला शिक्षा अधिकारी से पूर्व अनुमति लेनी चाहिए। स्कूल में छात्राओं के साथ कहीं अभद्र व्यवहार होता है तो शिक्षा अधिकारी ऐसे मामले में आरोपित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने यह बात शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में प्रदेश के जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ जिलों से स्कूल और विश्वविद्यालयों के ऐसे समाचार सामने आए कि उनका आयोग ने तत्काल संज्ञान लिया और अब उनमें कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में लड़कियां सुरक्षित रहे, इसी उद्देश्य से महिला आयोग ने शिक्षा अधिकारियों की आज यह बैठक आयोजित की है। हमारा मकसद केवल अपनी ड्यूटी पूरी करना नहीं बल्कि ड्यूटी के साथ हमें अपने क्षेत्र में सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। इसलिए प्रत्येक शिक्षा अधिकारी पांच बच्चों को चुने, जिन्हें नैतिक शिक्षा दी जाए और उन्हें बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। रेणु भाटिया ने कहा कि शिक्षक वर्ग किशोर आयु के विद्यार्थियों के साथ मित्रवत व्यवहार करें। राष्ट्र को मजबूत बनाना है तो हमें देश के भविष्य अर्थात हमारी युवा पीढ़ी को संवारना होगा। बच्चों को अपने माता-पिता या टीचर के साथ खुलकर अपनी बात रखनी चाहिए अगर जीवन में किसी प्रकार की समस्या भी हो तो उसका भी सही समाधान हो पाए। माता-पिता अपने बच्चों विशेषकर बेटियों को यह विश्वास दिलाए कि हर परिस्थिति में वे उनके साथ हैं। बेटियां हमारे प्रदेश का सम्मान है और उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारा परम दायित्व है। हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र के स्कूलों का समय-समय पर औचक निरीक्षण करें।

निरीक्षण के दौरान स्कूलों में छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं व उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें। साथ ही छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव के बारे में समझाएं। रेणु भाटिया ने बताया कि इसके अलावा विश्वविद्यालयों के कुलपति के साथ शीघ्र एक बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अगले साल हरियाणा महिला आयोग की 25 वीं वर्षगांठ है। आयोग ने अब तक इस साल में 2246 मामलों का निपटारा कर दिया है, इसके अलावा करीब 600 मामले न्यायालयों में विचाराधीन हैं। महिला आयोग लड़कियों के करियर और उनके चरित्र निर्माण की दिशा में निरंतर ठोस प्रयास कर रहा है।

राजस्थान में बनने जा रही है भाजपा सरकार: सुधीर सिंगला

विधायक सुधीर सिंगला ने अलवर शहर विधानसभा में किया चुनाव प्रचार

भाजपा प्रत्याशी संजय शर्मा व रामगढ़ विस में भाजपा प्रत्याशी जय आहुजा के लिए किया प्रचार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला राजस्थान चुनाव में प्रचार के लिए पहुंचे। उन्होंने अलवर साउथ की अलवर शहर विधानसभा व रामगढ़ विधानसभा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करके एक मजबूत सरकार का गठन करें। इस दौरान बुलंदशहर के सांसद भोला सिंह भी मौजूद रहे।

राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक सुधीर सिंगला ने चुनाव प्रचार में अलवर साउथ की अलवर शहर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी विधायक संजय शर्मा व रामगढ़ विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी जय आहूजा के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। विधायक ने अलवर के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता के साथ विस्तृत बैठक की। सभी विधानसभाओं में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए चर्चा की। सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व लोगों का उत्साह और जोश भाजपा की बड़ी जीत सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने राजस्थान में जनहित की योजनाओं के नाम पर प्रदेश की जनता को ठगा है। अब प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। चुनाव प्रचार से पहले भी वे राजस्थान आए थे। उस दौरान लोगों से व्यक्तिगत तौर भी बातें हुई। फीडबैक के बाद निष्कर्ष निकला कि राजस्थान की सरकार से लोगों का विश्वास उठ चुका है।

चुनाव प्रचार के दौरान विधायक सुधीर सिंगला के साथ मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, दिल्ली प्रदेश ओबीसी मोर्चा से मुकेश तंवर, धर्मवीर, अशोक यादव, गणपत राठौर, विस्तारक सियाराम, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर खंडेलवाल, जिला महामंत्री महा सिंह चौधरी, गोवर्धन सिसोडिया, जिला महामंत्री, सीताराम किराद जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा, दिनेश चौहान महामंत्री एससी मोर्चा, रमेश जाटव जिला उपाध्यक्ष, एससी मोर्चा रमेश वाल्मीकि, परशुराम, इंदरजीत सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, दयानंद शर्मा पूर्व महामंत्री, दारा सिंह, धर्मचंद नापा, रोहतास जांगिड़, कार्यालय प्रभारी अभिलेख, कपिल अग्रवाल व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मेवात में धर्मांतरण और दलित समाज के पलायन का रचा जा रहा षडयंत्र: कुमार

गुरुग्राम। नूंह में कुआं पूजन के लिए जा रही महिलाओं पर पत्थरबाजी को लेकर शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष पूर्व जज पवन कुमार ने मौलवियों और शरारती तत्वों के खिलाफ हरियाणा सरकार से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

उन्होंने यहां पत्रकारवार्ता में कहा कि नूंह में हिंदू समाज की धार्मिक परम्पराओं और यात्राओं तथा आयोजनों पर लगातार हमले हो रहे हैं, क्षेत्र में धर्मांतरण का माहौल बनाया जा रहा है। नाबालिग बच्चों का जेहादी हथियार बनाकर इस्तेमाल किया जा रहा है। पूर्व जज पवन कुमार ने कहा कि मेवात में अब तक लगभग 20 दलित परिवार पलायन कर चुके हैं। उन्होंने हरियाणा सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस घटना पर सरकार तुरंत एक्शन लेते हुए कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि जिन मदरसों का सरकार से पंजीकरण नहीं है उनकों तुरंत प्रभाव से बंद कराया जाए। पवन कुमार ने कहा कि शरारती तत्व हिंदु समाज के खिलाफ वैमनस्य और द्वेषपूर्ण होकर पत्थरबाजी और आतंक का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व जज ने कहा कि 16 नवंबर को मुस्लिम समुदाय के बच्चों द्वारा पंडु राम चौक, अग्रवाल चौक, मेन बाजार में दलित हिंदू समाज की महिलाओं पर थूका और पत्थरबाजी की। उन्होंने कहा कि मेवात में लगातार हो रहे हमलों से लगता है कि यहां सुनियोजित तरीकों से हिंदूओं के पलायन का षडयंत्र रचा जा रहा है। पूर्व जज ने कहा कि 31 जुलाई 2023 को भी जलाभिषेक करने आए यात्रियों पर जेहादियों द्वारा हमला किया गया था। उन्होंने कहा कि मौलवी बच्चों को नादान बताकर उन्हें बचाने और मासूम बताने का नाटक कर रहे हैं। बता दें कि नूंह में कुआं पूजन के दौरान हुई पत्थरबाजी के बाद पुलिस अलर्ट है। नूंह के एसपी नरेंद्र सिंह बिजारनिया ने खुद कमान संभाली हुई है। पुलिस ने तीन नाबालिग लड़कों को राउंडअप भी किया है।

गुरुग्राम में खाटू श्याम के भजनों से गूंजी मिलेनियम सिटी, पहुंचे हजारों श्रद्धालु

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में श्याम परिवार की ओर से गुरुवार की रात को भव्यता से श्याम संकीर्तन महोत्सव किया गया। सेक्टर-29 स्थित हुडा जिमखाना क्लब में आयोजित इस महोत्सव में मशहूर भजन गायक कन्हैया मित्तल समेत कई कलाकारों ने श्याम बाबा का गुणगान किया। बाबा का भव्य दरबार यहां सजाया गया। बाबा का श्रृंगार कलकत्ता से मंगाए गए फूलों से किया गया। आकर्षक बाबा का शीश और रंग-बिरंगे फूलों से श्रृंगार इसकी भव्यता को और बढ़ा रहा था।

श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के संयोजक एवं भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि महोत्सव में शनिधाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर परमहंस दाती जी महाराज समेत कई साधु-संतों ने शिरकत करके आशीर्वाद दिया। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार जी, पवन जिंदल जी, प्रताप जी, गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने सपरिवार, पलवल के विधायक दीपक मंगला, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की पुत्रवधू नीरा शास्त्री, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का परिवार, बदरवाल ग्रुप के चेयरमैन सुशील भारद्वाज ने बतौर अतिथि महोत्सव में पहुंचकर हौंसला बढ़ाया। अमित गोयल ने श्याम परिवार की ओर से महोत्सव को सफल बनाने वाले सभी साथियों का आभार जताया। साथ ही महोत्सव में पहुंचे श्रद्धालुओं का भी धन्यवाद किया। श्याम संकीर्तन महोत्सव में हजारों की संख्या में नए, पुराने गुरुग्राम व आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने शिरकत की। शाम 6 बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। महोत्सव में पहुंचे हर श्रद्धालु को तिलक लगाकर व पटका पहनाकर स्वागत, सत्कार किया गया।

गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित हुडा जिमखाना क्लब में आयोजित श्याम संकीर्तन महोत्सव में सजा बाबा का दरबार, भजनों का आनंद लेते श्रद्धालु।

पर्यावरण की रक्षा के लिए भारत में हों बिजली के शव दाह गृह: आनंदमूर्ति गुरुमां

कथा के साथ भजनों का भी कराया रसपान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

आनंदमूर्ति गुरुमां ने कहा कि हमारे देश में हर शहर में बिजली के शव दाह गृह होने चाहिए। क्योंकि हर पार्थिव शरीर का एक पेड़ को मारकर जाता है। एक पेड़ उसकी अंत्येष्टि में लगता है। अगर ऐसा ही होता रहा तो पर्यावरण का संकट पैदा होगा। गुरुमां ने सरकारों से आह्वान किया कि इस पर गौर करके हर शमशान घाट में बिजली के शव दाह ग्रह बनाए जाएं। भारत को इसकी अति आवश्यकता है। अगर पर्यावरण को बचाना है तो इस विषय पर गंभीरता दिखाकर काम करना होगा।

शंकर शम्भू नम: शिवाय-शंकर शम्भू नम: शिवाय भजन के साथ गुरुमां ने दूसरे दिन की कथा का शुभारंभ किया। इस भजन के साथ गुरूमां ने श्रद्धालुओं को भी सुर लगवाया। मंच संचालन करते हुए आनंदमूर्ति गुरुमां आश्रम के ट्रस्टी बोधराज सीकरी ने कहा कि जिसमें सब्र है, वही शबरी हो जाता है। गुरूमां ने आगे कहा कि लकड़ी से जलाए जाने वाले या बिजली से जलाए जाने वालों के स्वर्ग, नरक में जाने की बात मिथ्या है। हम अपने मोक्ष की अगर फिक्र करते हैं तो जीते जी ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति करें। जीते जी जानें की परमात्मा क्या है। ऐसा करने पर ना स्वर्ग का मोह होगा ना नरक की चिंता होगी। हम मरने के बाद वाली मुक्ति पर विश्वास नहीं करते। जीते जी अनुभव करना चाहिए।

गुरुमां ने कहा कि गुण 3 होते हैं- सतोगुण, रजोगुण व तमोगण। इन्हीं से शरीर, सृष्टि की संरचना होती है। सृष्टा, सृष्टि अलग होती है। इस तरह से ईश्वर और सृष्टि को हम नहीं देख सकते। ईश्चर को कोई सचखंड, कोई जन्नत, कोई सात आसमान पार रहने को कहता है। वो खुदा ही क्या जो खुद बंदे से दूर रहे। वो परमात्मा ही क्या जो इंसान से दूर रहे। भारत के ऋषियों की सोच बड़ी विलक्षण है। आनंदमूर्ति गुरुमां ने कहा कि भारत में जब लक्ष्मी यानी धन की चाह से कोई पूजा करना चाहे तो वह लक्ष्मी जी की पूजा करता है। जब शक्ति चाहे तो वह मां दुर्गा की, जब ज्ञान चाहिए तो मां सरस्वती की पूजा करता है। अक्ल, शक्ल, धन, यश, विजयश्री देवियों के पास है। फिर भी कोई कहे कि स्त्री ज्ञानी नहीं हो सकती, इससे बड़ी मुर्खता नहीं हो सकती। इससे पूर्व दूसरे दिन की कथा में भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, डा. फलप्रीत सिंह आईएएस, प्रदीप सिंह मलिक आईएएस, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख नवीन गोयल, मनीष गाड़ौली महामंत्री, महेश यादव महामंत्री, ज्योति उपाध्यक्ष भाजपा, डा. अलका शर्मा ज्योतिषाचार्य, ज्योत्सना बजाज, सुरेंद्र खुल्लर प्रधान, देवराज आहुजा, रामलाल ग्रोवर समेत अनेक साधक मौजूद रहे।

गुरुग्राम में दूसरे दिन कथा करतीं आनंदमूर्ति गुरुमां।

पुलिस ने सट्टा खाने वाले को किया गिरफ्तार

सोहना। सेक्टर-17 गुरुग्राम अपराध शाखा में तैनात हवलदार ने सोहना अनाज मंडी में युवक को सरेआम सट्टा खाई करते हुए गिरफ्तार किया है। जिसके पास से तलाशी के दौरान 2530 रुपये बरामद किए हैं। अपराध शाखा सेक्टर 17 गुरुग्राम में तैनात हवलदार नरेंद्र गुरुवार अनाज मंडी सोहना में गश्त कर रहा था। गश्त के दौरान हवलदार नरेंद्र को सूचना मिली कि वाटर सप्लाई चौक सोहना निवासी दीपक सट्टा खाई का काम करता है।

इस मामले में पहले भी कई बार पकड़ा गया है। आज वह अनाज मंडी में सट्टा खाई करते हुए लोगों के पैसे लगवा रहा है। हवलदार ने मौके पर पहुंच दीपक को दबोच लिया। जिसकी मौके पर ही तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान सट्टा के अलग-अलग नंबरो पर लगी 2530 रुपये की राशि बरामद की। जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

तावडू मार्ग पर बने गड्ढे दे रहे हैं जान लेवा हादसों को न्यौता

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर तावडू जाने वाले मार्ग पर बनें गड्ढों को छह माह में भरा नहीं गया है। उक्त गड्ढे जान लेवा हादसों को न्यौता दे रहे है। प्लवल-रेवाड़ी राष्टीय मार्ग 919 के अधीन आने वाला शहर का अंबेडकर बाईपास चौक से तावडू जाने वाले मार्ग पर करीब एक साल गड्ढे बन रहे हैं। इन गड्ढों को लोक निर्माण विभाग द्वारा अधिक गहराई होने पर रोढ़ियां डलवाकर भरवा दिए जाता है। लेकिन गड्ढों की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जबकि इन गड्ढों वाले स्थान पर विधायक संजय सिह ने नारियल फोड़ते हुए निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था।

15 से 20 फुट की दूरी में बने गड्ढे ही छोटे तो क्या भारी वाहनों को भी हिला देते हैं। बोझा लेकर जाने वाले वाहनों में गड्ढों को पार करने के दौरान नुकसान होता रहता है। ऐसे में भारी वाहन पलट ने का पूरा-पूरा खतरा बना रहता है। इस मार्ग से 24 घंटा में 1200 से 1500 छोटें व बड़े वाहन आते जाते है।

छोटे वाहन चालक हो रहे चोटिल : बाईपास चौक पर बने गड्ढों में से निकलते समय बाइक, स्कूटी और ई-रिक्सा कई बार पटल गए हैं। जिससे बाइक-स्कूटी सवार और ई-रिक्सा चालक समेत उसमें बैठें यात्री गिरने से चोटिल हुए हैं। रात के अंधेरे में तो यें गड्ढे पास आने पर ही नजर आते हैं। जिससे अचानक से वाहन के लगाए जाने वाले ब्रेक से संतुलन बिगड़ जाता है।

पूरे दिन उड़ती है धूल : सड़क में बनें गड्ढों में वाहनों के आवागमन से पूरा दिन धूल उड़ती रहती है। जिससे सड़क के साथ-साथ बनी दुकानों के रखा खान-पान की वस्तुओं पर धूल चढ़ जाती है। रेहड़ी लगाने वाले सुंदर का कहना है कि गड्ढों में पड़ी रोढ़ी कई बार वाहन के टायर से उछलकर गोली की तरफ से दूर जाती है। गति बंदूक से निकलने वाली गोली से भी अधिक खतरनाक होती है।

> **सड़क** पर निर्माण और पेचवर्क का कार्य चल रहा है। बहुत ही जल्द मार्ग पर बने गड्ढों को भरा जाएगा।
>
> **(अजीत सिंह-एसडीओ लोनिवि.)**

सोहना के अंबेडकर बाईपास चौक से तावडू जाने वाले मार्ग बने गड्ढे।

दीर्घकालिक धन सृजन के लिए करें शेयर बाजार का उपयोग

नेशनल स्टॉक में मुहूर्त ट्रेडिंग, हमारी साझा वित्तीय आकांक्षाओं का प्रमाण

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

निवेशकों को यदि एक बार बुरा अनुभव होता है तो वे दोबारा शेयर बाज़ार में प्रवेश नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में एनएसई की सलाह है कि निवेशक केवल पंजीकृत मध्यस्थों के साथ सौदा करें और गैर-विनियमित उत्पादों में सौदा करने से बचें।

आशीष कुमार चौहान, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के अनुसार शेयर बाज़ार का उपयोग दीर्घकालिक धन सृजन के लिए किया जाना चाहिए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में मुहूर्त ट्रेडिंग, हमारी साझा वित्तीय आकांक्षाओं का प्रमाण है। दीपावली की खुशियों के बीच हम सावधानीपूर्वक विकल्प चुनने और रणनीतिक निवेश का सफर शुरू करते हैं। इस शुभ समय के दौरान किया गया हर सौदा निवेशकों के बीच वृद्धि और एकता की भावना का प्रतीक होता है।

आशीष कुमार चौहान की सलाह अनुसार खुदरा निवेशकों को डेरिवेटिव में ट्रेड करने से बचना चाहिए। दीर्घकालिक निवेशक बनना न केवल निवेशक के हित में है बल्कि यह भारत की विकास गाथा में भाग लेने का सबसे अच्छा तरीका है। आपके सौदे आपकी उम्मीदों के अनुकूल हों, निवेश लाभदायक हों और आपको समृद्धि और वित्तीय सफलता की ओर ले जाएं। प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी ने निवेशकों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, यहां हर सौदा एक मज़बूत, समृद्ध भविष्य के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।

कैप्सी की 18वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस का आयोजन 24-25 नवंबर को गांधीनगर, गुजरात में किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश में सिक्योरिटी प्रोफेशनल्स की एपेक्स बॉडी, सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री (कैप्सी) की 18वीं वार्षिक सिक्योरिटी लीडरशिप समिट 24-25 नवंबर, 2023 को गांधीनगरए गुजरात में आयोजित होने जा रही है, जिसकी मेजबानी सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ गुजरात (सैग) द्वारा की जाएगी। यह कॉन्फ्रेंस प्राइवेट सिक्योरिटी के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व कार्यक्रम होगी, जिसमें पूरी दुनिया के सिक्योरिटी विशेषज्ञ, प्रोफेशनल्स, और वैचारिक नेतृत्वकर्ता हिस्सा लेंगे।

सिक्योरिटी लीडरशिप समिट 2023 में लगभग 500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस कॉन्फ्रेंस में बड़े अभियानों का अनावरण किया जाएगा, जो सभी एक नई राष्ट्रीय सुरक्षा संस्कृति का विकास करने पर केंद्रित होंगे। इस कार्यक्रम द्वारा नेतृत्वकर्ताओं और विशेषज्ञों को सुरक्षा के भविष्य को आकार देने के लिए मिलकर काम करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मिलेगा। इस कॉन्फ्रेंस में जनरल (डॉ.) वीके सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री, सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा हर्ष संघवी, गृहमंत्री, गुजरात मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे।

कैप्सी के चेयरमैन कुँवर विक्रम सिंह ने कहा, ''राष्ट्रीय सुरक्षा की संस्कृति विकसित करने के लिए हम एक सहयोगपूर्ण वातावरण का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि इस क्षेत्र में वृद्धि संभव हो। इसकी मदद से हम एक सामूहिक दृष्टिकोण का विकास करेंगे, जो सतर्कता, अनुकूलन क्षमता एवं सहयोग को महत्व दे। इन प्रतिष्ठित लोगों में लेफ्टिनेंट जनरल एबी शिवाने, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (सेवानिवत्त), पूर्व डायरेक्टर-जनरल, मैकेनाइज्ड फोर्सेज, भारतीय सेना; प्रोफेसर (डॉ.) बिमल एन. पटेल, कुलपति, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय करन अडानी, सीईओ, अडानी पोर्ट्स एवं एसईजैड लिमिटेड रूपवंत सिंह आईएएस, कमिश्नर, जियोलॉजी एवं माईनिंग तथा मैनेजिंग डायरेक्टर, जीएमडीसी लिमिटेड; बड़ौदा की महारानी राधिका राजे गायकवाड़; गुजरात विधान सभा सदस्य, प्रकाश वर्मारा; और भगवान शंकर, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, सिक्किम सरकार शामिल हैं। उनकी विस्तृत पृष्ठभूमि और समृद्ध अनुभव का लाभ इस कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को मिलेगा।

यह सिक्योरिटी लीडरशिप समिट विभिन्न विषयों में गहन और विचारणीय वार्ताओं को जन्म देगी। इन वार्ताओं में सुरक्षा उद्योग की गतिशील प्रवृत्ति पर बल दिया जाएगा, और इनमें अनेक महत्वपूर्ण विषयों, जैसे इज़रायल-हमास संघर्ष - सुरक्षा प्रोफेशनल्स और स्ट्राईक कोर कमांडर को इनसे मिलने वाली सीख आदि विषयों को उठाया जाएगा।

हसनपुरमें 24 घंटे बिजली सप्लाई के लिए लगेगा 66 केवी का बड़ा ट्रांसफार्मर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

हसनपुर इलाके के लोगों को बेहतर और कटों से मुक्त बिजली सप्लाई देने के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से 66 केवी का बड़ा ट्रांसफार्मर बिजली विभाग की तरफ से लगाया जाएगा। इसके लगने के बाद गर्मी और सर्दी में क्षेत्र में 24 घंटे बिजली सप्लाई हो सकेगी। बिजली विभाग की तरफ से दिसंबर महीने तक यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

पलवल के हसनपुर कस्बे और आसपास के लगभग 30 गांवों को 24 घंटे बिजली सप्लाई देने के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड की तरफ से एक

क्षेत्र के 30 गांव बिजली कटों से होंगे मुक्त

बड़ा 66 केवी ट्रांसफार्मर लगाने का फैसला किया गया है। इसके लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड की तरफ से अमल किया जा रहा हैं। इसके बाद हसनपुर कस्बा, हसनपुर क्षेत्र के पूरे ग्रामीण क्षेत्र और कृषि क्षेत्र को 24 घंटे बिजली सप्लाई मिल सकेगी।

ट्रांसफार्मर लगने से किसानों को कृषि की सिंचाई, फसलों की कटाई-उठाई आदि कार्यों के लिए भी हर समय बिजली उपलब्ध होगी। किसान अपनी फसलों में

समय पर सिंचाई करेंगे, जिससे किसानों की पैदावार में बढ़ोतरी होगी। वहीं इससे गांवों में भी बिजली सप्लाई बेरोकटोक रहेगी। जिससे वे अपने सभी कार्य समय पर कर सकेंगे। इसके बाद क्षेत्र में लगी औधोगिक इकाइयों में भी बिजली सप्लाई 24 घंटे मिल सकेगी। जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। क्षेत्र के किसान, मजदूर, व्यापारी और औद्योगिक इकाइयों के मालिकों को भी फायदा मिलेगा। जिससे सभी के उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और आय बढ़ेगी। औद्योगिक इकाइयों को जरनेटर का इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा, जिससे उनकी लागत में कमी आएगी।

ट्रांसफार्मर लगने के बाद हसनपुर, जटौली, रामगढ़, गौड़ोता, भिड़ूकी, मर्रोली, लीखी, खांबी, भूपगढ़, खिरबी, भुलवाना, पिंगौड़, शेखसाई, माहौली, भवाना, अच्छेजा, बड़ौली, रसूलपुर, विजयगढ़, दीघोट, मीरपुर कोराली आदि गांवों के लोगों को फायदा होगा।

> **हसनपुर** क्षेत्र में 66 केवी का बडा ट्रांसफार्मर लगने के बाद क्षेत्र के लोगों को बिजली कटों से पूरी तरह से निजात मिल जाएगी। जिससे किसान अपनी फसलों की सिंचाई समय पर कर सकेंगे।
> **-बिजेंद्र सिंह, किसान**
>
> **हसनपुर** क्षेत्र में 66 केवी का बड़ा पावर टांसफार्मर लगने के बाद क्षेत्र के लोगों को बिजली कटों से राहत मिल जाएगी। जिससे सभी का फायदा होगा।
> **-राज सिंह, किसान**
>
> **हसनपुर** क्षेत्र में बेहतर व 24 घंटे बिजली सप्लाई देने के लिए 66 केवी का बड़ा ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। इसके बाद क्षेत्र के करीब 30 गांवों के लोगों को फायदा मिलेगा।
> **-हंसराज, कार्यकारी अभियंता, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम पलवल**

विमुक्त घुमंतु वर्ग के 66 व अन्य वर्गों के 78 लोगों ने उठाया लाभ

कल्याण विभाग ने गांव रसूलपुर के सरकारी स्कूल में लगाया मेला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

विमुक्त घुमंतु एवं सभी वर्गों के जनमानस के कल्याणार्थ विभिन्न गांवों के सरकारी स्कूल में कल्याण विभाग की ओर से निरंतर मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन मेलों में समाज कल्याण, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राजस्व विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्शन, क्रिड विभाग आदि के कर्मी स्टॉल लगाकर जनमानस को सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित भी कर रहे हैं।

इसी कड़ी में गुरुवार को गांव रसूलपुर के सरकारी स्कूल में सभी वर्गों के लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में सभी वर्गों के करीब 78 लोगों ने पहुंचकर लाभ उठाया। सभी जन सामान्य वर्ग के लिए आयोजित किए गए इस मेले में आधार कार्ड के 15, वोट कार्ड के तीन, राशन कार्ड के तीन, फैमिली आइडी में संशोधन के 45, आयुष्मान कार्ड

के पांच, जन्म प्रमाण सत्यापन के पांच, पेंशन सत्यापन के दो आवेदनों पर कार्य किया गया। गत दिवस इसी स्थान पर विमुक्त घुमंतु वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने व उनके सभी प्रकार के दस्तावेजों को पूरा करवाने के उद्देश्य से कल्याण विभाग ने मेला लगाया गया, जिसमें विमुक्त घुमंतु वर्ग के लगभग 66 लोगों ने लाभ उठाया। मेले में आयुष्मान कार्ड के 15, जन्म एवं मृत्यु के चार, फैमिली आइडी में संशोधन के 20, जाति प्रमाणपत्र के एक, आधार कार्ड के 18, नई वोट के छह, राशन कार्ड के दो आवेदनों पर कार्य किया गया। अगला मेला अमरपुर के सरकारी स्कूल में 22 नवंबर को विमुक्त घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु वर्ग के लिए लगाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा अनुसूचित जातियां एवं पिछडे वर्ग कल्याण विभाग और अंत्योदय विभाग द्वारा जिला के विमुक्त घुमंतु वर्ग व सभी वर्गों के नागरिकों को सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही योजना, परियोजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से सुबह 10 बजे से दोपहर बाद चार बजे तक मेलों का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन विमुक्त घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु वर्ग तथा दूसरे दिन उसी स्थान पर सभी वर्गों के लोगों के लिए इन मेलों का आयोजन किया जा रहा है। संबंधित वर्गों के लोग अपनी निर्धारित दिवस के दौरान इन मेलों में आकर लाभान्वित भी हो रहे हैं।

एडीसी साहिल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव अमरपुर के सरकारी स्कूल में 22 नवंबर को विमुक्त घुमंतु वर्ग व 23 नवंबर को सभी वर्ग, अंधोप के सरकारी स्कूल में छह दिसंबर को विमुक्त घुमंतु वर्ग व सात दिसंबर को सभी वर्ग, पुराना जीटी रोड पलवल पर स्थित राजकीय माध्यमिक स्कूल नंबर-चार में आगामी 13 दिसंबर को विमुक्त घुमंतु वर्ग तथा 14 दिसंबर को सभी वर्ग के लोग सरकार की ओर से लगाए जाने वाले इन मेलों में पहुंचकर निश्चित रूप से लाभ उठा सकते हैं।

मजदूरी मांगने पर ठेकेदार ने फोड़ा सिर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

55 वर्षीय बुजुर्ग की एक ठेकेदार ने बुरी तरह से पिटाई कर दी। बुजुर्ग का दोष केवल इतना था कि उसने ठेकेदार से तीन महीने की मेहनत मजदूरी के रुपये मांगे थे। ठेकेदार ने इस पर ईंट तोड़ने वाली बसोली से हमला कर दिया। परिजनों ने उसे घायलावस्था में अस्पताल में दाखिल कराया है। आरोप है कि पुलिस भी इस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही।

बिहार के बेतिया रहने वाले आरस मियां अपनी पत्नी शाहजहां बेगम, तीन बेटियों व एक बेटे के साथ फरीदाबाद में रहता है। वह मेहनत मजदूरी करके परिवार का लालन पालन कर रहा है। बड़ी बेटी अंजुम आरा की शादी हो चुकी है। दूसरी बेटियां व बेटा अभी छोटे हैं। वह बिहार से यहां काम धंधे के लिए आए हुए हैं।

आरस मियां ने बताया कि तीन महीने से ठेकेदार के पास काम कर रहा है। फिलहाल वह फरीदाबाद की भारत कॉलोनी में एक बिल्डिंग में ठेका लेकर काम कर रहा था। इन तीन महीनों में ठेकेदार ने उन्हें केवल 2500 रुपये ही दिए हैं। उसने ठेकेदार

बुजुर्ग ने तीन महीने का मांगा था हिसाब

से मकान के किराए और घर खर्च के लिए रुपए मांगे थे। उसने कहा कि वह उसका तीन महीने का हिसाब कर दे। उसके घर में एक भी रुपया नहीं बचा है।

आरस ने बताया कि हिसाब करने की बात कहने पर ठेकेदार भड़क गया और गाली गलौच करने लगा। झगड़ा सुनकर उनका दामाद भी मौके पर पहुंच गया। इसी दौरान ठेकेदार ने ईंट फोड़ने वाली बसौली उनके सिर में मार दी। बसौली सिर में गहरे तक धंस गई। वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। बाद में उसे परिजनों अस्पताल में दाखिल कराया।

आरस का कहना है कि उसके सिर से खून बह रहा था। वह इसी हालत में पुलिस के पास थाने में गया और मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने मोके पर कुछ नहीं किया और कहा कि पहले अस्पताल में अपना इलाज कराएं। पुलिस का कोई कर्मी उनके साथ नहीं आया। उसकी हालत गंभीर है। उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

एसडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया नाम रोशन

पलवल। गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय की बीएससी तृतीय वर्ष की तीन छात्रों कोमल कुमकुम एवं शिवानी ने पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक्ट लेवल क्विज कंपटीशन-2023 के लेवल-3, 4 में तृतीय स्थान पाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य प्रतिभा सिंगला ने विजेता छात्राओं एवं रोड सेफ्टी क्लब इंचार्ज डॉक्टर जितेंद्र को बधाई दी एवं सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत रहने व उनका पालन करने का संदेश दिया।

छठ पूजा की तैयारी शुरू, श्रद्धालू कर रहे जमकर खरीदारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

छठ पूजा के लिए फरीदाबाद व पलवल के लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी है। शहर के लिए छठ महोत्सव बड़ा पर्व है। शहर में पूर्वांचल से लगभग पांच-छह लाख से अधिक लोग रहते हैं। महापर्व की पूर्व संध्या पर बाजारों में भीड़भाड़ का माहौल रहा। सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ नगर निगम प्रशासन की ओर से छठ पूजा की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को नहाय-खाय में श्रद्धालुओं ने घरों में अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल और लौकी की सब्जी को प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया।

इसके साथ ही 18 नवंबर को खरना मनाया जाएगा। जिसमें केवल मीठे पकवानों का ही सेवन किया जाता है। श्रद्धालु पूरे दिन अन्न, जल का त्याग कर व्रत धारण करेंगे। रात के समय ही खीर पूड़ी, गुड़ की खीर व दूध से बने पकवान बनाकर अपने पड़ोसी और रिश्तेदारों में बांटने के बाद प्रसाद ग्रहण करेंगे। जबकि 19 नवंबर को संध्या अर्घ्य है। इसी प्रकार 20 नवंबर को छठ पूजा का समापन है, जिसमें उगते सूर्य को अर्घ्य देकर ठेकुआ गन्ना, खीर, हलुआ, छोले आदि का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

वहीं पूर्वांचल जल कल्याण समीति पलवल द्वारा छठ पूजन महोत्सव का आयोजन 19 नवंबर को छठ पूजा घाट, अगवानपुर में आयोजित किया जाएगा। 19 नवंबर को शाम चार बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक मंगला विधायक पलवल दीप प्रज्जवलन करेंगे। सांय पांच बजे डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसी दिन शाम छह बजे भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा सारी रात भजन गीत का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 20 नवंबर को उगते हुए सूर्य को सुबह साढ़े छह बजे अर्घ्य दिया जाएगा। उसके बाद सात बजे सुबह प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। यह जानकारी पूर्वांचल जन कल्याण समिति पलवल के अध्यक्ष विजय पटेल ने दी। इस अवसर पर समिति के

उपप्रधान गणेश मुखिया, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, धार्मिक सलाहकार पशुपतिनाथ मिश्र, रामवृक्ष मुंशी महामंत्री, ब्रजेश शाह महासचिव, दिलीप कुमार उपप्रधान, आनंद कुमार सह सचिव आदि मौजूद थे।

इंसान की जान बचाने के लिए रक्त की हर बूंद कीमती : केएल बंसल

शिविर में 255 यूनिट रक्त किया एकत्रित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पृथला औद्योगिक इलाके के ततारपुर स्थित डी डवलपमेंट इंजीनियरिंग कंपनी में रोटरी क्लब अर्थ फरीदाबाद व डोनर्स क्लब पलवल के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अतुल कृष्ण बंसल की यादगार में इस रक्तदान शिविर का आयोजन अतुल कृष्ण बंसल फाउंडेशन के तहत देशभर में कंपनी की विभिन्न शाखाओं में किया गया। जिसमें 255 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

पृथला फरीदाबाद के ततारपुर कंपनी के प्लांट में सीएमडी केएल बंसल ने कंपनी डायरेक्टर शिखा बंसल, श्रुति बंसल, अश्विका बंसल व विवान बंसल के साथ रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर बंसल ने कहा कि रक्तदान महादान है, इंसान की जान बचाने के लिए रक्त की एक एक बूंद कीमती है, इसलिए हर इंसान को समय समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने शिविर में रक्तदान करने पहुंचे कंपनी प्रबंधक व कर्मचारियों का आभार जताते हुए कहा कि मानवता की सेवा में आपका यह सद्कर्म टूटती सांसों को संबल प्रदान करता है। इस पुनीत कार्य की बदौलत काफी संख्या में लोगों की जिंदगियों को बचाया जा सकता है। मुझे खुशी है कि रक्तदान में सदैव अग्रणी, हमारे क्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान सामाजिक सरोकार का रूप ले चुका है। मेरा आग्रह है कि परिवार में मांगलिक अवसरों व स्मृति पर्वों पर रक्तदान की परंपरा स्थापित करें। उन्होंने बताया कि कंपनी में अतुल कृष्ण बंसल फाउंडेशन के तहत हर वर्ष 16 नवंबर को रक्तदान शिविर लगाकर यह पुनीत कार्य किया जाता है। कंपनी के सीएमडी केएल बंसल ने बताया कि रक्तदान पुनीत कार्य होता है। इस दिन उनके सभी देशभर के प्लांट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें कंपनी प्रबंधक व कर्मचारी वर्ग बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। इससे उनके मन को सुकून मिलता है। कंपनी के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट एम मदान ने बताया कि देशभर के कंपनी के सभी प्लांट में रक्त एकत्रित किया गया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। शिविर में विकास मित्तल व अल्पना मित्तल ने भी सराहनीय भूमिका निभाई।

छोटे ट्रैक्टर की खरीद पर बागवानी विभाग दे रहा 50 प्रतिशत तक अनुदान

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

जिला बागवानी विभाग पलवल द्वारा छोटे किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए छोटे ट्रैक्टर की खरीद पर दो लाख रुपये तक सब्सीडी दी जा रही हैं। किसानों को सब्सीडी देने का एकमात्र उदेश्य किसानों को कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। डेढ़ से दो एकड़ भूमि वाले किसान इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन मिलते ही किसानों को ट्रैक्टर खरीद के लिए यह सबसीडी बागवानी विभाग की तरफ से मंजूर कर ली जाती है।

बागवानी विभाग की तरफ से पलवल, फरीदाबाद के छोटे किसानों को आगे बढ़ाने के लिए छोटे ट्रैक्टरों की खरीद के लिए अनुदान दिया जाता है। ट्रैक्टर पर अनुदान देने का मकसद छोटे किसानों को कृषि और कृषि संबंधित कार्य करने में आगे बढ़ाना है। फसलों की बिजाई, सिंचाई और दूसरे कार्यों के समय बड़े किसान ज्यादा व्यस्त रहते हैं। जिसकी वजह से छोटे किसानों को गुडाई, कटाई, फसलों की बिजाई, सिंचाई व ढुलाई आदि कार्यों के लिए समय पर ट्रैक्टर उपलब्ध नहीं हो पाते थे। छोटे किसान कई बार अपने खेतों की समय पर बिजाई, सिंचाई नहीं कर पाते थे। जिससे वे कृषि कार्यों में पिछड़ जाते थे। छोटे ट्रैक्टर की खरीद पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। साढ़े चार लाख रुपये के ट्रैक्टर खरीद पर दो लाख 25 हजार तक बागवानी विभाग की तरफ से अनुदान दिया जा रहा हैं। किसानों के लिए यह राशि एक लाख 65 हजार से दो लाख रुपये तक भी हो सकती है। पहले आओ व पहले पाओ के आधार पर यह अनुदान किसानों को मिलता है।

> **बागवानी** विभाग की तरफ से छोटे किसानों को फायदा देने के लिए छोटे ट्रैक्टर की खरीद पर एक लाख 65 हजार से दो लाख रुपये तक अनुदान दिया जा रहा है। जररूतमंद किसान इसका फायदा उठा सकते हैं।
> **-अब्दुल रज्जाक, डीएचओ, बागवानी विभाग**

खेत खलिहानों के रास्तों को पक्का करवाने से किसानों को मिलेगा लाभ

विधायक प्रवीण डागर ने विकास कार्य का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

विधायक प्रवीण डागर द्वारा हथीन विधानसभा के भुडेर क्षेत्र के प्रमुख गांवों किशोरपुर, अतरचटा, टहरकी व कलवाका में गांवों से खेतों तक जाने वाले रास्तों को इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा पक्का करवाने के कार्य का नारियल फोडकर शुभारंभ किया। इन रास्तों को पक्का करवाने में लगभग दो करोड़ की लागत आएगी। इससे खेत खलिहानों तक किसान अपनी फसल को आसानी से मंडियों तथा गांव तक ला सकेंगे।

विधायक प्रवीण डागर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव जैंदापुर स्यारोली रोड से गांव किशोरपुर की फिरनी तक के रास्ते को पक्का करवाने में लगभग 21 लाख 50 हजार की लागत आएगी। इसी प्रकार गांव किशोरपुर से गांव अतरचटा तक लगभग 34 लाख, गांव किशोरपुर से महेशपुर स्यारोली रोड तक लगभग 38 लाख 72 हजार तथा गांव टहरकी से दहलाका तक रास्ते को पक्का करवाने में लगभग 60 लाख और गांव कलवाका में लगभग 10 लाख की लागत से रास्तों को इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा पक्का करवाया जाएगा। इनमें मुख्यत: सभी रास्तों के निर्माण किसानों के लिए लाभकारी होंगे।

किसानों को अपनी फसल लाने व ले जाने में निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। गांव किशोरपुर के महेशपुर स्यारोली रोड से जुड़ जाने के बाद गांव किशोरपुर, मंडोरी, महेशपुर, जोहरखेड़ा व मंडकोला के किसान अपने खेतों तक सहज ही अपनी फसल का आवागमन कर सकेंगे। मंडकोला अनाजमंडी व चीनी मिल कांटों तक किसानों को फसल लाने और ले जाने में इन रास्तों का बहुत महत्व है। इसी प्रकार गांव किशोरपुर को अतरचटा के जंगल के रास्ते से जोड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि गांव टहरकी को पड़ोसी गांव दहलाका के खेतों के रास्ते से जोड़ा गया है। टहरकी में भी गेहूं की अनाजमंडी का लाभ उठाने के लिए किसानों को आने-जाने में इन रास्तों का अत्यधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने गांव कलवाका के दोनों रास्तों के निर्माण के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

संक्षिप्त समाचार

किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि का मिलेगा लाभ

पलवल। केंद्र सरकार की किसान हितैषी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अब आयकर दाता किसान भी योजना का लाभ उठा सकेंगे। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार 15वीं किश्त के साथ जिन किसानों की आयकरदाता होने के कारण किस्त रुक गई थी, सरकार उन्हें भी योजना का लाभ देने के लिए किसानों की ई-केवाईसी करवा रही है। कृषि उपनिदेशक डॉ. बाबूलाल ने ऐसे किसानों से अपनी ई-केवाईसी कराकर योजना का लाभ लेने का आह्वान किया है। कृषि उप निदेशक ने बताया कि 16 हजार 200 किसानों ने जिला पलवल में अभी तक अपनी ई-केवाईसी नहीं कराई है। कृषि उप निदेशक ने किसानों से अपनी ई-केवाईसी जल्द से जल्द मोबाइल ऐप/सीएससी अथवा विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से करावाने की अपील की है। विभाग के सभी कर्मचारियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत गांव-गांव जाकर किसानों की ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए गए हैं। किसान अपने गांव से संबंधित कृषि अधिकारी से संपर्क कर अपनी ई-केवाईसी करवा सकते हैं, जिससे किसान को योजना का लाभ प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

तीन तस्करों से लाखों की शराब बरामद

पलवल। वाहन चोर निरोधक दस्ता हथीन प्रभारी निरीक्षक विश्व गौरव की टीम ने लाखों रुपये की अवैध शराब सहित तस्करों को गिरफ्तार किया है। टीम में तैनात हेड कांस्टेबल कर्मवीर ने सूचना के आधार पर रेस्ट हाउस चौक पर नाकाबंदी कर अवैध शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बलेनो में राजस्थान की तरफ से शराब की सप्लाई लेकर हथीन होते हुए उत्तर प्रदेश जाने वाले दो शराब तस्करों को अवैध शराब व गाड़ी सहित काबू किया। गाड़ी की तलाशी में 13 कट्टे में शराब अंग्रेजी की पैकिंग मिली। सभी 13 कट्टों में कुल 1990 कागज पाउच शराब मिली। वहीं दूसरे मामले में कैंप थाना पुलिस में तैनात सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार की टीम ने किठवाडी पुल चौक के साथ एक खोखा से 48 पव्वा देसी शराब मस्ताना बरामद की। वहीं आरोपी पुलिस की भनक पाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाशी जारी है। इसी तरह तीसरे मामले में कैंप थाना पुलिस में तैनात उप निरीक्षक महाबीर की टीम ने थाना क्षेत्र किठवाड़ी चौक नजदीक से 100 पावा देसी शराब मस्ताना शराब सहित गिरफ्तार किया। सभी मामलों में बरामद अवैध शराब को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

51 गांवों में मृदा नमूने लेने का कार्य शुरू

पलवल। कृषि उपनिदेशक डॉ. बाबूलाल ने बताया कि किसानों की आय को दुगना करने में केंद्र सरकार द्वारा किसानों को रसायन तथा उर्वरकों के प्रयोग को आवश्यकतानुसार करने के क्रम में मृदा जांच का कार्य राज्य के अन्य जिलों के साथ किया जा रहा है, जिसमें जिला पलवल के 51 गांवों में 10 हजार 200 मृदा नमूने लेने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी संबंधित गांवों में लगाई गई है। उन्होंने सभी फील्ड स्टाफ को आदेश दिए है कि वे जल्द से जल्द केंद्र सरकार द्वारा प्राप्त 10 हजार 200 मृदा नमूने के लक्ष्य को पूर्ण कर मृदा नमूने संबंधित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में जमा कराना सुनिश्चित करें। यह मृदा नमूने केंद्र सरकार द्वारा आनॅलाइन माध्यम से बनाई गई जीओआई एप द्वारा एकत्र करने हैं। इसलिए सभी कर्मचारी कार्य को प्रभावी ढंग से पूर्ण करते हुए किसानों के हित में चलाई जा रही इस योजना में अपना योगदान देते हुए कार्य संपूर्ण करें, क्योकि किसानों द्वारा फसल बिजाई का कार्य भी किया जा रहा है। मृदा नमूनों की जांच के उपरांत किसानों को मिट्टी की आवश्यकता अनुसार उपयोग के लिए उर्वरक खाद खरीदने में सहायता मिलेगी और उन्हें आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त होगा।

फौजी के परिवार से मारपीट, महिलाओं समेत तीन घायल

पलवल। फौजी के परिवार से मारपीट का मामला सामने आया है। हमले में दो महिलाओं समेत तीन घायल हुए है। विवाद घर के बाहर बच्चों को पटाखे जलाने से रोकने पर शुरू हुआ। हसनपुर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पांच नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। खांबी गांव के रहने वाले अनुज ने पुलिस को बताया कि वह फौज में नौकरी करता है। शाम करीब नौ बजे उनके पड़ोसी नानक, महीपाल, सूरज, चंदर व टेकचंद सहित अन्य लोग उनके घर के सामने आतिशबाजी कर रहे थे। वहीं, उसके पिता डेढ़ साल के बच्चे को खिला रहे थे। पटाखों की आवाज से उसका बच्चा बार-बार डर रहा था। उसके पिता ने उन्हें आतिशबाजी करने से मना किया तो वे हाथापाई करने लगे। आवाज सुनकर वह मौके पर पहुंचा, तो उन्होंने कुल्हाड़ी से उस पर भी हमला कर दिया। उसकी पत्नी और मां बीच बचाव करने आई तो उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया तथा पत्नी को पीटते हुए अपने घर के अंदर खींचकर ले गए। शोर सुनकर गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी धमकी देकर वहां से चले गए।

द्विपक्षीय संबंध

बाइडेन-शी मुलाकात

बाइडेन-शी मुलाकात से अमेरिका और चीन के द्विपक्षीय संबंधों में 'असली प्रगति' की उम्मीद है। गाजा में इज़राइल के हमले के समय अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से अमेरिका में आयोजित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग-एपीईसी सम्मेलन के दौरान अलग से मुलाकात की। सुखद आश्चर्य है कि इस द्विपक्षीय बैठक से अनेक सकारात्मक परिणाम सामने आए और कई चीजों पर सहमति बनी। पिछले साल पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पैलोसी की ताइवान यात्रा के बाद दोनों देशों के संबंध काफी खराब हो गए थे। चीन ने इस यात्रा की 'अनावश्यक उकसावा' तथा 'हस्तक्षेप' बता कर निन्दा की थी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इस नवीनतम बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा हुई या नहीं, पर यूक्रेन संकट व फिलिस्तीनी टकराव दो ऐसे मुद्दे हैं जिनको खारिज नहीं किया जा सकता है। इन मुद्दों पर अमेरिका और चीन का दृष्टिकोण एक दूसरे के एकदम उलट है, पर दोनों नेताओं के बीच नवीनतम बैठक से संवाद का रास्ता खुला है। जो बाइडेन और शी जिनपिंग ने चार घंटे से अधिक समय तक बात की जो एक साल में उनकी आमने-सामने की पहली बैठक है। नेताओं ने काफी समय से लंबित मुद्दों पर चर्चा कर तनावग्रस्त द्विपक्षीय संबंध स्थिर करने के प्रयास किए। एपीईसी सम्मेलन के साथ हुई इस बैठक ने चर्चा का वैश्विक महत्व रेखांकित किया। बैठक की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दोनों देशों की सेनाओं के बीच संपर्क बहाली है। नेताओं ने यह संपर्क बहाल करने की घोषणा की जो अगस्त, 2022 में पैलोसी की ताइवान यात्रा के बाद टूट गया था। इससे सैनिक क्षेत्र में संवाद और समझदारी बढ़ाने की इच्छाशक्ति का संकेत मिलता है।

इस बैइक में ताइवान के संवेदनशील मुद्दे पर भी चर्चा हुई और बाइडेन ने द्वीप के चारों ओर चीन की भारी सैनिक उपस्थिति पर चिन्ता प्रकट की। उन्होंने चीन से खासकर ताइवान की चुनाव प्रक्रिया का सम्मान करने को कहा क्योंकि यहां जनवरी में राष्ट्रपति व संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। दूसरी ओर शी ने चीन के साथ ताइवान के अभिन्न संबंध का उल्लेख करते हुए इस 'स्वशासित' द्वीप को हथियारों की बिक्री बंद करने का अनुरोध किया। इसके साथ ही द्विपक्षीय बैठक की एक और उपलब्धि सैनिक संपर्क बहाल करने की घोषणा है जिसका विस्तार उच्च स्तरीय संवादों से आगे जाता है। इससे मध्यवर्ती स्तर पर भी संबंधों का रास्ता खुलता है जिसमें सैनिक अधिकारियों के बीच संवाद की अनुमति शामिल है। इस प्रकार अमेरिकी प्रशांत बलों के कमांडर और उनके चीनी समकक्ष आपस में बात कर सकते हैं जिससे आपरेशनल व्यवस्थाओं में आसानी होगी। तनाव के वर्तमान संकट से निपटने के संयुक्त प्रयास के रूप में बाइडेन और शी ने 'फेंटानिल' का स्रोत पता लगाने में सहयोग पर समझौता किया। यह अत्यधिक नशीला पदार्थ अमेरिका में नशाखोरी के अनेक मामलों को जन्म देता है। इसके उत्पादन में प्रयोग होने वाले रसायनों की निर्माता कंपनियों पर चीन शिकंजा कसेगा। इससे एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग की बहाली होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन अमेरिकी नागरिकों की स्थिति पर चिन्ता जताई जिनको चीन में गलत तरीके से हिरासत में रखा गया है। बाइडेन ने उनके मानवाधिकारों के महत्व पर जोर दिया। चीन व अमेरिका के शीर्षस्थ नेताओं ने अनेक मुद्दों पर सीधी व स्पष्ट बातचीत की जिससे 'खुलेपन' का नया युग शुरू हो सकता है।

फिलिस्तीन समस्या का समाधान

अरब देशों में एकता के माध्यम से ही फिलिस्तीनी गरिमापूर्ण जीवन प्राप्त कर सकते हैं। फिलिस्तीनियों को समृद्ध अरब देशों की तरह ही जीवन का अधिकार है।

नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

हिंसा और अन्याय की छाया में फिलिस्तीनी जनता को एक बार फिर हृदय-विदारक यथार्थ का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, इज़राइली कार्रवाई को उचित नहीं कहा जा सकता है, पर फिलिस्तीनी जनता को सामूहिक रूप से जिस हमले और विनाश का सामना करना पड़ रहा है उससे बचा जा सकता था। अमूर्त चर्चाओं और दार्शनिक बहसों से उन परिवारों को कोई राहत नहीं मिल सकती है जिनके लोगों का अपहरण और हत्यायें हमास ने की हैं। यदि हमारे बच्चों को ऐसे अन्याय का सामना करना पड़े तो हमारी प्रतिक्रिया क्या होगी? हम न्याय की मांग कैसे करेंगे? खोखले शब्दों और निष्क्रियता का समय बीत गया है। अविवादित रूप से फिलिस्तीनी जनता को शांति और सुरक्षा तथा लगातार हिंसा के खतरे से मुक्त जीवन जीने का अधिकार है। इसके बावजूद हमास की कार्रवाइयों को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। भले ही उसके वित्तपोषण स्रोत व अन्य कारण चाहे जो हों, पर यह समान रूप से निन्दनीय व भ्रमित है।

फिलिस्तीनी संघर्ष पर बहसें लंबे समय से इतिहास में खो गई हैं। इज़राइल का गठन फिलिस्तीनी जनता के प्रति अन्याय है, पर ऐसे दमन व हेराफेरी के कृत्य अभूतपूर्व नहीं हैं। शक्तिशाली लोगों ने पश्चिम एशिया का मानचित्र बार-बार बदला है जिससे अरब लोगों को परिवर्तन और उथलपुथल का सामना करना पड़ा है। अरब-इज़राइली टकराव के पीछे धार्मिक, सांस्कृतिक व नस्ली घृणा की मिली-जुली भावनायें हैं जिनको शताब्दियों की दुश्मनी तथा अनेक विनाशकारी युद्धों ने और गहरा बनाया है। विजेता भले ही अपनी सफलता की डींग हांकते हुए पराजितों का अपमान करते रहे हों, पर युद्ध की अमानवीय विभीषिका लगातार गंभीर होती गई है। लगातार पराजयों के बाद अरब दुनिया भर में मजाक का विषय बन गए और उनकी कमजोर सैनिक क्षमतायें निन्दा का कारण बनीं। निराशा और आहत भवनाओं के कारण कुछ लोगों ने बदला लेने का रास्ता अपनाया तथा उनकी कार्रवाइयों ने आतंकवाद को जन्म दिया जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को और गुस्सा करने का कारण बना।

क्षेत्र में तेल के विशाल भंडार तथा इसके रणनीतिक महत्व के कारण यह विश्व शक्तियों के बीच भू-राजनीतिक शतरंज का ठिकाना बन गया जो विस्फोटक सीमा तक पहुंच गई। दुष्ट आतंकी संगठनों के अस्तित्व, उनके लगातार बदलते जुड़ावों तथा लक्ष्य प्राप्त करने की अडिग प्रतिबद्धता के कारण स्थिति और जटिल हो गई। इससे क्षेत्र बारूद के ढेर पर खड़ा हो गया जो किसी चिनगारी से अंतरराष्ट्रीय टकराव को जन्म दे सकता है। फिलिस्तीन-इज़राइल विवाद पूर्वाग्रहों, बेलगाम महत्वाकांक्षाओं के विनाशक परिणामों तथा राजनीतिक जोड़तोड़ का मिश्रण बन गया है। इस टकराव पर फौरन ध्यान देकर ऐसा समाधान निकालने की जरूरत है जो किसी एक समूह के संकुचित हितों से आगे जाता हो। इसके साथ ही हिंसा और घृणा के बीच समझदारी और सहिष्णुता पर जोर देना जरूरी हो गया है। अचानक उभरा 'अरब वसंत' सालों तक बने रहे असंतोष तथा उत्पीड़क प्रशासन व आर्थिक ठहराव का नतीजा था। इस विद्रोह का संचालन लोकतंत्र के बजाय रोजगार, भोजन व सुरक्षा की मूल आवश्यकताओं द्वारा हो रहा था। अमेरिका व पश्चिमी देशों ने इसका लाभ उठाने का प्रयास किया, पर वे इसका कारण बनने वाले राजनीतिक व आर्थिक मुद्दों को समझ नहीं सके। इस विद्रोह ने पश्चिम एशिया के अनेक क्षेत्रों में खालीपन को जन्म दिया जिसे अतिवादी समूहों और स्वेच्छाचारी सरकारों ने भरा। पश्चिम एशिया में अमेरिका की विदेश नीति इस क्षेत्र में अस्थिरता का प्रमुख कारण है। जिस पर पुन: विचार की गंभीर आवश्यकता है। वर्तमान परिस्थितियों में सवाल यह है कि आज सचमुच महत्वपूर्ण क्या है? यहूदियों से घृणा इज़राइल के खिलाफ एकता का कारण नहीं बन सकती है और अरब एकता समय की आवश्यकता है। इसका अर्थ इज़राइल के सफाए के बजाय दोनों पक्षों के बीच समझौता है।

इज़राइल पर हमला फिलिस्तीनी संघर्ष में कोई योगदान नहीं करेगा। भले ही इज़राइल को सही न ठहराया जा सके, पर वे एकमात्र दोषी नहीं हैं। वे अपनी पुरानी पीढ़ी के लोगों की कार्रवाइयों का खामियाजा भुगत रहे हैं। स्वतंत्रता के लिए फिलिस्तीन का संघर्ष अनेक आंतरिक बाधाओं का शिकार रहा है जिसमें बिखराव, भ्रष्टाचार तथा व्यवस्थागत अनियमिततायें शामिल हैं। इन आयामों ने निसंदेह टकराव की लंबी स्थितियों को और जटिल बनाया है। ये आयाम इज़राइल के रक्षात्मक व पूर्वनियोजित हमलों तथा रणनीतिक कदमों से अधिक व्यापक हैं।

फिलिस्तीनी समूहों के बीच गहरे मतभेदों ने वैचारिक मतभेदों को और गहरा किया है जो व्यक्तिगत दुश्मनी तथा पड़ोसी अरब देशों के हस्तक्षेप से जटिल हुए हैं। इससे फिलिस्तीनी अपना राजनीतिक एजेंडा आगे नहीं बढ़ा सके हैं। फिलिस्तीनी क्षेत्रीय सत्ता संघर्ष में केवल मुहरा बन कर रह गए हैं और आत्मनिर्णय की उनकी महत्वाकांक्षा को रणनीतिक हितों की बलि चढ़ा दिया गया है। इसी प्रकार फिलिस्तीनी संस्थानों के भीतर भ्रष्टाचार ने निराशा व मोहभंग की स्थितियां पैदा की हैं जिससे जनता का विश्वास तथा उनकी वैधता समाप्त हुई है। नस्ली हिंसा व मानवाधिकार उल्लंघनों ने लक्ष्य को नुकसान पहुंचाया है तथा अंतरराष्ट्रीय समर्थन कठिन हो गया है। इन आंतरिक चुनौतियों के साथ ही पड़ोसी अरब देशों के निहित स्वार्थों ने फिलिस्तीनी जनता को एक भूलभुलैया में फंसा दिया है। फिलिस्तीन संकट यूक्रेन से अलग है। फिलिस्तीनी न केवल इज़राइल, बल्कि अपने आंतरिक मतभेदों तथा पुराने औपनिवेशिक खेलों में संलिप्त अरब देशों के कारण पीड़ित हैं। यासिर अराफात ने ठीक ही कहा था कि 'फिलिस्तीनियों का सबसे बड़ा दुश्मन हमारे आंतरिक मतभेद हैं।' इस त्रासदी का कारण केवल इज़राइली कब्जा नहीं, बल्कि उनकी अपनी गलतियां भी हैं। हमास की क्रूरता ने हमलों की नई लहर को जन्म दिया है, लेकिन फिलिस्तीन के जिम्मेदार पक्षों ने इसे अनदेखा कर केवल इज़राइल के खिलाफ घृणा पर ध्यान केन्द्रित किया है। यह गहरे मतभेद जनता को मुक्त करने के बजाय उसे बंधनों में जकड़ते हैं। अमेरिकन नागरिकों समेत दसियों-हजार लोगों का फिलिस्तीनी जनता के पक्ष में सड़कों पर उतरना सचमुच प्रेरणादायक है। लेकिन वियतनाम, ईराक व पश्चिम एशिया के अन्य भागों पर अमेरिकी हमलों के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन होते रहे हैं। लोकप्रिय होने के बावजूद ये प्रदर्शन अमेरिकी विदेश नीति की दिशा बदलने में विफल रहे हैं। क्यूबा व वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका की बर्बर नाकेबंदी जारी रहना इसका प्रमाण है। लेकिन इज़राइल बनने के 70 साल बाद फिलिस्तीन के प्रति पहली बार इतना समर्थन दिखा है। इसका कारण इज़राइल सरकार का भयानक हमला है, हालांकि इसका कारण यहूदियों के नरसंहार के बाद हमास आतंकियों का उस पर किया सबसे भयानक हमला है।

हमास के आतंकी हमले के कुछ ही घंटे के भीतर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू ने गाजा में सैनिक कार्रवाई शुरू कर दी। इसका परिणाम फिलिस्तीन की भूमि और कम होना हो सकता है। वर्तमान टकराव गहरा होने के साथ ही इसके समाधान पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। इस संकट ने पश्चिम को अपनी अंतरराष्ट्रीय विफलताओं तथा यूक्रेन में चल रहे लंबे संघर्ष से जनता का ध्यान हटाने का मौका दिया है। समृद्ध अरब देश विरले ही फिलिस्तीन में निवेश करते हैं। फिलिस्तीनी नेताओं ने एकता के बजाय सत्ता से समझौता किया है और सबसे गरीब लोगों की प्रगति पर ध्यान नहीं दिया है। हालांकि, सामूहिक दंड से समस्या का समाधान नहीं होगा।

इतिहास ने बेलगाम हत्याओं की निरर्थकता सिद्ध की है। इतिहास में कई बार निरपराध लोगों को मरा मान लिया गया, पर वे फिर उभर कर सामने आए। वर्तमान समय में युद्धविराम महत्वपूर्ण है, पर केवल इतने से ही टकराव के घाव नहीं भरेंगे। अरब देशों के बीच एकता कायम होने से ही फिलिस्तीनी गरिमापूर्ण जीवन प्राप्त कर सकते हैं। फिलिस्तीनी जनता को भी समृद्ध अरब देशों की जनता जैसा जीवन चाहिए।

संघर्षों पर केंद्रित भारत-अमेरिका संवाद

अमेरिका-भारत वार्ता में सामान्य कामकाज वाला रवैया, द्विपक्षीय संबंधों के उज्ज्वल भविष्य का संकेत देता है।

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में संपन्न 2+2 वार्ता, द्विपक्षीय संबंधों में गर्मजोशी को रेखांकित करती है जिसे दोनों देशों ने पिछले एक दशक में, द्विदलीय तरीके से सावधानीपूर्वक विकसित किया है। यह कोई संयोग नहीं है कि अमेरिका द्वारा यूरोप और पश्चिम एशिया में कम से कम दो कठिन परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद यह बातचीत हुई, जबकि राष्ट्रपति बिडेन ने इस सप्ताह एपेक शिखर सम्मेलन के मौके पर अपने चीनी समकक्ष से मुलाकात की। इस संवाद ने बिना किसी संदेह के स्थापित किया कि दोनों देशों के लिए आगे की योजना उस भूमिका की दृढ़ता से पुनरावृत्ति है जिसे इंडो-पैसिफिक खिलाड़ियों (चीन के बिना) को अपनाना होगा।

वार्ता के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया, मंत्रियों ने स्वतंत्र, खुले, समावेशी और लचीले इंडो-पैसिफिक के महत्व की पुष्टि की और क्वाड के माध्यम से अपने संवाद और सहयोग को मजबूत करने की अपनी साझा इच्छा को दोहराया। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लोगों की वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत के रूप में क्वाड की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। मंत्री 2024 में भारत द्वारा अगले व्यक्तिगत क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं।

मंत्रियों ने खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और गोलार्धों में लोगों और वस्तुओं की आवाजाही में सुधार के लिए जी22 देशों के चल रहे प्रयासों की सराहना की। मंत्रियों ने यह भी कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा एशिया और यूरोप के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा और दोनों महाद्वीपों में आर्थिक विकास की नई संभावनाओं को

खोलेगा। उन्होंने अफ्रीका में संभावित त्रिपक्षीय सहयोग की खोज करने के उद्देश्य से भारतीय विदेश मंत्रालय और अफ्रीका पर अमेरिकी विदेश विभाग के बीच परामर्श फिर से शुरू होने का स्वागत किया। वे भारतीय विदेश मंत्रालय और अमेरिकी विदेश विभाग के बीच पूर्वी एशिया परामर्श के अगले दौर को शीघ्र आयोजित करने के लिए भी उत्सुक हैं। संवाद ने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में चल रही विभिन्न लड़ाइयों, नाजुक बहुपक्षीय संतुलन को तनावपूर्ण बनाने, कई विकासशील देशों की वित्तीय प्रणालियों को नीचे खींचने, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण में और जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा में बदलाव पर महत्वपूर्ण बातचीत के लिए समय सीमा को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय समर्पित किया। ऐसा लगता है कि यूक्रेन और इज़राइल पर, भारत और अमेरिका एक ही पृष्ठ पर आ गए हैं क्योंकि बयान में कहा गया है, मंत्रियों ने यूक्रेन में युद्ध और इसके दुखद मानवीय परिणामों पर आपसी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था और खाद्य सुरक्षा पर इस युद्ध के बढ़ते प्रभावों को फिर से रेखांकित किया, जिसके परिणाम मुख्य रूप से वैश्विक दक्षिण को प्रभावित कर रहे हैं। दोनों देशों ने यूक्रेन के लोगों को मानवीय सहायता जारी रखने का वचन दिया और यूक्रेन में संघर्ष के बाद पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। इजराइल के खिलाफ भयानक आतंकवादी हमलों का उल्लेख करते हुए, मंत्रियों ने दोहराया कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ इजराइल के साथ खड़े हैं और नागरिकों की सुरक्षा सहित अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने का आह्वान किया।

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने अपने समकक्ष चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की, जिससे अमेरिका-चीन संबंधों में आई खटास को दूर करने की कोशिश की गई। चीन ने भू-राजनीतिक शतरंज की बिसात पर अपना पक्ष चुन लिया है। यह यूक्रेन में रूस की कार्रवाइयों का समर्थन करता है और पश्चिम एशिया में आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है। वह अमेरिका की तरह बाड़ लगाने वालों को अपने खेमे में शामिल होने के लिए मजबूर करना चाहेगा। भारत, अमेरिका की तरह, एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में होने के कारण एक कठिन चुनौती का सामना करता है, जहां उन्हें घरेलू प्रभाव समूहों को नुकसान न पहुंचाते हुए, अपनी विदेश नीति के लक्ष्यों को सावधानीपूर्वक स्पष्ट करना होता है।

दोनों देशों को अगले साल भी कड़ी चुनावी स्थितियों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि मौजूदा संघीय सरकारें फिर से चुनाव कराना चाहती हैं। आशा की किरण यह है कि अमेरिका-भारत वार्ता में सामान्य कामकाज वाला रवैया, द्विपक्षीय संबंधों के उज्ज्वल दिखते भविष्य का संकेत देता है।

आप की बात

महिला प्रतिनिधित्व

देश की आधी आबादी यानी महिलाओं को सभी व्यवस्थाओं, जैसे संसद, विधानसभाओं, सरकारी नौकरियों में उचित प्रतिनिधित्व दिए जाने के प्रयासों का स्वागत होना चाहिए। राजनीतिक दलों को संसद और विधानसभा में महिला प्रत्याशी का चुनाव करते हुए प्रत्याशी के संपूर्ण व्यक्तित्व का आकलन करना चाहिए। टिकट वितरण में उदारता के साथ ही विश्वसनीयता एवं अनुभव को भी महत्व देना जरूरी है। हमें इस संदर्भ में नीतीश कुमार की शब्दावली या महुआ मोइत्रा के प्रकरण से ज्यादा प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था कुछ महिलाओं के गलत तरीके से उदाहरण देकर उनको नीचा दिखाने का प्रयास हमेशा करती रही है। 33 प्रतिशत आरक्षण के बाद महिलाओं को संसद व विधानसभाओं में अपनी नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। लेकिन इसके साथ ही महिलाओं को जीवन के सभी क्षेत्रों, जैसे पुलिस, प्रशासन व न्यायपालिका में भी अधिकाधिक प्रतिनिधित्व का अवसर मिलना चाहिए। महिला प्रतिनिधित्व 33 प्रतिशत से आगे बढ़ते हुए आधी आबादी की तरह कम से कम 50 प्रतिशत तक पहुंचना चाहिए। शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र में तो यह और भी अधिक हो सकता है।

– **वीरेन्द्र कुमार जाटव,** दिल्ली

सुरंग में फंसे श्रमिक

उत्तराखंड में सिलक्यारा-डंडालगांव सुरंग में कई दिनों से 40 श्रमिक फंसे हुए हैं। उन्हें बाहर निकालने के लिए तेजी से बचाव अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन इसमें बार-बार रुकावटें आ रही हैं। बचाव हेतु की जाने वाली ड्रिलिंग को भूस्खलन के चलते इसे बीच में ही रोकना पड़ा क्योंकि जब टनल में गिरो मलबा हटाया जाता है तो और मलबा नीचे गिर जाता है। ड्रिलिंग के लिए नई मशीन वायुसेना के विमानों द्वारा मंगवाई गई और वह काम कर रही है। लेकिन ड्रिलिंग करते समय बीच में ठोस पत्थर आ रहे हैं जिन्हें काटने में ही काफी समय लग रहा है। समस्या यह है कि सुरंग में मजदूरों के फंसने के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं, लेकिन इनसे निपटने के लिए दूरगामी कदमों का अभाव दिख रहा है। हालांकि, विशेषज्ञ इस प्रकरण में सुरंग धंसने के कारणों की जांच करेंगे और उनके नतीजों की प्रतीक्षा करनी चाहिए। लेकिन समय की आवश्यकता है कि भारत में चल रही महत्वाकांक्षी ढांचागत निर्माण परियोजनाओं तथा खासकर सुरंगों में श्रमिकों के फंसने की ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए नियोजन व क्रियान्वयन में समुचित सुधार किया जाए।

– **निधि जैन,** गाजियाबाद

नया कीर्तिमान

विराट कोहली के कीर्तिमान के साथ एक नए दौर की शुरुआत हुई है। क्रिकेट के तथाकथित भगवान का रिकॉर्ड भक्त ने तोड़ दिया है। हालांकि सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट के माध्यम से ड्रेसिंग रूम की पहली मुलाक़ात का जिक्र करते हुए उनको शुभकामना दी है। विराट कोहली को देश विदेश से प्रशंसकों द्वारा अनेक शुभकामनायें प्रेषित की जा रही हैं। भारत की उपलब्धियों तथा क्रिकेट में बढ़ते कदमों को देखते हुए लगता नहीं है कि यह कीर्तिमान लम्बे समय तक बना रहेगा। भारत के अन्य कई खिलाडी रेस में उनके पीछे आ रहे हैं। इससे यही लगता है कि विश्व के लोकप्रिय खेल क्रिकेट में भारतवासी अपना अब तक का सर्वोत्तम प्रदर्शन कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। समस्त देशवासियों की और से विराट की विराट विजय के लिए शुभकामनायें तो हैं ही साथ में एक नयी उम्मीद भी है कि अब भारत पुराने कीर्तिमान को चुनौती देकर आगे बढेगा। सचिन तेंदुलकर भी कह रहे हैं कि खुशी का विषय है कि अपने रिकॉर्ड हम स्वयं तोड़ रहे हैं। क्रिकेट व अन्य खेलों में लगातार मिल रही सफलता से पूरा देश व नौजवान खासकर उत्साहित हैं।

–**मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

राजनीतिक बयानबाजी

कांग्रेसियों को देश की उपलब्धियां ज़रा भी नजर नहीं रही है। राहुल गांधी ने कहा कि देश में सब लोगों के पास मेड इन चाईना फोन होता है। इस नजरिये को मूर्खता ही कहेंगे। प्रधानमंत्री को भी यह तथ्य स्वीकार करना पड़ा और उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी को मूर्खों का सरदार तक कह दिया। वर्तमान चुनावी राजनीति व विपक्षी इंडिया गठबंधन में जारी उठापटक नेताओं के बयानों से स्पष्ट है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को चालू पार्टी तक कह दिया। जब भाजपा पर तंज कस्ते हुए कमलनाथ ने कहा कि उनकी चक्की बहुत बारीक पीसती है तब शिवराजसिंह ने कह दिया कि कमलनाथ ने तो अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ दिग्विजयसिंह को ही पीस डाला। ऐसी बयानबाजी से जनता में सभी राजनेताओं की छवि धूमिल होती जा रही है। विडंबना है कि जनता की मुख्य समस्याओं के समाधान की बात करने के बजाय नेता या तो खैरातों की घोषणायें करते हैं या एक-दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं। जनता परेशान है कि सत्ता में आने के बाद नेता जनता के प्रति आंखें बंद कर लेते हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारेगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

● युवाओं के लिए तैयार नौकरी व रोजगार के 1.10 करोड़ नए अवसर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

39 लाख 52 हजार करोड़ के औद्योगिक निवेश के प्रस्ताव प्राप्त करने के साथ देश-दुनिया में हो रही उत्तर प्रदेश की प्रशंसा के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने की तैयारी तेजी से जारी है। शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ विशेष बैठक कर मुख्यमंत्री ने विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा की और क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत 10-12 फरवरी को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का सफ ल आयोजन हुआ। इस आयोजन में 10 कन्ट्री पार्टनर, 40 देशों के 1000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों, पार्टनर कंट्री के 4 मंत्रीगण, 17 केंद्रीय मंत्रियों, राजदूतों, उच्चायुक्तों और 25000 से अधिक डेलीगेट्स सहित राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया। यह आयोजन हमारी 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं, युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाला है। 16 देशों के 21 नगरों और देश के 10 शहरों में रोड शो सहित प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेशक सम्मेलन के उपरांत तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 39.52 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे 1.10 करोड़ नौकरीध्रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अब उत्तर प्रदेश इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मैन्युफैक्करिंग, ग्रीन एनर्जी, ईवी, टेक्सटाइल, डेटा सेंटर, फूड प्रोसेसिंग, सर्कुलर इकॉनमी, स्वास्थ्यए शिक्षा सहित हर सेक्टर में उद्यमियों ने रुचि दर्शायी है। निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए यह अति आवश्यक है कि निवेशकर्ता से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखा जाए। उनकी जरूरतों, अपेक्षाओं का तत्काल समाधान हो। एनओसी-क्लीयरेंस देने में अनावश्यक देरी न हो। जीआईएस के बाद अब तक 8 माह में एमओयू के क्रियान्वयन के लिए किए गए प्रयासों के बाद 8000 से अधिक परियोजनाएं जमीन पर उतरने को तैयार हैं। हमें न्यूनतम 15 लाख करोड़ की औद्योगिक परियोजनाओं के साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन करना चाहिए।

कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण को अब हर माह बैठक करेंगे अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश को रहने और निवेश के लिए सबसे सुरक्षित स्थान बनाने के साथ-साथ कार्य करने के लिए भी सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश सरकार के अधीन काम करने वाले राज्य कर्मचारियों एवं कर्मचारी संगठनों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सरकार ने अहम कदम उठाया है। सरकार ने राज्य सरकार के समस्त अधिकारियों को अपने अधीन काम कर रहे कर्मचारियों एवं कर्मचारी संगठनों की मांग एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक माह कम से कम एक बार बैठक करने के निर्देश दिए हैं। इन बैठकों में अधिकारी न सिर्फ कर्मचारी और कर्मचारी संगठनों की समस्याओं और मांगों को सुनेंगे, बल्कि उनका निस्तारण भी सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार की ओर से पहले भी इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं और अब नियमित रूप से इस पर कायर्वाही सुनिश्चित करने को कहा गया है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को इस विषय से अवगत कराते हुए निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि निर्गत सुस्पष्ट निर्देशों के उपरांत भी शासन स्तर पर उच्चाधिकारियों के समक्ष विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा समय-समय पर सेवा संबंधी प्रकरण मांग-पत्र प्राप्त होते रहते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कर्मचारी संगठनों की मांगों पर विभागाध्यक्ष स्तर पर समाधान और अनुश्रवण की प्रभावी कार्यवाही नही हो पा रही है। विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिवए कार्मिक विभाग से सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संपर्क करते हैं। ऐसे प्रकरण जिनका समाधान विभागाध्यक्ष या प्रशासकीय विभाग के स्तर पर किया जा सकता है, की नियमित समीक्षा कर निराकरण कराया जाना आवश्यक है। इसमें आगे ये भी कहा गया है कि कर्मचारी संगठनों एवं कर्मचारियों की मांगों एवं समस्याओं के संबंध में शासन के समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव तथा विभागाध्यक्ष व मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों, जनपदों में मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों की समस्याओं और मांगों तथा कार्मिकों की व्यक्तिगत समस्याओं के निस्तारण के लिए माह में कम से कम एक बार बैठक आयोजित उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

यमुना एक्सप्रेसवे पर एमएसएमई, टॉय व हैंडीक्राफ्ट पार्क में लगेंगी 109 नई इंडस्ट्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे पर नई योजनाओं के माध्यम से योगी सरकार विकास की रफ्तार को और तेज करने में जुटी है। इसी क्रम में शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा में बन रहे एमएसएमई, टॉय और हैंडीक्राफ्ट पार्क में कुल 109 भूखंडों के आवंटन के लिए ड्रॉ का आयोजन किया। इस ड्रॉ के माध्यम से प्राधिकरण ने कुल 16498 करोड़ रुपए का निवेश जुटाया है। इससे 5 हजार से ज्यादा रोजगार का सृजन होगा। ड्रॉ में भूखंड पाने वाले भाग्यशाली एंटरप्रेन्योर्स को प्राधिकरण 6 माह में भूखंड का पजेशन देगा जिस पर वह अपने उद्यम लगा सकेंगे। ड्रॉ के सफ ल आयोजन पर खुशी जताते हुए यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरूणवीर सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत 4 हजार वर्ग मीटर तक के भूखंडों के लिए ड्रा निकाला गया। इसमें 300 वर्ग मीटर से लेकर 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफ ल के भूखंड शामिल थे। यह भूखंड सेक्टर 29, 32 और 33 में स्थित हैं जो एमएसएमई, टॉय और हैंडीक्राफ्ट पार्क से जुड़े हैं। यहां पर पहले से ही विकास कार्य किए जा रहे हैं। काफी बड़ी संख्या में निवेशकों ने इसमें रुचि दिखाई है। ड्रा के दौरान उनकी एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी यहां मौजूद थे। इस ड्रा में सफल हुए सभी लोगों को बधाई देता हूं और यीडा में अपनी इंडस्ट्री लगाने के लिए उन्हें आमंत्रित करता हूं। हमारा प्रयास होगा कि आगामी 6 माह में हम उन्हें पजेशन दे सकें। योजना के तहत पी-3 स्थित सामुदायिक केंद्र में स्थित कुल 109 भूखंडों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें कुल 3276 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 3234 को अर्ह पाया गया है। 109 भूखंडों में 105 जनरल जबकि 4 स्टार्ट अप श्रेणी में रहे। जनरल श्रेणी में 3095 अर्ह आवेदक तो स्टार्ट-अप श्रेणी में कुल 139 अर्ह श्रेणी के अर्ह आवेदकों ने बोली में हिस्सा लिया।

6 राज्यों के सीईओ व नोडल पुलिस अफसरों के साथ चुनाव आयोग की कांफ्रेंस 18 दिसम्बर को

● मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने रीजनल कांफ्रेंस को सफल बनाने के लिए की बैठक, राज्यों के मध्य स्थापित किया जाएगा आपसी समन्वय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी रणदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में 6 राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं स्टेट पुलिस नोडल आफिसर के साथ रीजनल कांफ्रेंस आयोजित करेगा। लोकसभा निर्वाचन की दृष्टि से मध्य क्षेत्र जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, बिहार, झारखण्ड तथा उड़ीसा राज्य सम्मिलित हैं। रीजनल कांफ्रेंस आगामी 18 दिसम्बर को लखनऊ में प्रस्तावित है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को जनपथ स्थित कार्यालय में रीजनल कांफ्रेंस को सफ ल बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि इस तरह का रीजनल कांफ्रेंस पहली बार किया जा रहा है और खुशी की बात है कि मध्य क्षेत्र में लखनऊ को इस कॉन्फ्रेंस के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रीजनल कांफ्रेंस आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान दूसरे राज्यों के बॉर्डर के साथ आपसी समन्वय स्थापित कराने तथा निर्वाचन को सकुशलए निष्पक्षए भय रहित सपन्न कराने के लिये आयोजित की जा रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की टीम द्वारा अभी हाल ही में 75 जनपदो के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ पांच चरणों में समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान अगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत विभिन्न विषयों पर आयोग की टीम के द्वारा चर्चा की गई है। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर, निधि श्रीवास्तव, कुमार विनीत, रत्नेश सिंह, जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार, उप महा निरीक्षक कानून व्यवस्था एल आर कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त लखनऊ उपेन्द्र कुमार अग्रवाल, अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी, राज्य सम्पत्ति विभाग, प्रोटोकॉल, नियोजन से नामित अधिकारी तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी सहित संबंधित विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पुलिस की आवासीय सुविधाओं के लिए 7 करोड़ 41 लाख की धनराशि निर्गत

● निर्धारित मानक, अवधि व गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य कराना अनिवार्यः प्रमुख सचिव गृह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय भवनों, हास्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए 7 करोड़ 41 लाख रुपए से अधिक की धनराशि निर्गत कर दी है।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद न बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत जनपद देवरिया के थाना सुरौली के आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 2 करोड़ 64 लाख 95 हजार रुपए की धनराशि, जनपद बाराबंकी के थाना जहॉगीराबाद में 48 क्षमता के हास्टल-बैरक एवं एक विवेचना कक्ष के निर्माण हेतु एक करोड़ 12 लाख 53 हजार रुपए, जनपद महोबा के थाना कोतवाली नगर में 48 कर्मियों हेतु हास्टल-बैरक एवं एक विवेचना कक्ष के निर्माण हेतु 65 लाख 25 हजार रुपए, जनपद बदायूँ के थाना कुवरगॉव में 48 क्षमता के हास्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण हेतु एक करोड़ 13 लाख 16 हजार रुपए के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव गृह ने यह जानकारी भी दी की पुलिस कर्मियों की सुविधा को वरीयता देते जनपद चन्दौली के महिला थाना के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य हेतु एक करोड़ 33 लाख 95 हजार रुपए व जनपद चित्रकूट के तहसील मऊ में अग्निशमन केन्द्र के आवासीय-अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु 51 लाख 26 हजार रुपए की धनराशि निर्गत कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह भी निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाय ताकि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फ लस्वरूप निर्मित भवनो का बेहतर उपयोग हो सके।

अमृत सरोवरों पर की जाए सफाई की विशेष व्यवस्थाः केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दृष्टिगत गांवों में बने अमृत सरोवरो पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने छठ पूजा स्थलों व नदियों के घाटों आदि पर विशेष रूप से स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सूर्यदेव और प्रकृति की उपासना को समर्पित महापर्व छठ पर लोग शुद्ध अन्त:करण एवं निर्मल मन से अस्ताचल और उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियो को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए भगवान भास्कर से राज्य में प्रगतिए सुख, समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की है और कहा कि भगवान भास्कर की आभा और छठी मइया के आशीर्वाद से हर किसी का जीवन सदैव आलोकित रहे।

भाजपा की डबल इंजन सरकार में कई गुना बढ़ गया अपराध, अन्याय व भ्रष्टाचारः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार में अपराध, अन्याय और भ्रष्टाचार कई गुना बढ़ गया है। मुख्यमंत्री का जीरो टॉलरेंस महज जुमला बनकर रह गया है। अपराधी पूरी तरह बेलगाम हैं। यहां तक कि खाकी वर्दी को धमकाने और उनकी पिटाई करने में भी उन्हें भय नहीं है। उत्तर प्रदेश में अवांछित तत्वों की बढ़ती सक्रियता भाजपा सरकार के दावों की पोल खोल रही हैं। ऐसी अराजक स्थिति उत्तर प्रदेश में कभी भी नहीं रही है।

उन्होंने दीपावली की आधीरात घर के सामने ही पीएसी के एक इंस्पेक्टर की राजधानी लखनऊ में हत्या कर दी गई। 82 लाख रुपए ब्याज पर देकर सवा करोड़ वसूले फिर भी और वसूली से त्रस्त पत्रकारपुरम के कैफे संचालक आत्महत्या की कोशिश को मजबूर हो गया। जहां तक महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं का सवाल है उत्तर प्रदेश की बदनामी बढ़ती जा रही है। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब उन्हें अपमानित और लांछित न किया जाता हो। अभी गत दो दिनों में कल्याणपुर में एक युवती को अगवाकर कन्नौज में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया गया। फतेहपुर में एक 17 वर्षीय युवती की गुमशुदगी दर्ज हुई। लखनऊ के चिनहट इलाके में एक बच्ची को अगवाकर उससे दुराचार किया गया।

चिंता की बात यह है कि राजधानी में ठगी और खासकर साइबर ठगी का जाल फैलता ही जा रहा है। सीधे सादे लोग उनके जाल में फंसकर जमापूंजी लुटाते जा रहे हैं। साइबर जालसाज तो इतने शातिर है कि लखनऊ के हजरतगंज इलाके में एक व्यवसायी के क्रेडिट कार्ड से ब्रिटेन की एक वेबसाइट पर 76 हजार रुपए (200 डालर) खर्च कर दिए। नौकरी दिलाने या प्लाट दिलाने के नाम पर भी ठगों के कई गिरोह सक्रिय हैं। बाराबंकी जिले के रामनगर तहसील के हेतमापुर गांव के मेले में हुए एक विवाद को सुलझाने गए दारोगा और महिला कांस्टेबल सहित तीन पुलिसकर्मियों को एक टेंट व्यवसायी ने लोहे की पाइप से पीट दिया। सभी घायल हो गए।

अखिलश ने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि उनके राज में अपराधी या तो जेल में हैं या प्रदेश से बाहर चले गए हैं। हकीकत में इसके विपरीत लगता है कि बाहर के अपराधी तो प्रदेश में आ ही गए हैं यहां जो अपराधी सत्ता संरक्षित रहे हैं वे खुलेआम कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने में लग गए हैं। मुख्यमंत्री दूसरे राज्यों में यूपी की कानून व्यवस्था और अपराधी दूसरे लोक में भेजने की बहुत चर्चा करते रहते है लेकिन वास्तविक स्थित ठीक विपरीत है। यूपी में पूरी तरह अराजकता व्याप्त है।

बूथ लेवल से लोगों को जोड़कर आयोजित की जाएं संगठन की बैठकेंः अजय राय

● लखनऊ में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि संगठन अपनत्व की भावना से चलता है। हर नेता को चाहिए कि वह प्रत्येक कार्यकर्ता से अपनत्व का भाव रखे उसके हर सुख-दुख में खड़ा हो तभी संगठन पर उसका विश्वास कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल से लोगों को जोड़कर संगठन की बैठकें आयोजित की जाएं। हर मोहल्ले, हर ग्राम सभा, हर ब्लाक तक बैठक कर आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्या को सुनकर निवारण पर कार्य किया जाए साथ प्रत्येक व्यक्ति द्वारा प्रतिदिन 5 नये सदस्यों का जोड़ा जाए जिससे हमारा संगठन धरातल और अधिक प्रभावी होगा। प्रदेश प्रवक्ता मनीष हिंदवी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर लोकसभा चुनाव को देखते हुए बुलाई गई लखनऊ के कांग्रेसजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य लखनऊ में कांग्रेस संगठन को किस प्रकार और अधिक मजबूत किया जाए इस पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनी गई एवं निवारण के आश्वासन के साथ ही उनके संगठन को मजबूत करने की दिशा में दिए गए सुझावों को भी गंभीरतापूर्वक सुना गया। बैठक का संचालन लखनऊ जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय बहादुर ने किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि हमारा कार्यकर्ता वंदनीय है क्योंकि वह विषम परिस्थितियों में भी पार्टी के साथ खड़ा रहा है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि आज हमें फिर एकबार एकजुट होकर सड़क पर उतरने की आवश्यकता है क्योंकि 2024 की लड़ाई हम आपके साहस, संकल्प और अथक प्रयास से ही जीतेंगे।

हिंदवी ने बताया कि लखनऊ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ने आए हुए सभी कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी ने समय समय पर अपनी ताकत देकर लखनऊ के कार्यक्रमों को सफ ल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, मैं इसके लिए आप सभी को धन्यवाद देता हूं। आज हमारे समाने फिर लोकसभा चुनाव एक चुनौती के रूप में हमारे सामने है।

मनरेगा मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम को किया गया और अधिक मजबूत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि मनरेगा के क्रियान्वयन में और अधिक पारदर्शिता लाने के दृष्टिगत नरेगा मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) का प्रयोग मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति एवं फ ोटोग्राफ्स को आन लाइन फीड किया जा रहा है। इस सिस्टम को तकनीकी दृष्टिकोण से और अधिक मजबूत किया गया है। श्रमिकों की आनलाइन अपलोड की गयी उपस्थिति एवं फ ोटोग्राफ्स के विवरण को देखने हेतु नरेगा की अधिकारिक वेबसाइट के होम पेज पर एक बटन उपलब्ध कराया गया है। समस्त जिलाधिकारियों, जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति एवं फोटोग्राफ्स को सिस्टम में निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप अपलोड कराना सुनिश्चित करें। निर्देश दिए गए हैं कि कार्मिको द्वारा कार्यस्थल हेतु जारी प्रत्येक मस्टररोल के लिए 2 फोटो (1-1 क्रमशः पूर्वाहन व अपराह्न में) वेबसाइट पर अपलोड की जाएंगी। फ ोटोग्राफ लेते समय श्रमिकों की कुल संख्या स्पष्ट दिखे व उनकी मुख-दिशा कैमरे की ओर रहे। ऐसे स्थल ऊंचाई से फोटो लें, जहां से समस्त श्रमिकों की उपस्थिति परिलक्षित हो सके। कार्यस्थल का स्वरूप व सीआईबी बोर्ड स्पष्ट रूप से फोटो में प्रदर्शित होना आवश्यक है। कैमरा के लैंडस्केप मोड में ही फोटो ली जाए, पोस्ट्रेट मोड में नहीं। सेल्फ न ली जाए। फोटो लेते समय मोबाइल कैमरा का लेंस बिलकुल साफ रहे तथा पर्याप्त सूर्य प्रकाश में ही फोटो ली जाए। प्रत्येक दशा में पूर्व में ली गयी फोटो की फोटो खींचकर अपलोड न किया जाए।

ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि कि योजना के क्रियान्वयन में श्रमिकों की उपस्थिति में पारदर्शिता पर विशेष बल दिया जा रहा है।

ललितपुर बल्क ड्रग्स पार्क में रिसर्च और इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावा

लखनऊ। हाई क्वालिटी एट एफ ोर्डेबल कॉस्ट पर दवाएं और मेडिकल डिवाइसेज उपलब्ध कराने के लिए ललितपुर में प्रस्तावित बल्क ड्रग्स पार्क को योगी सरकार रिसर्च और इनोवेशन के साथ टेक्नोलॉजी से जोड़ने पर भी ध्यान दे रही है। इसके लिए सरकार ने काउंसिल ऑफ साइंटिफि क एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर) और डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) जैसी भारत सरकार की बड़ी संस्थाओं को बल्क ड्रग पार्क से जोड़ते हुए इन्हें अपना नॉलेज पार्टनर बनाया है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप बल्क ड्रग्स पार्क को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुसार तैयार किया जा रहा हैए ताकि भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के 196 देशों को इसका लाभ मिल सके और उन्हें सस्ती दवाओं के साथ ही मेडिकल डिवाइस उपलब्ध कराए जा सकें। इसके अलावा योगी सरकार ने इनवेस्टर्स कनेक्ट वेबिनार का आयोजन कर करीब डेढ़ हजार स्टेक होल्डर के साथ एमओयू भी साइन किया है।

गांवों की विद्युत आपूर्ति में न हो व्यवधानः एके शर्मा

● निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप सभी डिस्काम को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने के दिए निर्देश

सभी मुख्य अभियंताओं को ऊर्जा मंत्री ने किया सतर्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश सरकार विद्युत उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर विद्युत बिलों के बकाये पर सरचार्ज में छूट की अब तक की सबसे महत्वपूर्ण एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ 8 नवम्बर 2023 से दे रही है। इस योजना का 31 दिसम्बर 2023 तक उपभोक्ता लाभ ले सकेंगे। अभी तक 2.32 लाख उपभोक्ताओं ने योजना के तहत पंजीकरण कराकर 180 करोड़ रूपये से अधिक का बकाया चुकाया है। इस योजना में छोटे घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को सरचार्ज में शत-प्रतिशत की छूट दी जा रही, उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु किश्तों में भुगतान का विकल्प भी दिया गया है। साथ ही बिजली चोरी के मामले में जुर्माने पर 65 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। ओटीएस योजना के पहले चरण में 8 से 30 नवम्बर 2023 तक बकायेदार उपभोक्ताओं को सर्वाधिक छूट दी जा रही है। ऊर्जा मंत्री ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि बकाये से मुक्ति के लिए योजना के तहत शीघ्र पंजीकरण कराकर लाभ लें और अपने बकाये के झंझट से हमेशा के लिए मुक्ति पाएं।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शुक्रवार को शक्ति भवन में सभी डिस्काम के साथ ओटीएस योजना, आरडीएसएस योजना, विद्युत आपूर्ति और विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी डिस्काम के एमडी को निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप बेहतर विद्युत आपूर्ति के सख्त निर्देश दिये और कहा कि प्रदेश में बिजली की कमी नहीं है, उपभोक्ताओं को अंधेरे में न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश में छठ पूजा महापर्व की शुरूआत हो रही है। छठ पूजा घाटों और वहां के रास्तों पर बिजली की पर्याप्त एवं सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं को कहीं पर भी अंधेरे का सामना न करना पड़े। विद्युत पोलों पर करंट न हो इसकी भी सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में जांच कर लें। सभी छठ पूजा स्थलों पर ओटीएस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। रजिस्ट्रेशन के लिए स्टाल भी लगाए जाएं। ऊर्जा मंत्री ने सख्त निर्देश दिया कि ओटीएस योजना के तहत 1 अप्रैल 2023 से किसानों के निजी नलकूपों में सरचार्ज पर दी जा रही शत-प्रतिशत की छूट पर किसी भी प्रकार की गलतफ हमी न फैलायी जाय, नहीं तो ऐसे अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में चेयरमैन आशीष गोयल, एमडी पारेषण एवं वितरण पी. गुरु प्रसाद, एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार उपस्थित थे। सभी डिस्काम के एमडी एवं मुख्य अभियंता ने बैठक में वर्चुअल प्रतिभाग किया।

घाटों की परिधि में प्लास्टिक उत्पादों का प्रयोग कतई न करें: नगर आयुक्त

● स्वच्छ घाट प्रतियोगिता के द्वारा घाटों पर विशेष सफाई

शाहजहांपुर। छठ पूजा पर्व के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने लोधीपुर स्थित खन्नौत नदी घाट पर अपने निर्देशन में वृहद स्तर पर साफ-सफाई का कार्य कराया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने निरीक्षण के समय अपनी उपस्थिति में साफ-सफाई कार्य, कूड़ा उठान का कार्य एवं उबड़-खाबड़ जगह को जेसीबी के माध्यम से लेवल कराया। साथ ही सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि छठ पूजा पर्व को स्वच्छ छट एवं देव दीवाली के अंतर्गत स्वच्छ घाट प्रतियोगिता के द्वारा घाटों पर विशेष सफाई, घाटों की सम्पूर्ण रूप से सफाई कराये जाने, घाटों का सौन्दर्यीकरण एवं पूर्ण रूप से परिवर्तन किये जाने, घाटों पर स्वच्छता के प्रति संदेश व अर्पण कलश स्थापित कराये जाने, घाटो पर विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों का जुड़ाव एवं स्वच्छता के प्रति संदेश देकर जनभागीदारी हेतु विभिन्न गतिविधियां कराये जाने एवं देव दीवाली एवं छठ पूजा के पर्व को जीरो प्लास्टिक इवेंट, जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में मनाया जाने क्रम में सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही उक्त हेतु यह सुनिश्चित किया जाये कि घाटों व घाटों की परिधि में प्रतिबन्धित प्लास्टिक थर्माकोल के उत्पादों का प्रयोग न हो तथा कूड़े के लिये विन-डस्टबिन का प्रयोग किया जाए। कार्यक्रम को सफलतम हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण समीक्षा बैठक

शाहजहांपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयुक्त रोल प्रेक्षक महोदया सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने आयुक्त को अवगत कराया कि जनपद में कुल 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्थित है। जनपद में कुल 12 लाख 4551 पुरुष मतदाता तथा 1013494 महिला मतदाता एवं 179 तृतीय लिंग मतदाता है। जनपद में कुल 16990 दिव्यांग मतदाता भी है। जनपद में कुल 2481 बूथ लेवल ऑफिसर्स कार्यरत है। आयुक्त महोदया को अवगत कराया गया कि जनपद का ई पी रेशियो 59.13 प्रतिशत है। आयुक्त ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों से उनकी समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली। कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा बूथ लेवल ऑफिसर्स की अनुपस्थिति के विषय में शिकायत की गई। आयुक्त ने डीएम को इस समस्या के त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया। आयुक्त ने सभी पार्टियों को अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने के निर्देश दिए। उपस्थित समस्त अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को शहरी क्षेत्र में वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। अधिकारी अपने हिसाब से नवाचारों पर भी कार्य कर सकते हैं। जनप्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ससमय वोट बनने में आपकी भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। जनपद स्तर पर स्वीप, दिव्यांग तथा थर्ड जेंडर आइकॉन नामित किए जाने की स्थिति के विषय में भी जानकारी लीद्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची की एक हार्ड कॉपी तथा सॉफ्ट कॉपी आवश्यक रूप से उपलब्ध करा दी जाए बैठक में डीएम, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, समस्त तहसीलों के उप जिलाधिकारी तथा समस्त मान्यता प्राप्त पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बच्चों ने लिया गौरक्षा का संकल्प

गोला गोकर्णनाथ खीरी। श्री धर्मादा समिति गौशाला गोला के 15वें गोपाष्टमी महोत्सव के चतुर्थ दिन विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति के तत्वावधान में यदुशील शिक्षा निकेतन, जय माँ मंगला जू.हा., आदर्श दुर्गा बाल विद्या मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिरए दुर्गा विद्या मंदिर, इण्डियन पब्लिक एकेडमीए इण्डियन हेरिटेज एकेडमी, सरस्वती ज्ञान मंदिर, कमला मेमोरियल स्कूल, सरस्वती विद्या निकेतनए दयानंद वाल विद्या मंदिर, पुरुषोत्तम बाल विद्या मंदिर, बाबूराम बाल उद्यान, नेताजी सुभाष शिक्षा मंदिरए प्रकाश दीप शिक्ष निकेतनए कामधेनु विद्या निकेतन शारदे ज्ञान मंदिर, गुरुदेव रविन्द्र नाथ शिक्षाश्रम, स्वामी विवेकानंद वाल उद्यान आदि विद्यालयों के 350 बच्चों ने गौ रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीन कुमार यादव ने विभिन्न विद्यालय से आए बच्चों को गौ माता की रक्षा करने का संकल्प दिलाया तथा बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा किएगौ माता की महिमा का वर्णन हमारे वेदों में बताया गया है गौ माता से हमें अनेकोंनेक लाभ देती है।कार्यक्रम संयोजक चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने विशिष्ट अतिथि छोटी काशी शिव मंदिर के मुख्य पुजारी दिनेश मिश्रा मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीन कुमार यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा सभी आगुन्त अतिथियों का आभार प्रकट किया।कार्यक्रम का संचालन अनुज खरे ने किया। इस अवसर पर शैलेन्द्र सक्सेना, अवधेश मिश्रा, डीपी श्रीवास्तव, मोहित कनौजिया, श्रीकृष्ण शर्मा, शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, मनोज बाथम, सुनील शर्मा, सुनील मिश्रा, धीरज बाजपेई सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

सांसद के क्षेत्र में बांटीं 135 पोषण किट

लखीमपुर खीरी। सीएचसी खमरिया के अंतर्गत ब्लॉक ईसानगर में टीबी से ग्रसित मरीज को पोषण किट वितरित की गई। यह किट सांसद रेखा अरुण वर्मा के द्वारा उपलब्ध कराई गईं थीं। करीब 135 मरीज को सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज कुमार व खमरिया के भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्र कुमार शुक्लाए ग्राम प्रधान के द्वारा यह पोषण किट बांटी गई। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज कुमार ने बताया कि टीबी के मरीजों के उपचार के दौरान उन्हें बेहतर खान.पान की आवश्यकता होती है। ऐसे में गरीब मरीज प्रोटीन युक्त भोजन का प्रयोग नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण उनके स्वास्थ्य में जल्दी सुधार नहीं होता है। इसे देखते हुए शासन की मंसा के अनुरूप पोषण किट माननीय और अधिकारियों द्वारा वितरित की जा रही हैं। इसी कड़ी में सांसद रेखा अरुण वर्मा के द्वारा भी पोषण किट वितरित करवाई गई हैं। इस दौरान सीएससी के सभी डॉक्टर और स्टाफ मौजूद रहा।

ऑडिटोरियम से लेकर रिलायंस गेस्ट हाउस तक

अधिकारियों ने इलेक्ट्रिक बस में सवार होकर सफर तय किया

शाहजहांपुर। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई प्रेक्षा गृह में विद्यार्थी एवं स्मार्टफोन सोशल मीडिया का प्रयोग, सार्थकता, दुष्प्रभाव एवं बचाव विषय पर कार्यशाला मुख्य अतिथि कमिश्नर सौम्या अग्रवाल बरेली मंडल, बरेली की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बच्चों ने कमिश्नर सौम्या अग्रवाल को बुके देकर सम्मानित किया। ऑडिटोरियम में उपस्थित छात्रों तथा उनके अभिभावकों को स्मार्टफोन के अधिक उपयोग करने से होने वाली हानि के विषय में जानकारी दी। ऑडिटोरियम में उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों तथा मनोचिकित्सकों द्वारा इस संबंध में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। कमिश्नर श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने कहा कि अभिभावकों को सोशल मीडिया तथा मोबाइल के अतिशय उपयोग के दुष्परिणामों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक स्कूल में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल के गठन हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन तथा अभिभावक मिलकर ही इस समस्या से निपट सकते हैं। इस समस्या से सामूहिक रूप से ही निपटा जा सकता है। इसके लिए व्यापक जागरूकता भी आवश्यक है। प्रत्येक शहर को सेफ सिटी बनाने में यह एक महत्वपूर्ण पहल होगी। इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस परिचर्चा को जमीनी स्तर पर उतारने की आवश्यकता है। पुलिस महानिदेशक, बरेली परिक्षेत्र, बरेली डॉ. राकेश सिंह ने कहां की हमें मोबाइल तथा इंटरनेट के सदुपयोग पर जोर देना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे चौट जीपीटी इत्यादि के कारण बच्चों में क्रिएटिविटी समाप्त होती जा रही है, शिक्षकों तथा अभिभावकों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। इस विषय पर ऑडिटोरियम में एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया। कार्यशाला समाप्त होने के उपरांत आयुक्त ने वन यूपी, वन कार्ड योजना के तहत इलेक्ट्रिक बस के स्मार्ट मोबिलिटी कार्ड का वितरण किया। स्कूली बच्चों को लैपटॉप का भी वितरण किया। आयुक्त तथा समस्त अधिकारियों ने ऑडिटोरियम से लेकर रिलायंस गेस्ट हाउस तक का सफर इलेक्ट्रिक बस में सवार होकर तय किया।

पत्नी ने बेटे के संग मिलकर की पति की हत्या रिपोर्ट दर्ज

मोहम्मदी खीरी। मां और बेटे की पिटाई से पिता की हुई मौत भांजे सर्वेश कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज, प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेपुर में रतीराम और उसकी पत्नी पुनीता देवी और उसके पुत्र के बीच किसी बात को लेकर वाद विवाद बढ़ गया एजिस पर पत्नी पुनीता देवी और बेटे लखविंदर ने पिता को धारदार हथियार से घायल कर दिया जिसमें ज्यादा रक्त बहने से उसकी मौत हो गई एवही पत्नी पुनीता देवी चार बच्चों के साथ कहीं फरार हो गई, मृतक के भांजे ने दी तहरीर में बताया कि मेरे मामा को शराब पिलाकर मेरी मानी और भांजे ने मेरे मामा की हत्या कर दीए प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि पुलिस ने पचनामा भर को पोस्टमार्टम के लिऐ लखीमपुर भेजा है, भांजे सर्वेश की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ गैर इरतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है विवेचना जारी है।

क्विक न्यूज

दो शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, सात आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। पुलिस ने दो शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। अलग अलग दो थानों की पुलिस ने एसओजी की मदद से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से पिस्टल, रिवाल्वर समेत बने और अधबने तमंचे बरामद किए हैं। सभी आरोपी शाहजहांपुर के अलग अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल और नकदी भी बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना के निर्देश पर पुलिस अवैध हथियारों की तस्करी से लेकर शस्त्र फैक्ट्री पर अपना जाल बिछाए हुई थी कि इसी बीच दिवाली के बाद पुलिस को सूचना मिली कि सिटी सर्किल में कुछ लोग हथियारों की तस्करी से लेकर अवैध शस्त्र बना रहे हैं। एसओजी को इस मामले में लगाया । कोतवाली सदर बाजार व शहर कोतवाली पुलिस की मदद से सात लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा । अलग अलग जगहों से अवैध पिस्टलें, रिवॉल्वर व तमंचे सहित भारी मात्रा में जिंदा व खाली कारतूस भी बरामद किए ।

ट्रेन से कटकर युवक ने की आत्महत्या

संडीला (हरदोई)। ट्रेन के सामने आकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली हालांकि परिजन इसे दुर्घटना ही बता रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला चौपाट टोला निवासी राजू का 25 वर्षीय पुत्र करन कश्यप सुबह घर से निकल कर गया था। नगर के मुख्य क्रासिंग से पहले ट्रेन की पटरी पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसके शरीर के दो टुकड़े हो गए। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार युवक ने ट्रेन को आता देख उसके सामने छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। बताया जाता है कि मृतक करन एक प्राइवेट टेबल टीवी नेटवर्क में काम करता था। हालांकि करन के परिजन का कहना है कि यह केवल हादसा है और ऐसा कोई कारण नहीं था कि करन आत्महत्या कर लेता। करन की मौत से उसके परिजन का रो.रोकर बुरा हाल है।

दबंगों ने हज़ारों रुपए मूल्य के पेड़ काटे, पुलिस मौन

संडीला (हरदोई)। दबंगों ने खेत में खड़े यूक्लेप्टिस के पेड़ को काटकर उनकी लकड़ी भी बेंच दी। पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली कछौना के अंतर्गत ग्राम जैतनगर निवासी अली मियां ने पुलिस को सूचित किया कि उसके खेत थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम घुघेरा में स्थित हैं। खेत में उसने लगभग 8 वर्ष पूर्व यूक्लेप्टिस के पेड़ लगाए थे। 11 नवंबर को ग्राम निवासी रामरतन व सर्वेश पुत्रगण नत्था तथा अन्य भाईयों ने उसके यूक्लेप्टिस के पेड़ों को कटवाकर उनकी लकड़ी बेंच दी। इस मामले में उसने पुलिस को लिखित रूप से घटना की जानकारी मिलने के बाद सूचित किया लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

औंध उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं औंध सचिवालय में चोरी

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के गांव औंध में बीती रात उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं ग्राम पंचायत औंध सचिवालय में चोरों ने किया हाथ साफ। चोर हजारों रूपये का माल लेकर हुए फरार।जानकारी के अनुसार बीती रात ग्राम पंचायत औंध सचिवालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय औंध में हुई चोरी। चोरों ने स्कूल में घुसकर स्कूल और सचिवालय के दरवाजे पर लगे ताले को तोड़कर सचिवालय में लगे कंप्यूटर हार्ड डिस्क, इनवर्टर बैट्री के साथ ही विद्यालय में रखे गैस सिलेंडर आदि सामान चुराकर हुए फरार। प्रधानाचार्य राहुल यदुवंशी, औंध प्रधान भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह ने फतेहगंज पश्चिमी थाना प्रभारी को अज्ञात चोरों के खिलाफतहरीर दी है। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह का कहना है कि ग्राम पंचायत पर सचिवालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की हार्ड डिस्क चुराकर ले जाना इसकी पुष्टि करता है कि चोर बहुत ही हाईटेक एवं प्रोफेशनल रहे होंगे। प्रधानाध्यापक ने विभाग एवं शासन से विद्यालय एवं सचिवालय में लगे महंगे उपकरणों की देखभाल के लिए रात्रि में निगरानी कर्मी रखे जाने की मांग की है।

पिकअप गाड़ी की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

बरेली। ऑटो से उतरकर सड़ककिनारे खड़ी एक बुजुर्ग महिला को तेजी से आ रही पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई । कैंट थाना क्षेत्र के गांव क्यारा में बीती शाम हुई सड़क दुर्घटना में बदायूं के बिसौली थाना क्षेत्र के गांव सत शावर निवासी गेदन लाल की 57 वर्षीय पत्नी प्रवेश कुमारी की मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिजनों नहीं बताया कि प्रवेश कुमारी का मायका बरेली के कैंट थाना क्षेत्र के गांव क्यारा में है, कुछ दिन पहले उसने अपने बेटे का विवाह किया था जिसके बाद वह विवाह का उपहार देने के लिए अपने मायके आने को ऑटो में बैठकर कल शाम को अपने घर से चली थी लेकिन क्यारा गांव के पास ही जब वह ऑटो से उतरकर किराया दे रही थी तेजी से आ रही पिकअप गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाली गाड़ी और उसके चालक को पकड़ कर दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल प्रवेश कुमारी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी।

घर में घुसकर मारपीट के मामले में दो घायल

गुरसहायगंज (कन्नौज)। रंजिश के कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर आरोपियों ने घर में घुसकर अभद्रता व मारपीट कर दो लोगों को न सिर्फ घायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम डुंडबा बुजुर्ग निवासी युसुफ पुत्र शब्बीर द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 15 नवंबर को वह अपने घर में था। तभी पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना जहानगंज के ग्राम भडौसा निवासी फिरदौस पुत्र निजामुद्दीन, मोहल्ला गांधीनगर निवासी मुशर्रफ पुत्र निजामुद्दीन दो अज्ञात लोगों के साथ आए और गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर लाठी डण्डों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। उधर क्षेत्र के ग्राम पनगवां निवासी शिबू पांडेय पुत्र विवेक का कहना है कि शुक्रवार की शाम वह अपने घर में था तभी गांव के ही शिवम, धर्मवीर आए और गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

दुधवा नेशनल पार्क की बफरजोन मैलानी के क्षेत्र में बाघ को टैंकुलाइज किया

● कई माह से कुकरा के क्षेत्र में आदमखोर बाघ ने दो मानव व कई पशुओं को निवाला बना चुका था

गोला गोकर्णनाथ खीरी। दुधवा नेशनल पार्क की वनरेंज मैलानी बफर जोन के ग्राम बासूपुर में आदमखोर बाघ ने बुधवार को नरेंद्र की खेत में हत्या किए जाने के बाद ग्रामीणों ने हंगामा किया और दस घंटे के बाद मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था इससे पहले ग्रंट नंबर 3 में भी एक मानव की हत्या कर चुका था आसपास ग्रामों में हत्यारा बाघ ने कई पशुओं को निवाला बना चुका था आज भी एक पशु की हत्या कर चुका है इसके बाद वन विभाग के फिल्ड निदेशक ललित वर्मा ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर बाघ के हिसंक होने की रिपोर्ट के बाद उच्च अधिकारियों से बाघ को टैंकुलाइजर करने की अनुमति मिली जिसके 24घंटे के अंदर बाघ को टैंकुलाइजर करने में वन विभाग को सफलता हासिल हुई है। वनविभाग टैंकुलाइजर के बाद कुकरा क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल बना हुआ है। मैलानी बफरजोन की बीट जटपुरा के ग्राम बासूपुर में नरेंद्र की हत्या करने के बाद वन रेंज अधिकारी मैलानी अनिल कुमारए एसडीओएवन दरोगा अखिलेश सिंहए वनरक्षक शीतला प्रसाद मिश्रा व वन विभाग की टीम ने खूंखार बाघ को आज सांयकाल टैंकुलाइजर किया है। बाघ के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। इधर बाघ को पहले मैलानी बाद में दुधवा व अन्य क्षेत्रों में छोड़ने के उच्च अधिकारियों से बातचीत जारी है।

समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा का हुआ स्वागत

● भाजपा की जन विरोधी नीतियों से जनता हुई त्रस्तः जमालुद्दीन

समाजवादी साईकिल यात्रा का स्वागत करते पूर्व विधायक, पूर्व पालिकाध्यक्ष व अन्य।

गुरसहायगंज (कन्नौज)। सपा लोहिया वाहिनी राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव की अगुवाई में प्रयागराज से प्रारंभ हुई देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पीड़ी, साइकिल यात्रा का नगर आगमन पर पूर्व विधायकों एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सपा नेताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान कहा कि जन विरोधी सरकार से जनता का मोह भंग हो गया है। शुक्रवार को समाजवादी पीड़ी, साइकिल यात्रा का नगर आगमन पर पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, अरविंद सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी राज सिंह उर्फ छोटे ठाकुर, युवा सपा नेता उत्कर्ष गुप्ता ने सैकडों समर्थकों के साथ समाजवादी साइकिल यात्रा की अगुवाई कर रहे अभिषेक यादव सहित यात्रियों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से त्रस्त देश की जनता आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान कर जबाब देगी। भाजपा सरकार में महंगाई भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है जिसके कारण किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र, नौजवान बेतहाशा परेशान है। कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुये कहा कि कार्यकर्ता मिशन 2024 की सफलता के लिए अभी से जी-जान से जुट कर लोगों को पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों से अवगत कराकर जागरूक करें। पूर्व पालिकाध्यक्ष धीरेन्द्र आर्य, बउअन तिवारी, समाजवादी शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अमित यादव, बसीम दुवे लल्ला, युवा सपा नेता अजीम सिद्दीकी, सलोवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास गुप्ता, टिल्लू यादव, रामसेवक बाथम, नाहर सिंह यादव, उदयवीर यादव, रणधीर ठाकुर, विजय गुप्ता, श्याम सिंह उर्फबड़े ठाकुर, श्याम सुंदर गुप्ता, कोची यादव, सुमित ठाकुर, मनी गुप्ता, मुकीम खान आदि मौजूद रहे।

मण्डलायुक्त ने महिला कल्याण विभाग के वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

बरेली। मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने विगत दिन महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय वन स्टॉप सेंटर में अधिकांश कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये, जिस पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन काटने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। वन स्टॉप सेंटर के मुख्य द्वार पर पानी भरा पाया तथा भवन की साफ-सफाई आदि व्यवस्थाएं भी शिथिल पायी गयी साथ ही कैंटीन में भोजन भी सारणी के अनुसार बना नहीं पाया गया। जिस पर मण्डलायुक्त ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को स्पष्टीकरण 07 दिवस में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने केन्द्र के सभी दस्तावेजों का भी अवलोकन किया।मण्डलायुक्त को संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वन स्टॉप सेंटर में अभी तक कुल प्राप्त प्रकरण की संख्या 2658 है, जिसमें से 2601 प्रकरण का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है, 57 प्रकरण फॉलोअप प्रक्रिया के अंतर्गत विचाराधीन हैं। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि वन स्टॉप सेंटर की नियमावली के अनुसार वन स्टॉप सेंटर में पांच बेड का शेल्टर होम संचालित है, जिसमें पांच दिवस तक महिलाओं को अल्पवास की सुविधा प्रदान की जा सकती है परंतु जनपद के विभिन्न थाने एवं बाल कल्याण समिति के आदेश अनुसार महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर में अल्पवास की सुविधा हेतु लाया जाता है। मण्डलायुक्त ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि वन स्टाप सेन्टर में पिछले एक वर्ष में अल्पवास हेतु आई महिलाओं की संख्या का औसत एवं संबंधित शासनादेश के साथ जिलाधिकारी के माध्यम से वन स्टॉप सेन्टर में आने वाली महिलाओं की संख्या तथा उनके अल्पवास हेतु नियत दिनों के संख्या बढ़ाने का सुझाव शासन को प्रेषित करें।

दुश्मन नहीं मिला तो बछड़े को मारी गोली

बरेली। रंजिश में घर पर बाइक सवार बदमाशों को दुश्मन घर पर नहीं मिला तो एक बदमाश ने घर के बाहर झुंड में खड़े एक बछड़े को गोली मारकर घायल कर दिया और फरार हो गए पुरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई घटना की शिकायत एसएसपी से करते हुए कार्रवाई की मांग की गई ।बारादरी थाना क्षेत्र के संजयनगर दुर्गा मंदिर के पास रहने वाले राजू यादव ने बताया कि उनका बेटा देव यादव घर से दवा लेने के लिए साइकिल से निकला था रास्ते में एक लड़के ने चाबी से उनके बेटे के कान के पास पटाखा बजा दिया देव यादव ने विरोध किया तो आरोपी और उसके भाई ने मारपीट की और सिर में तमंचा तान दिया उसी दिन देव के परिजनों ने पुलिस में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई आरोपी ने अगले दिन अपने भाई और साथियों के साथ मिलकर देव की पीठ पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया राजू यादव ने बताया कि इस समय उनके बेटे का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बनकटी व भूड़ा गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, जोरदार स्वागत

● अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा लक्ष्यः डीडीओ

लखीमपुर खीरी। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पलिया ब्लॉक के बनकटी और भूड़ा गांव में पहुंची। यहां केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रों को उससे लाभान्वित कराया गया। बतौर नोडल अधिकारी डीडीओ दिनकर विद्यार्थी भी इसमें शामिल हुए। जनजातीय गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा की स्वाधीनता को स्मरण कर डीडीओ दिनकर विद्यार्थी व पीओ यूके सिंह ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आजादी के आंदोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया।

डीडीओ दिनकर विद्यार्थी ने कहा कि पीएम ने यह संकल्प लिया है कि 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा। कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए। जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ, उनकी कहानी उनकी जुबानी सुनी जाय। डीडीओ ने उपस्थित जन समूहों को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई।

दोनों जनजातीय गांव में आईईसी रथ के जरिए पीएम के जनजातीय क्षेत्र के लिए किए कार्यों से संबंधित वीडियो का प्रसारण भी हुआ। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविरए आधार नामांकन जैसी सेवाएं भी कार्यक्रम स्थल पर प्रदान की गई। यह वैन ;रथद्ध गांव पहुंचकर ग्रामीणों को केंद्रीय योजनाओं के बारे में बताते हुए उनसे जुड़ने एवं अपने जीवन को संवारने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई। विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध करते हुए उनका न केवल आवेदन प्राप्त किया बल्कि उन्हें लाभान्वित किए जाने पर भी काम हुआ। इस मौके पर सैम श्रेणी के लिए चिन्हित बच्चों को पोषण पोटली ;सुपोषण किटद्ध प्रदान की।

जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने कहा कि लोगों को आजादी के महानायक भगवान विरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। स्वाधीनता के महानायक बिरसा मुंडा का जीवन हमें लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए अपने दायित्व को सजगतापूर्वक निभाने के लिए प्रेरित करता है। लोगों से आह्वान किया कि वह लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए अपने सजग नागरिक का दायित्व निभाते हुए देश को 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने वाली तस्वीरों से सुसज्जित सूचनाए संचारए शिक्षा का संगम बना आईईसी रथ तय रोस्टर के मुताबिक जनजातीय क्षेत्र बनकटी और भूड़ा गांव में घूमकर अधिक से अधिक लोगों को केंद्रीय योजनाओं के लाभों के बारे में जागरूक किया, ताकि संबंधित योजनाओं में लाभार्थियों की संख्या बढ़ाई जा सकेए जो जनजातीय क्षेत्र के लिए आकर्षण का केंद्र बनी। 18 नवंबर को दिवस नोडल अधिकारी डीपीओ भारत प्रसाद के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनजातीय क्षेत्र सरियापारा और मसानखम्भ पहुंचेगी, जहां उसका जोरदार स्वागत किया जाएगा। अफसर की पूरी टीम इन दोनों गांव में दस्तक देकर केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर काम करेगी। कोई भी जनजातीय क्षेत्र का पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहने पाए। सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं और उनके लाभों को सीधे जनता तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की है। उनमें जागरूकता पैदा करने और उन्हें स्वच्छता सुविधाएं, वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, सिलेंडर को सुलभ कराने, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उपयुक्त पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 18 नवंबर, 2023

त्रिदेवों की जन्मस्थली चित्रकूट में 22 नवंबर को होगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

●कामदगिरि पर्वत को वैश्विक धरोहर घोषित कराने की होगी पहल- प्रो गोविन्द

संवाददाता। चित्रकूट

त्रिदेवों की जन्मस्थली चित्रकूटधाम में 22 नवंबर को होने जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो चुकी है। सम्मेलन में भाग लेने के लिए विश्व के अनेक देशों से अतिथि आ रहे हैं। इसके साथ ही देश से भी विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों का भी यहां पर मेला लगेगा। इसी को लेकर शुक्रवार केंद्रीय कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य कार्यक्रम संयोजक प्रो गोविंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि भले ही चित्रकूट को भगवान राम की तपस्थली के रूप् में परिभाषित किया जाता हो, पर वास्तव में यह स्थली सृष्टि के आरंभ से ऋषियों की दिव्य साधना स्थली के रूप मे जाना जाता रहा है। इसी कारण से प्रयागराज के भरद्वाज मुनि ने भगवान राम को चित्रकूट भेजा था। श्रीराम ने माता सीता व लक्ष्मण सहित यहां लगभग 12 वर्ष बिताये और यहां पर उन्हें ऋषियों व मुनियों का संरक्षण प्राप्त हुआ। ऐसे कामदगिरि पर्वत को विश्व धरोहर के रूप पर लाने की कवायद सम्मेलन में की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी 22 नवम्बर को रामायण मेला परिसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जो दो सत्रों में होंगे। पहले सत्र में चित्रकूट की महिमा पर संवाद व मंथन होंगे और दूसरे सत्र में भारत का वास्तविक इतिहास एवं संस्कृति पर चर्चा देश व विदेशी विद्वानों के बीच होगी। इसके अलावा बुंदेलखंड के कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति भी कार्यक्रम का हिस्सा होगी। कार्यक्रम की शुरुआत रामघाट से रामायण मेला परिसर तक विशाल शोभायात्रा के साथ की जाएगी।

नगर पंचायत के निर्माण कार्यों की डीएम ने की प्रगति समीक्षा

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में शुक्रवार को 15 वें वित्त आयोग के नगर निकायों से प्राप्त प्रस्ताव के अनुमोदन एवं नगर पालिका और नगर पंचायतों द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने पेयजल, जल निकासी, सॉलिड वेस्ट, हैंड पंप अधिष्ठापन, हैंडपंप रिबोर, ट्यूबवेल, मोबाइल शौचालय, प्रेशर मशीन, कूड़ा गाड़ी, ई- रिक्शा, नाली निर्माण, विद्युतीकरण, लाइट व्यवस्था, सड़क निर्माण, विद्यालयों के कायाकल्प, एमआरएफसेंटर निर्माण आदि निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी नगर विकास में कार्य कराए जा रहे हैं, उसमें शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि सामग्री क्रय करने के लिए अधिशासी अभियंता जल संस्थान तथा दो अधिशासी अधिकारियों की एक समिति बनाकर मार्केट से रेट का सर्वे करा कर रिपोर्ट प्राप्त करें। अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य वित्त आयोग से सड़कों के गड्ढा मुक्ति का कार्य कराएं।

चुनाव के मद्देनज़र बीडीसी सदस्यों को गिनाईं भाजपा सरकार की उपलब्धियां

●चुनाव के दृष्टिगत ग्रामीणांचल के प्रतिनिधियों को साधने का प्रयास

संवाददाता। उरई, जालौन

केंद्र व प्रदेश की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरशोर से शुरू करते हुये पार्टी कार्यकर्ताओं को जहां पूरी तरह से सक्रिय कर दिया तो वहीं ग्रामीणांचल की जनता से सीधे तौर पर जुड़े बीडीसी सदस्यों को प्रशिक्षण वर्ग के बहाने एकत्रित कर उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभपरक योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनका लाभ पात्र लोगों को पहुंचाने का संदेश दिया।

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा उरई के क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग एलएस गार्डन जालौन में किया गया जिसमें प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री सांसद भानु प्रताप वर्मा रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की। केंद्रीय राज्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जिसमें उन्होंने फोर लेन, किसान सम्मान निधि, शौचालय, गैस सब्सिडी जैसी अनेक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरी शंकर ने कहा कि जो विकास कार्य भाजपा सरकार ने पिछले वर्षों में प्रदेश में कराये गये उससे सीधे तौर पर आम जनता को बड़े स्तर पर लाभ मिला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष उदयन पालीवाल ने की। सदर विधायक ने कुशल जनप्रतिनिधि के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुये उन्होंने बीडीसी के सभी सदस्यों से कहा कि अपने अधिकार को पहचाने और उससे जनता की मदद करें। तृतीय सत्र के मुख्य अतिथि उदयन पालीवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने की एवं चतुर्थ सत्र की मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित रहीं।

गुरु पादुका पूजन के साथ किया गया 112वें श्री तारा नेत्र यज्ञ का शुभारम्भ

संवाददाता। चित्रकूट

परम पूज्य सन्त रणछोड़दास जी महाराज के कर कमलों द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नेत्र चिकित्सालय में शुक्रवार 17 नवंबर कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को 112 वें श्री तारा नेत्रयज्ञ का शुभारम्भ हुआ।

प्रतिवर्ष इस दिवस पर पूज्य सदगुरुदेव रणछोड़दास जी महाराज के जन्म जयंती के रूप में उनके भक्तजन एवं श्रद्धालु पूर्ण समर्पण एवं श्रद्धाभाव से मनाते हैं। इसी दिन वर्ष 1950 में चित्रकूट के प्रमोदवन में गुरुदेव द्वारा प्रथम नेत्रयज्ञ का आयोजन किया गया था। जिसमें मुम्बई से चिकित्सकों एवं कार्यकर्ताओ की टीम आयी थी और कच्चे बैरक और टेंट में 950 मोतियाबिंद के ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुए थे। तब से लेकर आज तक नेत्रयज्ञ का क्रम अनवरत चलता आ रहा है।

जिसमें आज तक संस्था द्वारा नेत्र यज्ञ के माध्यम से लाखों लोगों को रोशनी प्रदान की गई। इस वर्ष 112 वें तारा नेत्रयज्ञ का शुभारंभ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ बीके जैन उनकी धर्म पत्नी श्रीमती ऊषा जैन एवं ट्रस्टी डा इलेश जैन द्वारा किया गया। सर्वप्रथम प्रात: काल रघुवीर मन्दिर में सदगुरु परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में विधि-विधानपूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्यों द्वारा गुरु पादुका पूजन सम्पन्न हुआ।

खाटू श्याम दरबार में उमड़ी दर्शनार्थियों की भारी भीड़

संवाददाता। कोंच, जालौन

खाटू श्याम के भक्तों की भारी भीड़ गुरुवार की रात बड़ा मील में उमड़ पड़ी जहां बाबा का दिव्य और भव्य दरबार सजा था। कलाकारों द्वारा गाए गए भजनों पर भक्तजन झूमते हुए खूब नाचे और बाबा के जयकारे लगाए। बाबा खाटू श्याम की ज्योति के साथ बाबा को लगाए गए छप्पन भोग का दर्शन कर लोग कृतकृत्य हो गए।बड़ा मील में गुरुवार रात संजोए गए कार्यक्रम की शुरुआत बाबा की प्रतिमा के समक्ष पूजन से हुई, तत्पश्चात भजनों का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा। कलाकारों ने बाबा खाटू श्याम को समर्पित तमाम भजन गाए जिन पर भक्त श्रोता झूम कर घंटों नाचते व बाबा की जय जयकार करते रहे। श्याम तेरी यारी ने दीवाना बना दिया, दीवाना बना दिया मस्ताना बना दिया और जुबां पे राधा राधा राधा नाम हो जाए जैसे भजनों को सुन भक्त भावविभोर हो गए। पागल श्याम प्रेमी परिवार की ओर से आयोजित श्याम भजन संध्या में पूरा कोंच और बाहर से आए सैकड़ों भक्त खाटू श्याम के रंग में रंगे नजर आए।

डीएम ने की स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ओडीएफ व माडल ग्रामों की प्रगति समीक्षा

संवाददाता। फतेहपुर

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, शौचालय निर्माण/ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रगति, ओडीएफ व माडल ग्रामों की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्रामों में कराए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उनका सत्यापन कराते हुए व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य कराया जाये। निर्माणाधीन शौचालयों की प्रथम किस्त निर्गत की जा चुकी है, कि जीओ टैगिंग शत प्रतिशत कराकर द्वितीय किस्त की मांग पूरी कराते हुए शौचालय निर्माण कार्य पूरा कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि शौचालय निर्माण की प्रगति जिन ब्लाको की ठीक नहीं है उनकी प्रतिदिन की रिपोर्ट लेकर कार्य पूरा कराएं। साथ ही प्रगति रिपोर्ट से अवगत भी कराएं।

वर्ष 2022-23 में चयनित माडल ग्रामों, गंगा ग्रामों में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक प्लास्टिक बैंक, ई-रिक्शा, सामुदायिक खाद गड्ढा, सामुदायिक कचरा पात्र, हैंडपंप, सोक पिट, भूमिगत नाली निर्माण, यू टाइप नाली निर्माण, सिल्ट कैचर नालियों पर सामुदायिक संस्था सोक पिट, हैंडपंप प्लेटफार्म रिट्रोफिटिंग, सामुदायिक इंसिननेटर, सामुदायिक, व्यक्तिगत नाडेफ , फिल्टर चेंबर, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट, व्यक्तिगत सोक पिट, व्यक्तिगत खाद गड्ढे के कार्य जिन ग्रामों में अवशेष हैं जल्द से जल्द पूरा कराया जाये।

साथ ही शासनादेश के अनुसार उक्त कार्यों के लिए 70 प्रतिशत स्वच्छ भारत मिशन, 30 प्रतिशत वित्तीय (15 वां वित्त आयोग) मनरेगा व अन्य मद से कराया जाना है। उस बारे में अवगत कराएं।

क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा विधायक ने छात्र-छात्राओं को बांटे मोबाइल

संवाददाता। रसूलाबाद, कानपुर देहात

क्षेत्र के पाल नगर स्थित मां वैष्णो देवी डिग्री कालेज में भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने मोबाइल वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान नहीं मिलता। गुरु के बिन ईश्वर की प्राप्त नहीं हो सकती है।

गुरु द्वारा दी गई शिक्षा बच्चों के अंदर पहुंचती है उससे ही देश महान बनता है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक समय में मोबाइल का प्रयोग अधिक हो गया है। जिसको देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा चल रही योजना के तहत बीए, बीएससी के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि प्रकाश पाल एवं रसूलाबाद क्षेत्र की विधायक पूनम संखवार द्वारा करीब 150 छात्र-छात्राओं को मोबाइल वितरित किए गए।

वहीं कार्यक्रम में पहुंची भाजपा विधायक ने मौजूद छात्राओं से कहा कि आज के समय में मोबाइल फोन से शिक्षा लेना बेहतर है क्योंकि बहुत सी ऐसी जानकारियां हैं जो कि इंटरनेट द्वारा आसानी से ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि आप लोग मोबाइल का सही इस्तेमाल करें और अपनी पढ़ाई के लिए ही इस मोबाइल का प्रयोग करें।

पेज एक का शेष

बड़ा संकट...

के शहडोल के आदिवासी क्षेत्र की अपनी यात्रा को याद किया जहां उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं के साथ संवाद किया था। उन्होंने कहा कि वह उनकी सफलताओं, बढ़ते आत्मविश्वास और आकांक्षाओं से बहुत प्रभावित हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी दौरान उनके मन में स्वयं सहायता समूहों में शामिल दो करोड़ से अधिक महिलाओं की मदद के लिए लखपति दीदी का विचार आया। उन्होंने कहा कि जनता का यह विश्वास देश को 2047 तक विकसित बनाएगा। उन्होंने मीडिया से किन्हीं 10 शहरों को लेकर कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया कि वे कैसे विकास कर सकते हैं और एक हजार अरब रुपए की अर्थव्यवस्था बन सकते हैं या फिर अपनी अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना कैसे कर सकते हैं। मोदी ने कहा, ए शहर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था का ड्राइविंग इंजन बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान बढ़ते बाजार के पीछे बढ़ती आकांक्षाएं भी एक कारण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबी से बाहर निकाले गए 13.5 करोड़ से अधिक लोग जीवन में बेहतर चीजों की तलाश में आकांक्षी वर्ग में शामिल हो गए हैं। उन्होंने स्वच्छता कार्यक्रमों को मिल रहे मीडिया के समर्थन की भी प्रशंसा की और कहा कि इससे उम्मीदें भी बढ़ी हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों, खासकर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों के छठ मनाने के बीच उन्होंने कहा कि अच्छी बात है कि यह पर्व अब देश के विभिन्न हिस्सों में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के उदय ने दुर्गा पूजा और नवरात्रि जैसे त्योहारों को वैश्विक होते देखा है। भाजपा द्वारा पिछले कई वर्षों के अंतराल के बाद दिवाली मिलन की मेजबानी किए जाने के बीच प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड-19 का पूरी तरह से गायब होना इस बार लोगों की खुशी में दिख रहा है। पत्रकारों, विशेष रूप से युवा पत्रकारों के न केवल वायरस संक्रमण बल्कि अन्य बीमारियों की चपेट में आने के मामलों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने उनके नियमित स्वास्थ्य जांच कराने पर जोर दिया और कहा कि वे भी नेताओं की तरह तनावपूर्ण और व्यस्त जीवन जीते हैं।

सुरंग में...

तक एक वैकल्पिक सुरंग बन जाए और श्रमिक उसके माध्यम से बाहर आ जाएं। राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना विकास कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से सुरंग बना रही नवयुग इंजीनियरिंग लिमिटेड के जनसंपर्क अधिकारी जीएल नाथ ने कहा, सभी श्रमिक ठीक हैं। ऑगर मशीन भी भली-भांति काम कर रही है। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि उन लोगों को जल्द से जल्द बाहर निकाल लिया जाए। काम की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मलबे में ड्रिलिंग कर चार पाइप डाले जा चुके हैं जबकि पांचवें पाइप को डाले जाने की कार्यवाही जारी है। इससे पहले, मंगलवार देर रात एक छोटी ऑगर मशीन से मलबे में ड्रिलिंग शुरू की गई थी, लेकिन इस दौरान भूस्खलन होने से काम को बीच में रोकना पड़ा था। बाद में वह ऑगर मशीन भी खराब हो गई थी। इसके बाद भारतीय वायुसेना के सी-130 हरक्यूलिस विमानों के जरिए 25 टन वजनी बड़ी, अत्याधुनिक और शक्तिशाली अमेरिकी ऑगर मशीन दो हिस्सों में दिल्ली से उत्तरकाशी पहुंचाई गई जिससे बृहस्पतिवार को दोबारा ड्रिलिंग शुरू की गई। अधिकारियों ने बताया कि सुरंग में फंसे श्रमिकों को लगातार खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, उन्हें ऑक्सीजन, बिजली, दवाइयां और पानी भी पाइप के जरिए निरंतर पहुंचाया जा रहा है। श्रमिकों से निरंतर बातचीत जारी है और बीच-बीच में उनकी उनके परिजनों से भी बात कराई जा रही है। उत्तरकाशी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएस पंवार ने कहा कि सुरंग के पास एक छह बिस्तरों का अस्थाई चिकित्सालय तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मौके पर 10 एंबुलेंस के साथ कई मेडिकल टीम भी तैनात हैं ताकि श्रमिकों को बाहर निकलने पर उनकी तत्काल चिकित्सकीय मदद दी जा सके। हर मौसम के अनुकूल चारधाम सड़क परियोजना के तहत निर्माणाधीन सुरंग का सिलक्यारा की ओर के मुहाने से 270 मीटर अंदर एक हिस्सा रविवार सुबह ढह गया था जिसके बाद से उसमें फंसे 40 श्रमिकों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश...

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए मार्ग प्रशस्त किया था। हाई वोल्टेज राजनीतिक लड़ाई के बीच एक महत्वपूर्ण बात यह थी कि विपक्षी दलों के नवगठित इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आप चुनाव लड़ रहे थे और संबंधित दलों के नेताओं के खिलाफ मौखिक द्वंद्व भी चल रहा था। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक मध्य प्रदेश में 230 सदस्यीय विधान सभा के लिए शाम 5 बजे तक 73.01 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि छत्तीसगढ़ में संभावित मतदान प्रतिशत 68.15 प्रतिशत था, शाम 5 बजे तक विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच राज्य के गरियाबंद जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए विस्फोट में एक आईटीबीपी जवान के मारे जाने की भी खबर है। पहला चरण 7 नवंबर को नक्सल बेल्ट में हुआ था। एमपी के नक्सल प्रभावित बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों में मतदान दोपहर 3 बजे ही समाप्त हो गया, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में शाम 6 बजे तक मतदान जारी रहा। बालाघाट जिले के बैहर विधानसभा क्षेत्र में 80.38 प्रतिशत, लांझी में 75.07 प्रतिशत और परसवाड़ा में 81.56 प्रतिशत मतदान हुआ। मैदान में 2,533 उम्मीदवार हैं, जिनमें भाजपा के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके पूर्ववर्ती और राज्य कांग्रेस प्रमुख कमल नाथ शामिल हैं। चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित चुनाव लड़ने वाले दलों के शीर्ष नेताओं ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में रैलियों को संबोधित किया, रोड शो किए, आरोप लगाए और अपने उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने के लिए कई वादे किए। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए कुल 2,533 उम्मीदवार मैदान में हैं, जहां सत्ता के लिए मुख्य लड़ाई सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच है। मप्र में 5,60,60,925 मतदाताओं में 2,88,25,607 पुरुष, 2,72,33,945 महिलाएं और 1,373 तीसरे लिंग के व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। 2018 के चुनाव के बाद कांग्रेस 114 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और उसने कमल नाथ के नेतृत्व में बसपा, सपा और निर्दलीय विधायकों की मदद से सरकार बनाई थी। हालाँकि मार्च 2020 में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके प्रति वफादार कांग्रेस विधायकों के विद्रोह के बाद नाथ शासन का पतन हो गया, जिससे शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की वापसी का मार्ग प्रशस्त हुआ। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, उनकी पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी-वाड्रा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस (तीनों भाजपा से) ने अंतिम समय में अपने अपने उम्मीदवारों के लिए मतदाताओं को लुभाने की कोशिशें कीं। आखिरी दिन समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी रैलियों को संबोधित किया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन, मोदी ने तीन चुनावी रैलियों को संबोधित किया और इंदौर में एक रोड शो किया। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के मुख्य रणनीतिकार अमित शाह ने भी मंगलवार को जबलपुर में इतनी ही संख्या में सभाओं को संबोधित किया और रोड शो किया। प्रचार अभियान में विपक्षी गठबंधन इंडिया में भी दरार देखी गई, जिसके घटक कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और आम आदमी पार्टी (आप) ने चुनाव पूर्व गठबंधन में विफल रहने के बाद एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारे। उनके नेता भी शब्द युद्ध में उलझे रहे। भाजपा ने इस बात पर जोर दिया कि उसने मध्य प्रदेश को 'बीमारू' (पिछड़े) श्रेणी से बाहर निकाला है, जब बिजली कटौती, सड़कों की दयनीय स्थिति और पानी की कमी आम बात थी और लोगों को आगाह किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में लौटी तो वह राज्य को फिर से बर्बाद कर देगी।

दो मुठभेड़ों...

बताया कि आतंकवादियों ने सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी वाले क्षेत्र के चारों ओर कड़ी घेराबंदी कर रखी थी, लेकिन रात के समय इस अभियान को रोकना पड़ा। उन्होंने बताया कि कुलगाम के नेहामा इलाके के समनो में रातभर शांति रहने के बाद शुक्रवार तड़के गोलीबारी हुई। उन्होंने कहा कि जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे, आज सुबह हुई गोलीबारी में उसमें आग लग गई, जिससे आतंकवादियों को बाहर निकलना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान समीर अहमद शेख (पीएएफएफ), यासिर बिलाल भट, दानिश अहमद ठोकर, हंजुल्ला याकूब शाह और उबैद अहमद पैडर (सभी टीआरएफ के सदस्य) के रूप में हुई है। शेख ने 2021 में आतंकवाद की दुनिया में कदम रखा था जबकि अन्य पिछले साल या इस वर्ष इसमें शामिल हुए थे। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार पीएएफएफ और टीआरएफ लश्कर के मुखौटा संगठन हैं। अभियान के बारे में मीडिया को बताते हुए दक्षिण कश्मीर क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रईस भट ने कहा कि समनो गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में गोपनीय सूचना पर यह अभियान चलाया गया था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में गोपनीय सूचना मिलने पर और जम्मू-कश्मीर पुलिस तथा सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स, सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन ने बृहस्पतिवार को समनो में एक संयुक्त अभियान शुरू किया था। एक घर में छिपे लश्कर के आतंकियों से संपर्क साधा गया। इसके बाद हुई मुठभेड़ में पांच आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मारे गए आतंकवादी सुरक्षा बलों पर हमले और नागरिकों पर अत्याचार सहित कई आतंकी गतिविधियों में शामिल थे। अधिकारी ने कहा, यह एक बड़ी सफलता है क्योंकि ये आतंकवादी अल्पसंख्यकों पर हुए कई हमलों में शामिल थे...आतंकवादियों के सफाए से यहां सक्रिय संगठनों को गंभीर झटका लगा है और हमारा मानना है कि आगे और भी सफलताएं मिलने वाली हैं। डीआईजी ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से चार एके-राइफल, चार ग्रेनेड और दो पिस्तौल सहित आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। जम्मू क्षेत्र के राजौरी जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के संयुक्त दल के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस की एक प्रवक्ता ने बताया कि एक गोपनीय सूचना पर बुद्धल तहसील के गुलेर-बेहरोट इलाके में सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक संयुक्त टीम ने घेराबंदी और तलाशी अभियान (सीएएसओ) चलाया और इसी दौरान सुबह मुठभेड़ हुई। प्रवक्ता ने बताया कि जब सुरक्षाकर्मी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे थे तो आतंकवादी ने एक घर से उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि गोलीबारी कुछ देर तक जारी रही और इस दौरान एक आतंकवादी मारा गया। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल, तीन मैगजीन और तीन ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि आतंकवादी की पहचान की जा रही है।

नई बनने...

को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज्ड किया जाना चाहिए। आईआईटी, एकेटीयू, एमएमएमयूटी जैसे संस्थानों से सहयोग लें। सड़क निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश की एफ्डीआर तकनीक को भारत सरकार ने सराहा है। इसे लोक निर्माण विभाग में भी प्रभावी करें। कहीं भी मैनपावर की कमी न रहे। हमें नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होने तक आउटसोर्सिंग के माध्यम से योग्य युवाओं को जोड़ना चाहिए। गेट जैसे राष्ट्रीय परीक्षा को आधार मानकर उनकी योग्यता का प्रारंभिक आंकलन किया जा सकता है। ऐसे युवाओं को नियमित सेवा में वेटेज दिया जाए। इस संबंध में नीति/गाइडलाइन तैयार कर प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करे कि कहीं भी लोकहित से जुड़ी किसी परियोजना में माफिया/अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को स्थान न मिले। उनके करीबी रिश्तेदारों और गैंग के गुर्गों को भी ठेके-पट्टे से दूर रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए सड़क बनाने वाली एजेंसी/ठेकेदार सड़क बनने के अगले 5 वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं। ग्रामीण मार्गों का यातायात एवं अन्य बिंदुओं पर आधारित चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार करें। निविदा प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना चाहिए। योग्यता अनुभवए निष्ठा को वरीयता दें। भवन कार्यों हेतु केंद्रीय लोक निर्माण विभाग आधारित प्रदेशव्यापी एकल यूनिफ इड शेड्यूल रेट्स को अपनाया जाना चाहिए। इस पर विधिवत विचार किया जाए। ग्रामीण मार्गों से अन्य जिला मार्ग एवं अन्य जिला मार्गों से प्रमुख जिला मार्ग परिवर्तन हेतु नई नीति तैयार करें। व्यापक जनहित में ऐसा किया जाना आवश्यक है। लोक निर्माण विभाग के सभी राज्य मार्गों जिला मार्गों एवं अन्य जिला मार्ग सहित समस्त ग्रामीण मार्गों की भी जीआईएस मैपिंग कराई जाए। एक किलोमीटर से अधिक पारस्परिक दूरी के ग्रामों को आपस में जोड़ने हेतु इंटर कनेक्टिविटी ोजना को प्रभावी करें। विभाग में ई-ऑफिस का सफलतापूर्वक पायलट किया जा चुका है। अब विभागाध्यक्ष कार्यालय और शासन माइल संचलन पूर्णत: डिजिटल माध्यम से किया जाए। इससे समयबद्धता और पारदर्शिता बढ़ेगी।

भारतपे विवाद...

किया गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान उड़ान खाना हो गई और ईओडब्ल्यू ने आव्रजन को दोनों लोगों को घर लौटने देने को कहा। ग्रोवर ने कहा, आज सुबह ईओडब्ल्यू का समन घर पर पहुंचा। हमेशा की तरह सहयोग करुंगा। सूत्रों के मुताबिक हवाई अड्डे पर दंपति को रोके जाने पर ग्रोवर ने विरोध जताया था, वहीं खुद ग्रोवर ने कहा कि कोई नाटक नहीं हुआ था। ईओडब्ल्यू ने मई में ग्रोवर, उनकी पत्नी माधुरी और परिजनों दीपक गुप्ता, सुरेश जैन और श्वेतांक जैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। यह मामला भारतपे की एक शिकायत के बाद 81 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के लिए दर्ज किया गया था।

यमन में...

सजा के खिलाफ कानूनी उपाय अपनाने को कहा था। केंद्र से एक सप्ताह के भीतर निर्णय लेने को कहा था। प्रिया की मां ने अपनी याचिका में अदालत से कहा कि वह अपनी बेटी को बचाने के लिए 'ब्लड मनी' (अपराधी या उसके रिश्तेदारों द्वारा पीड़ित के परिवार को दिया जाने वाला मुआवजा) पर बातचीत करना चाहती हैं। महिला के वकील सुभाष चंद्रन केआर ने अदालत को बताया कि अपनी बेटी को फांसी से बचाने का एकमात्र तरीका मृतक के परिवार के साथ ब्लड मनी देकर बातचीत करना था, जिसके लिए वह यमन की यात्रा करना चाहती थी, लेकिन यात्रा प्रतिबंध के कारण वह वहां जाने में असमर्थ है। जवाब में न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि अभ्यावेदन को देखते हुए वर्तमान याचिका को एक अभ्यावेदन के रूप में माना जाए। प्रतिवादी को आज से एक सप्ताह के भीतर अभ्यावेदन पर निर्णय लेने का निर्देश दिया जाता है। प्रिया की रिहाई की वकालत करने वाले एक समूह 'सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' ने 2022 में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसमें केंद्र से अनुरोध किया गया कि वह 'राजनयिक हस्तक्षेप की सुविधा के साथ-साथ निमिषा प्रिया की ओर से पीड़िता के परिवार के साथ बातचीत करके उसे बचाए।

हमारा मकसद चीनी संबंधों को जिम्मेदारी से संभालना : अमेरिका

बाइडन-शी शिखर सम्मेलन

भाषा। सैन फ्रांसिस्को

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बैठक के एक दिन बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनका इरादा चीन के साथ संबंधों को जिम्मेदारी से संभालना है। बाइडन ने एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) के मुख्यकार्यकारी अधिकारियों के शिखर सम्मेलन में बृहस्पतिवार को कहा, मेरा इरादा अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा को जिम्मेदारी से संभालना है, इसके बारे में कल मेरे और शी के बीच संक्षिप्त चर्चा हुई थी। पूरी दुनिया हमसे यही उम्मीद रख रही है और मेरा आपसे वादा है कि यह करेंगे। इससे एक दिन पहले अमेरिका और चीन के राष्ट्रपतियों के बीच चार घंटे से भी अधिक समय तक द्विपक्षीय बातचीत हुई थी।, मैंने कल शी से मुलाकात की और इसका मकसद यह सुनिश्चित करना था कि हमारे बीच किसी प्रकार की गलतफहमी नहीं हो। मैंने उनसे दुनिया के किसी भी नेता से अधिक मुलाकात की है क्योंकि जब मैं उपराष्ट्रपति था तब मुझ पर उनके बारे में और जानने समझने की जिम्मेदारी थी... । अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि शी के साथ उनकी चर्चा हमेशा स्पष्ट और रचनात्मक रही है। इससे पहले हमारे बीच 68 घंटे की निजी बैठकें हुईं... मैंने राष्ट्रपति शी से पुन: जोर देकर कहा कि अमेरिका संघर्ष नहीं चाहता और कल हमने सेन से सेना के बीच संचार चैनलों को फिर से शुरू करने की घोषणा की ताकि दुर्योग से गलत आकलन करने के जोखिम को कम किया जा सके। हमने अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए भी लक्षित कार्रवाई की है। हम अपने मूल्यों और अपने हितों के प्रति दृढ़ रहेंगे। अमेरिका प्रशांत क्षेत्र में शक्तिशाली बना रहेगा। मेरी राष्ट्रपति शी के साथ संक्षिप्त बातचीत हुई और मैंने उन्हें याद दिलाया कि हमारी प्रशांत क्षेत्र में इतनी दिलचस्पी क्यों है, क्योंकि हम प्रशांत देश हैं और हमारे कारण क्षेत्र में शांति और सुरक्षा है और जिसके कारण आप आगे बढ़ रहे हैं। वह इससे असहमत नहीं हुए। अमेरिका के एपेक अर्थव्यवस्थाओं के साथ गहरे संबंध हैं। उन्होंने कहा, अमेरिकी निर्यात का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा साथी एपेक अर्थव्यवस्थाओं को जाता है। अमेरिका और एपेक देशों के बीच दोतरफा निवेश पूरे क्षेत्र में अच्छी नौकरियों और नए अवसरों के द्वार खोलता है।

अमेरिका ऐसी बातें कहना जारी रखेगा जो चीन को पसंद नहीं: ब्लिंकन

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग को तानाशाह करार देने वाली उनकी टिप्पणी का बचाव करते हुए विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका ऐसी बातें कहना जारी रखेगा जो चीन को पसंद नहीं है। सैन फ्रांसिस्को में बुधवार को एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के मौके पर एक साल से अधिक समय बाद हुई दोनों राष्ट्रपतियों की पहली मुलाकात और द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने को लेकर उपयोगी चर्चा के कुछ ही घंटे बाद बाइडन ने शी को तानाशाह बताया था। सीबीएस न्यूज ने अपनी खबर में बताया कि जब इस बात पर जोर देकर पूछा गया कि क्या बाइडन की टिप्पणियां चीन को लेकर अमेरिकी सरकार के रुख से संबंधित थीं, तो ब्लिंकन ने जवाब दिया कि राष्ट्रपति हम सभी के लिए ऐसा ही बोलते हैं। ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को कहा, राष्ट्रपति हमेशा खुलकर बोलते हैं और वह हम सभी के लिए भी ऐसा कहते रहते हैं।

बाइडन, शी की हालिया बैठक से अमेरिका-चीन संबंधों में कुछ प्रगति नजर आई हैः अमेरिकी मीडिया

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के बीच हालिया शिखर वार्ता एक सफलता की तरह लगती है और यह दोनों देशों के संबंधों में मामूली लेकिन गौर करने लायक बदलाव को दर्शाती है। अमेरिकी मीडिया में आई खबरों में यह कहा गया है। बाइडन और चिनफिंग ने बुधवार को सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) सम्मेलन से इतर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच चार घंटे चली बैठक के दौरान, उन्होंने ड्रग फेंटेनाइल नामक दवा पर कार्रवाई करने, सैन्य संचार बहाल करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर चर्चा शुरू करने पर सहमति जताई। बैठक के एक दिन बाद, न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित खबर में कहा गया, राष्ट्रपति बाइडन ने बुधवार को जब राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की, तो दोनों देशों के बीच संबंधों में मामूली लेकिन गौर करने योग्य बदलाव हुआ। दोनों देश पिछले कुछ वर्षों में अधिकांश समय एक-दूसरे की निंदा करने, और प्रतिबंध लगाने में उलझे रहे थे। हालांकि, वाशिंगटन पोस्ट ने शिखर वार्ता पर एक अलग विचार प्रकट किया है। इसके संपादकीय के अनुसार, अमेरिका और चीन के बीच संबंध इतने निचले स्तर पर पहुंच गए है कि राष्ट्रपति बाइडन की बुधवार को चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात को एक सफलता के तौर पर देखा गया। औपचारिक समझौतों की घोषणा के बावजूद यह वार्ता खाना-पूर्ति जैसी लगती है। नियमित संवाद, संघर्ष से बेहतर है। संपादकीय के अनुसार, अमेरिका और चीन के राष्ट्रपति के बीच आमने-सामने की बैठक बहाल होना महत्वपूर्ण है। बाइडन ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि दोनों नेताओं ने जरूरत पड़ने पर एक-दूसरे को फोन करने पर सहमति जताई है।

क्विक न्यूज

लंदन में सड़क पर हुए झगड़े में सिख किशोर की हत्या

लंदन। दक्षिण-पश्चिम लंदन में सड़क पर हुए एक झगड़े में एक सिख किशोर की चाकू मार कर हत्या कर दी गई है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि किशोर की पहचान सिमरजीत सिंह नांगपाल के रूप में की गई है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि सिमरजीत की हत्या के सिलसिले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों की उम्र 21, 27, 31 और 71 वर्ष बताई गई है। सिमरजीत की हत्या बुधवार तड़के लंदन के हाउंस्लो क्षेत्र में हुई थी। पुलिस की विशेषज्ञ अपराध इकाई के जासूसों ने कहा कि वे 17 वर्षीय सिमरजीत की दुखद मौत से जुड़ी घटनाओं की जांच जारी रखेंगे और सिख समुदाय को इस हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए कड़ी मेहनत करने का आश्वासन दिया। जासूस पुलिस निरीक्षक मार्टिन थोर्पे ने कहा, हम सिमरजीत की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को ढूंढने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं, क्योंकि उसके परिवार के सदस्य इस घटना से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और हमारी पूछताछ जारी है।

रीजीजू ने श्रीलंका के राष्ट्रपति से मुलाकात की

माले। पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को मालदीव में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की और दोनो देशो के बीच बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधो पर चर्चा की। रीजीजू मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने के लिए भारत के प्रतिनिधि के तौर पर यहां पहुंचे है। उन्होने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व मे ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा, डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ श्रीलंका के राष्ट्रपति महामहिम रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत-श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय संबंधो पर चर्चा की, जो बहुआयामी है और माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पड़ोस प्रथम और सागर नीति के तहत एक प्राथमिकता है। भारत की पड़ोस प्रथम नीति का उद्देश्य संपर्क को बढ़ाना, व्यापार और निवेश को बढ़ाना और एक सुरक्षित और स्थिर पड़ोस का निर्माण करना है।

बाइडन से तिब्बती लोगों से सीधी बातचीत के लिए चीन पर दबाव बनाने का अनुरोध

सैन फ्रांसिस्को। तिब्बत मामले पर एक अंतरराष्ट्रीय संगठन ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई बैठक के दौरान तिब्बत के मुद्दे पर कोई चर्चा नही हुई और उसने बाइडन से अपील की है कि वह तिब्बती लोगों के प्रतिनिधियों से सीधी बातचीत के लिए चीन पर दबाव बनाएं। इंटरनेशनल कैंपेन फॉर तिब्बत ने एक बयान में कहा , शी और बाइडन के बीच बैठक ऐसे वक्त पर हुई है जब चीन के नेता का तिब्बत पर नियंत्रण है जिसमें तिब्बती पठार में लोगों का दमन और तिब्बती लोगों पर उसका गंभीर असर शामिल है। चिंताएं सीधे तौरे पर राष्ट्रपति शी के समक्ष उठाया जाना बेहद जरूरी है। संगठन ने कहा कि तिब्बत,उइगर और कई अन्य समूहों जिनमें चीन के लोग भी शामिल है उन्हे अपनी परेशानियो के बारे मे बात करने और चीन की सरकार से उन्हे दूर करने की मांग करने की आजादी नही है।

आर्मेनिया की राजधानी में विवि की इमारत में विस्फोट, एक की मौत, तीन घायल

एरेवान। आर्मेनिया की राजधानी एरेवान में शुक्रवार को एक विश्वविद्यालय की इमारत में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने कहा कि विस्फोट एरेवान स्टेट यूनिवर्सिटी में रसायन विज्ञान विभाग की इमारत में हुआ। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए जिनमें से एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। अधिकारी विस्फोट के कारण की जांच कर रहे हैं।

रीजीजू ने मालदीव में महत्वपूर्ण संपर्क परियोजना का जायजा लिया

माले। पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को मालदीव में भारत द्वारा वित्त पोषित प्रमुख संपर्क परियोजना के कार्य की प्रगति का जायजा लिया। रीजीजू मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत के लिए भारत के प्रतिनिधि के तौर पर यहां पहुंचे है। ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट (जीएमसीपी) परियोजना के तहत, राजधानी शहर माले को विलिंग्ली, गुलहिफाल्हू और थिलाफुशी के निकटवर्ती द्वीपों से जोड़ने के लिए 6.74 किलोमीटर लंबा पुल और सेतु संपर्क का निर्माण किया जाएगा। रीजीजू ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, मालदीव में जीएमसीपी के कार्यों की प्रगति देखकर खुशी हुई। यह परियोजना भारत सरकार के रियायती ऋण और अनुदान सुविधा के तहत निर्मित की जा रही है और इससे ग्रेटर माले क्षेत्र में आर्थिक विकास और समृद्धि आने की उम्मीद है।

शिकागो में यात्री ट्रेन के रेल उपकरण से टकराने से कम से कम 40 यात्री घायल

शिकागो (अमेरिका)। अमेरिका के शिकागो में बृहस्पतिवार को एक यात्री ट्रेन के रेल उपकरण से टकरा जाने के कारण कम से कम 40 यात्री घायल हो गए, जिनमें से कुछ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दमकल अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शिकागो दमकल विभाग ने कहा कि शिकागो ट्रांजिट अथॉरिटी (सीटीए) की यह ट्रेन शहर के उत्तरी हिस्से में हॉवर्ड सिटीए स्टेशन के पास पूर्वाह्न करीब 10 बजकर 35 मिनट से कुछ पहले बर्फ हटाने वाले एक उपकरण से टकरा गई। दमकल विभाग के द्वितीय जिला प्रमुख ने बताया कि यह एलो लाइन ट्रेन 31 यात्रियों और सात सीटीए कर्मियों को लेकर स्कोकी से दक्षिण की ओर जा रही थी उसी दौरान वह रेल उपकरण से टकरा गई। सहायक अर्धचिकित्सा उपप्रमुख कीथ ग्रे ने बताया कि चार बच्चों समेत 38 लोग घायल हो गए जिनमें तीन की हालत गंभीर है। घटनास्थल पर कम से कम 15 एम्बुलेंस भेजी गईं। सीटीए अधिकारियों ने कहा कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। सीटीए ने अपनी वेबसाइट में कहा कि दुर्घटना के कारण रेड, पर्पल, एलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया है।

दक्षिणी जर्मनी में रेल हादसा, कुछ लोग घायल

बर्लिन। दक्षिणी जर्मनी में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रेन और एक क्षेत्रीय ट्रेन के बीच हल्की टक्कर हुई, जिसमें कई लोग मामूली तौर घायल हुए है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने एक्स पर बताया कि इंगोल्स्तद और म्युनिक के बीच रीचर्टशौसेन पर एक तेज रफ्तार आईसीई ट्रेन दूसरी क्षेत्रीय ट्रेन से रगड़ खाते हुए निकल गई।पुलिस ने बताया कि सात लोग मामूली तौर पर घायल हुए है और ट्रेनो को खाली कराया गया।

संरा सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व के अभाव पर ग्लोबल साउथ के देशों की सामूहिक नाराजगी को साझा करते हैं: भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

भारत ने कहा है कि वह ग्लोबल साउथ के देशों की उस सामूहिक नाराजगी को साझा करता है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उच्च स्तर पर इन देशों से संबंधित अहम मुद्दों पर उनकी कोई आवाज या प्रतिनिधित्व नहीं है। भारत इन राष्ट्रों के साथ इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक संकटों के प्रसार से निपटने के लिए एक अधिक प्रतिनिधित्व करने वाले यूएनएससी की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था के कई पहलुओं में तत्काल सुधार की आवश्यकता है और इनमें से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद(यूएनएससी) में सुधार को एक महत्वपूर्ण और तत्काल प्राथमिकता के रूप में पहचाना गया। कंबोज ने कहा, समूहिक अपील के बावजूद, अब तक हमारे पास दिखाने के लिए कोई परिणाम नहीं है। ऐसा क्यों? सुरक्षा परिषद में समान प्रतिनिधित्व और इसकी सदस्यता में वृद्धि के सवाल पर बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कंबोज ने कहा, ग्लोबल साउथ के सदस्य के रूप में हम उसकी सामूहिक नाराजगी को साझा करते हैं कि उससे (ग्लोबल साउथ) से संबंधित चिंता के प्रमुख मुद्दों पर उच्च स्तर पर हमारी कोई आवाज नहीं है। उन्होंने कहा कि 164 सदस्य देश यूएनएससी में सुधार पर वार्ता की बुनियाद के रूप में एक ठोस पाठ के लिए अपील करने में शामिल हुए हैं। कंबोज ने कहा कि इतना ज़बरदस्त समर्थन इस बात पर ज़ोर देता है कि सुरक्षा परिषद में सुधार में किसी भी तरह की और देरी इसके प्रतिनिधित्व की कमी को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि वैधता और प्रभावशीलता, दोनों के लिहाज से प्रतिनिधित्व एक अनिवार्य शर्त है। फिलहाल यूएनएससी में पांच स्थाई और 10 अस्थाई सदस्य देश हैं। अस्थाई सदस्य देशों का चुनाव दो-दो साल के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा किया जाता है। पांच स्थाई सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन,

फ्रांस और अमेरिका हैं और ए देश किसी भी प्रस्ताव पर वीटो कर सकते हैं। कंबोज ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यूएनएससी में सुधार पर अंतर सरकारी वार्ता की शुरुआत के 15 वर्षों के बाद भी सदस्य देशों के बीच संवाद काफी हद तक एक-दूसरे के साथ बयानों के आदान-प्रदान तक ही सीमित है।

उन्होंने कहा, पाठ पर कोई चर्चा नहीं। कोई समय सीमा नहीं और कोई निश्चित अंतिम लक्ष्य नहीं है। हम हर साल आते हैं, बयान देते हैं और खाली हाथ लौट जाते हैं। ब्राजील, भारत, जापान और स्वयं समेत चार देशों के समूह (जी 4) की ओर से जर्मनी ने कहा कि सुधार की तात्कालिकता को बढ़ा-चढ़ाकर नहीं कहा जा सकता। सुरक्षा परिषद की वर्तमान संरचना समसामयिक भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने में नाकाम रही है और यह वर्तमान वैश्विक चुनौतियों से निपटने में प्रभावी नहीं है।

राष्ट्रों के बीच विश्वास की कमी संघर्ष की ओर ले जा रहा : प्रधानमंत्री शेख हसीना

ढाका। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रो के बीच विश्वास की कमी एवं अंतरराष्ट्रीय कानूनों के प्रति सम्मान का अभाव यूक्रेन संघर्ष और फ्लस्तीन में नरसंहार की ओर ले गया। उन्होंने वैश्विक नेताओं से टकराव को खत्म करने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। हसीना ने भारत द्वारा आयोजित दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने फ्लस्तीनियों की स्थिति पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, वक्त आ गया है कि हम सभी एक विश्व के रूप में एकजुट हों और संघर्ष को खत्म करने की मांग करें। सम्मेलन में 125 देशो के प्रतिनिधियो ने

हिस्सा लिया। हसीना यहां अपने गणोभवन आधिकारिक आवास से डिजिटल माध्यम से सम्मेलन में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ मुश्किल दौर से गुजर रहा है और नई चुनौतियों का सामना कर रहा है क्योंकि विश्वास में कमी के चलते अब एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिबंध लगाए जा रहे है।

पाक के पूर्व सेना प्रमुख की पोती लाहौर जेल से रिहा होने के बाद फिर गिरफ्तार

लाहौर। पाकिस्तान सेना के पूर्व प्रमुख की पोती और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी की नेता खदीजा शाह को यहां शुक्रवार को जेल से रिहाई के तुरंत बाद फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। खदीजा को नौ मई को हुई हिंसा मे कथित तौर पर उनकी संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया था। जनरल आसिफ नवाज जंजुआ की पोती और पेशे से फैशन डिजाइनर खदीजा को पंजाब प्रांत में स्थित लाहौर की कोट लखपत जेल से रिहा होने को तुरंत बाद सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव (एमपीओ) अध्यादेश के तहत 30 दिनो की अवधि के लिए हिरासत में ले लिया गया। पंजाब पुलिस ने बताया, उनकी रिहाई से प्रांत मे कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति पैदा हो सकती है। लाहौर कोर कमांडर हाउस पर हमले के संबंध मे शाह पिछले छह महीनों से जेल मे कैद थी। लाहौर कोर कमांडर हाउस पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के बेटे के स्वामित्व वाली जगह है। देशभर में पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के कम से कम 10 हजार नेताओ और कार्यकर्ताओ को नौ मई को रावलपिंडी मे सेना मुख्यालय सहित सरकारी संस्थानो व सैन्य ठिकानों और फैसलाबाद शहर में आईएसआई इमारत पर कथित तौर पर हमला तथा आगजनी करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। पीटीआई कार्यकर्ताओ ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान की भ्रष्टाचार के मामले मे गिरफ्तारी के बाद कथित हमला किया था। शाह को सभी चार आतंकवादी मामलो मे जमानत मिल गई थी और शुक्रवार को लाहौर की आतंक रोधी अदालत ने उन्हें तत्काल रिहा करने का आदेश दिया था। हालांकि जैसे ही खदीजा जेल से बाहर निकली, भारी संख्या मे पुलिस बल कोट लखपत जेल के बाहर पहुंचा और सार्वजनिक व्यवस्था अध्यादेश का हवाला देते हुए उन्हे फिर से गिरफ्तार कर लिया गया।

ओसामा का पता लगाने में सीआईए की मदद करने वाले चिकित्सक की पत्नी, बच्चों का नाम सूची से हटाने का आदेश

पेशावर। पाकिस्तान की एक अदालत ने ऐबटाबाद शहर मे आतंकी संगठन अल-कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन का पता लगाने मे अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए की मदद करने को लेकर 2011 से जेल मे बंद डॉ. शकील अफरीदी की पत्नी और बच्चो के नाम एग्जिट कंट्रोल लिस्ट से हटाने का आदेश दिया है। एग्जिट कंट्रोल लिस्ट एक ऐसी सूची है, जिसमे उन लोगों के नाम होते है जिनके पाकिस्तान छोड़ने पर विभिन्न कानूनी कारणों से प्रतिबंध लगा दिया जाता है। पेशावर उच्च न्यायालय की एकल सदस्ईय पीठ ने अफरीदी की पत्नी इमराना शकील द्वारा दायर एक रिट याचिका पर बृहस्पतिवार को यह आदेश दिया। याचिकाकर्ता के वकील आरिफ जान अफरीदी ने अदालत को सूचित किया कि उनके मुवक्किल को अमेरिका के लिए जासूसी के आरोप मे गिरफ्तार किया गया है और पाकिस्तान की विभिन्न अदालतो ने 23 साल की सजा सुनाई है। वकील ने कहा कि(डॉ. अफरीदी की) पत्नी और बच्चो का नाम सरकार द्वारा इस सूची मे डाल दिया गया है और इसलिए वे कही नही जा सकते। वकील ने कहा, मेरी मुवक्किल इमराना शकील के खिलाफ कोई अपराध साबित नही हुआ है। न ही उसे अभी तक गिरफ्तार किया गया है। इमराना शकील और उनके बच्चो का नाम केवल कुछ रिपोर्ट के आधार पर सूची मे रखा गया है। डिप्टी अटॉर्नी जनरल ने अदालत को बताया कि सुरक्षा एजेंसियो की रिपोर्ट पर उनके नाम ईसीएल मे रखे गए है और कहा कि चूंकि, वर्तमान मे, देश मे कार्यवाहक सरकार है, इसलिए उनके पास सूची से नाम हटाने की शक्ति नही है।

PUBLIC NOTICE
It is to inform to the public at large that **Mrs. Renu Devi** W/o. Mr. Om Prakash Shrivastav who is purchasing the Built-up Private Flat No. 102, First Floor (Back Side), without roof/terrace rights, area measuring 55 Sq. Yards i.e., 46 Sq. Mtrs., built on Property No. RZM-292-B (Old Plot No.1061), out of Khasra No.58/18/1, situated in revenue estate of Village Palam, Delhi State Delhi, colony known as Raj Nagar-II, Palam Colony, New Delhi-110077; from **Mr. Vikram Kumar** S/o.Mr. Suresh Chand, who is owner of the aforesaid property vide Sale Certificate dated 09.08.2023, which is registered vide Document No. 9382, at Sub-Registrar-IX, New Delhi, on 12.08.2023; and same to be finance & mortgage by **Shubham Housing Development Finance Co. Limited**. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07** days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc. **Lucem Legal LLP**
Plot No.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049, Contact # 011-40046316

PUBLIC NOTICE
It is to inform to the public at large that Mr. Raj Kumar who has purchased the Freehold Residential House area measuring 40 Sq. Yds., i.e., 33.44 Sq. Meters, out of Khasra No. 118, Situated in the area of Village Chotpur, Pargana & Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar, U.P. from Mr. Manni S/o Mr. Uday Pal Vide Sale Deed dated 24.07.2020 duly regd. on SR-II, Noida, as Doc. No. 4567, in Book No. 1, Vol. No. 11461, Page No. 393-420, dated 24.07.2020 and same to be financed by Ummeed Housing Finance Pvt. Ltd. That, Original Sale Deed dated 20.11.2010, executed by Mr. Ram Prasad S/o Mr. Tikaram and Mrs. Vimlesh W/o Mr. Ram Prasad in favour of Mr. Kelash Yadav S/o Late Mr. Vijay Pal duly regd. on SR-II, Noida, as Doc. No. 7231, in Book No. 1, Vol. No. 2924, Page No. 529-542, dated 20.11.2010. has been lost/misplace//or not available, Vide L.A.R. No. 20230000744499 dated 02.11.2023 U.P. Police. If any Person having any type of claim/right/ title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc. **Lucem Legal LLP**
Office No.G-03, at Ground Floor, on Plot No.D-61, Sector-2,Noida,UP-201301,Contact#0120-4130438

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given that my client Deepak Jain is in process to purchase the Ground Floor Portion Without Roof Rights of Property Bearing No. 1524 and Old No. 272, Area Measuring 117.61 Sq. mtrs., Out of Khasra No. 634/1, Situated in the area of Village Chandrawali @ Shahdara in the abadi of Dalhai Mohalla Bhola Nath Nagar, Illaqa Shahdara Delhi-110032 (availing loan from SHFL) from Navin Jain, who acquired the same vide Sale Deed dated 22.05.2013 executed by Radha Rani Behl (Doc No. 863)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given that my client Sanjay Kumar Agarwal is in process to purchase the Freehold Residential Plot no. R-9/1-D in Block-9 area measuring 168.27 sq. mtrs. situated at Residential Colony Rajnagar Ghaziabad Tehsil & Distt. Ghaziabad Uttar Pradesh (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) from Davinder Kumar Sivach, who acquired the said property vide Sale Deed dated 21.05.2018 executed by Sh. Rahul Arora (doc. No. 12605), she confirmed to our client that she is not having the below documents pertaining to the property in question for that she has lodged online FIR dated 17/11/23
- Original Sale Deed dated 19.12.2002 executed by Concerned Person in favour of Sh. Raj Karan Singh as Doc no. 7948

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given that my client Neha Arora is in process to purchase the Freehold Residential Entire Built-up First floor without roof rights of Property bearing no. RZ-A-30, Built on Plot no. 30, area measuring 50 sq. yds. Out of Khasra no. 9/4 Situated in the area of Village Aslatpur Delhi State Delhi Area Abadi Known as Indra Park Uttam Nagar New Delhi (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) from Ritika Dhiman, who acquired the said property vide Sale Deed dated 21.05.2018 executed by Sh. Rahul Arora (doc. No. 12605), she confirmed to our client that she is not having the below documents pertaining to the property in question for that she has lodged online FIR dated 27/10/23
- Original Sale Deed dated 17.09.2011 executed by Smt. Anita in favour of Smt. Sneh Arora (Doc no. 23978)
- Original Sale Deed dated 07.05.2012 executed by Smt. Sneh Arora in favour of Sh.Rahul Arora (Doc no. 12376)

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 14 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

रूस के बजट में एक बड़ा हिस्सा रक्षा मद में व्यय के लिए आवंटित किया गया

भाषा। लंदन

रूस की संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने शुक्रवार को संघीय बजट को मंजूरी दी, जिसने 2024 में व्यय को करीब 25 प्रतिशत बढ़ाया है और एक बड़ी राशि रक्षा मद में व्यय के लिए आवंटित की गई है। स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष वयाचेस्लाव वोलोदिन ने कहा कि 2024-2026 के बजट को विशेष रूप से रूसी सेना को ध्यान में रखकर और रूस पर 17,500 प्रतिबंधों के प्रभाव को घटाने के लिए तैयार किया गया है।व्यय योजना के तहत, देश के आधुनिक इतिहास में, अब तक का सबसे बड़ा रक्षा व्यय पहली बार अगले साल सामाजिक मद में व्यय को पार कर जाने की उम्मीद है। यह घटनाक्रम, मार्च में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए समर्थन जुटाने की क्रेमलिन की कवायद के बीच हुआ है। विश्लेषकों के अनुसार, कम बेरोजगारी, अधिक पारिश्रमिक और लक्षित सामाजिक खर्च से रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन को अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलनी चाहिए। लंदन स्थित रॉयल यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट में रूस के सैन्य व अर्थव्यवस्था विशेषज्ञ रिचर्ड कोनोली ने कहा कि बजट में रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम के साथ सैन्य टकराव की निरंतरता को ध्यान में रखा गया है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास की खबर के अनुसार, रूसी कम्युनिस्ट पार्टी ने बजट के खिलाफ मतदान किया। पार्टी ने बजट में पेंशन मद में कम राशि आवंटित करने और बुजुर्गों के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता का अभाव होने को लेकर इसकी आलोचना की। बजट को अब पारित किए जाने के लिए फेडरेशन काउंसिल के पास भेजा जाएगा, जो रूसी संसद का उच्च सदन है। स्टेट ड्यूमा के उपाध्यक्ष एलेक्जेंडर झुकोव ने कहा, इन मुश्किल हालात में, हम एक ऐसे बजट को मंजूरी देने में कामयाब रहे हैं (

संचार प्रणाली ठप रहने से दूसरे दिन भी गाजा को राहत सहायता रुकी रही

भाषा। राफा (गाजा पट्टी)

गाजा पट्टी में बिजली संयंत्रों से लेकर मोबाइल टावर तक को ईंधन की आपूर्ति नहीं होने से संचार प्रणाली दूसरे दिन शुक्रवार को भी ठप रही, जिस कारण राहत सहायता एजेंसियों को सीमा पार से मानवीय सहायता रोकनी पड़ी। इजराइली सेना गाजा शहर में अंदर तक घुस गई है, और इसके सैनिक हमास कमान केंद्र का पता लगाने के लिए गाजा के सबसे बड़े अस्पताल शिफा में तलाशी ले रहे हैं। इजराइली सेना ने इमारत के अंदर इसकी मौजूदगी होने का दावा किया है। उन्होंने एक सुरंग के प्रवेश द्वार और परिसर के अंदर एक ट्रक में पाए गए हथियारों की तस्वीरों को प्रदर्शित किया है, लेकिन कमान केंद्र की मौजूदगी का कोई साक्ष्य नहीं दिया है। वहीं, हमास और शिफा के कर्मियों ने इसकी मौजूदगी से इनकार किया है। इजराइल के दक्षिणी हिस्से में सात अक्टूबर को हुए हमास के हमले के बाद युद्ध छठे हफ्ते में प्रवेश कर गया है, जिसमें चरमपंथियों ने ।,200 से अधिक लोगों की जान ले ली है।

वॉर कैबिनेट ने गाजा के लिए बहुत कम ईंधन की अनुमति दी: इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

राफा। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार(एनएसए) ने कहा कि देश की वॉर कैबिनेट ने गाजा पट्टी मे हर दिन ईंधन के दो टैंकर ट्रकों को प्रवेश करने की अनुमति देने पर सहमती दी है। एनएसए तजाची हानेग्बी ने ईंधन की इस मात्रा को बहुत कम बताया है।हानेग्बी ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन मे कहा कि गाजा की संचार प्रणाली और पानी एवं सीवेज सेवाओ के लिए ईंधन की अनुमति दी जाएगी। उन्होने कहा कि इसका उद्देश्य हमास आतंकवादी समूह के खिलाफ युद्ध को जारी रखने की इजराइल की क्षमता को बाधित किए बिना बीमारी के प्रसार को रोकना है।

जुरासिक पार्क : इसे साकार करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं

भाषा। डबलिन

जुरासिक पार्क यकीनन सर्वश्रेष्ठ हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर है। खूंखार और विशालकार मानवभक्षी डायनासोर का साकार रूप, तनावपूर्ण एक्शन दृश्यों और अभूतपूर्व सिनेमैटोग्राफी के अलावा, 1993 में रिलीज हुई यह फिल्म विज्ञान आधारित सिनेमा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर थी। जब वैश्विक दर्शक रक्तरंजित एक्शन का आनंद ले रहे थे, फिल्म का आधार - डायनासोर को पुनर्जीवित करने के लिए एम्बर में संरक्षित जीवाश्म कीड़ों से डीएनए निकालना - को जीवाश्म एम्बर पर कई हाई-प्रोफाइल अध्ययनों द्वारा प्रकाशन की विश्वसनीयता दी गई थी। लेखकों ने एम्बर से प्राचीन डीएनए पुनर्प्राप्त किया, और यहां तक कि एम्बर-होस्टेड बैक्टीरिया को भी पुनर्जीवित किया। ऐसा लग रहा था कि दुनिया वास्तविक जीवन के जुरासिक पार्क के लिए तैयार है।

लेकिन तब से लेकर अब तक विज्ञान में कई मोड़ आए हैं। जीवाश्म विज्ञानियों की बढ़ती संख्या डीएनए और प्रोटीन के साक्ष्य बता रही है, जो जीवाश्मों में आनुवंशिक जानकारी भी देते हैं। ए रासायनिक निशान प्राचीन जीवन और विकास में अभूतपूर्व अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। लेकिन ऐसी रिपोर्टें वैज्ञानिकों के बीच चल रही बहस और विवाद का स्रोत हैं। नेचर इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन जर्नल में प्रकाशित हमारा हालिया अध्ययन इस संबंध में नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। अन्य अणुओं की तुलना में डीएनए सबसे विस्तृत जानकारी देता है कि प्रजातियां कितनी निकटता से संबंधित हैं। हालाँकि, डीएनए बेहद नाजुक होता है और किसी जीव के मरने के बाद तेजी से नष्ट हो जाता है।जैसा कि कहा गया है, डीएनए कभी-कभी ध्रुवीय जलवायु में भी जीवित रह सकता है, क्योंकि जमा देने वाला तापमान क्षय को धीमा कर देता है। भूवैज्ञानिक रूप से युवा डीएनए (हजारों वर्ष पुराना) में पिछले हिमयुग से लेकर हाल के दिनों तक विलुप्त जानवरों को पुनर्जीवित करने की क्षमता है। प्लेइस्टोसिन पार्क, कोलोसल और रिवाइव एंड रिस्टोर जैसी वाणिज्यिक कंपनियां ऊनी मैमथ और संदेशवाहक कबूतर को वापस लाने की परियोजनाओं पर काम कर रही हैं। इन मैमथों और डायनासोरों के बीच एक लंबा समय का अंतर है, जो छह करोड़ 60 लाख वर्ष पहले विलुप्त हो गए थे। हालाँकि, कुछ सबूत हैं कि आनुवंशिक सामग्री इन समय-सीमाओं पर भी जीवाश्मों में जीवित रह सकती है। उदाहरण के लिए, जीवाश्म गुणसूत्र - एक कोशिका से छोटे डीएनए के टुकड़े - 18 करोड़ वर्ष पुराने पौधों और सात करोड़ 50 लाख वर्ष पुराने डायनासोर में पाए गए हैं। हालाँकि, वैज्ञानिकों को अभी तक इस बात का प्रमाण नहीं मिला है कि वास्तविक डीएनए लाखों वर्षों तक जीवित रह सकता है।

मुइज्जू ने मालदीव के नए राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया

माले। मोहम्मद मुइज्जू ने भारत के केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू समेत कई विदेशी हस्तियों की मौजूदगी में मालदीव के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शुक्रवार को शपथ ग्रहण की। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मालदीव के आठवें राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने राष्ट्रपति के रूप में आज शपथ ग्रहण की। प्रधान न्यायाधीश मुथासिम अदनान ने मुइज्जू (45) को पद की शपथ ग्रहण कराई। इस समारोह में हुसैन मोहम्मद लतीफ ने मालदीव के उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। इस समारोह में रीजीजू के अलावा दक्षिण एशिया के कई नेता, राजनयिक एवं दुनिया के अन्य देशों के कुछ पूर्व राष्ट्रपति शामिल हुए। इस समारोह में निवर्तमान प्रशासन के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने भी भाग लिया। मुइज्जू चीन समर्थक और मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के करीबी सहयोगी हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 18 नवम्बर, 2023

अर्थव्यवस्था निर्माण में स्वदेशी उद्योगों की भूमिका अहम : राष्ट्रपति

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक समावेशी और विकसित देश के लक्ष्य को हासिल करने की यात्रा पर निकल पड़ा है तथा आत्मनिर्भर, प्रतिस्पर्धी और मजबूत अर्थव्यवस्था के निर्माण में स्वदेशी उद्योगों की भूमिका काफी अहम है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं तथा रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कई सुधार किए गए हैं। मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय ऑर्डिनेंस फैक्टरी सेवा के अधिकारियों (आईओएफएस) और भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के परिवीक्षाधीनों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, भारत एक समावेशी और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने की यात्रा पर निकल पड़ा है। आप सभी जानते हैं कि आत्मनिर्भर, प्रतिस्पर्धी और मजबूत अर्थव्यवस्था के निर्माण में स्वदेशी उद्योगों की बहुत अहम भूमिका होती है। मुर्मू ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत , मेक इन इंडिया , स्टार्टअप इंडिया और राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन जैसे अभियान तथा पहल इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए बनाए गए कुछ प्रमुख कार्यक्रम हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आईओएफएस अधिकारी रक्षा प्रणालियों में स्वदेशीकरण के प्रेरक और सूत्रधार होंगे तथा उनसे भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में काम करने की उम्मीद की जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा, हम जानते हैं कि भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 के 686 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 16,000 करोड़ रूपए तक पहुंच गया है। भारत का रक्षा निर्यात 85 से अधिक देशों तक पहुंच गया है और भारत के रक्षा उद्योग ने दुनिया में डिजाइन और विकास के क्षेत्र में अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। राष्ट्रपति ने बताया कि देश की लगभग 100 कंपनियां रक्षा उत्पादों का निर्यात करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब कई प्रकार के रक्षा उत्पादों का निर्यात करता है, जिसमें डोर्नियर-228 विमान, ब्रह्मोस मिसाइल, पिनाका रॉकेट और लॉन्चर, रडार, सिमुलेटर आदि शामिल हैं। राष्ट्रपति ने भारतीय रक्षा लेखा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे देश के सशस्त्र बलों के वित्तीय पहलुओं के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे रक्षा क्षेत्र के भीतर कुशल वित्तीय प्रबंधन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदाई होंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अपनी पेशेवर ईमानदारी और अपने मजबूत प्रशिक्षण मॉड्यूल के आधार पर, आईडीएएस अधिकारी रक्षा बलों में वित्तीय विवेकशीलता को बढ़ावा देने और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने में सक्षम होंगे। राष्ट्रपति ने उनसे रक्षा प्रणालियों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए लेखापरीक्षण और लेखांकन के लिए नवीनतम तकनीकों और तरीकों को अंगीकार करने की अपील की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे ऐसे समय में इन सेवाओं में शामिल हुए हैं जब देश स्थानीय और वैश्विक स्तर पर व्यापक बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

भारतीय ऑर्डिनेंस फैक्टरी सेवा के अधिकारियों और भारतीय रक्षा लेखा सेवा के परिवीक्षाधीनों के साथ राष्ट्रपति

भाजपा ने आर. अशोक को कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में चुना

भाषा। बेंगलुरु

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री आर. अशोक को कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में चुना। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम, भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष बी. वाई. विजएंद्र और पूर्व मुख्यमंत्रियों बी. एस. एदियुरप्पा तथा बसवराज बोम्मई विधायक दल की बैठक में मौजूद थे। बैठक में अशोक को राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में चुना गया। भाजपा के सात बार विधायक रहे अशोक जुलाई 2012 से मई 2013 तक भाजपा सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता को कैबिनेट सदस्य के रूप में पांच मुख्यमंत्रियों के साथ काम करने का मौका मिला। एक मंत्री के रूप में उन्होंने गृह, राजस्व, नगरपालिका प्रशासन, परिवहन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण जैसे विभिन्न विभागों का कार्यभार संभाला था। अशोक पार्टी में एक प्रमुख वोक्कालिगा समुदाय का चेहरा हैं। यह समुदाय विशेष रूप से कर्नाटक के दक्षिणी हिस्सों जैसे बेंगलुरु, चिक्कबल्लापुरा, मैसुरु, मांड्या, चामराजनगर, रामानगर, कोलार, तुमकुरु और चिक्कमगलुरु में फैला हुआ है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने पिछले सप्ताह वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा के बेटे विजएंद्र की नियुक्ति की घोषणा की थी। एदियुरप्पा लिंगायत समुदाय से आते हैं।

ग्लोबल साउथ की बड़ी भूमिका का विरोध हो रहा है: जयशंकर

भाषा। नई दिल्ली

भारत ने ग्लोबल साउथ के देशों से आर्थिक उथल-पुथल के समय होने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में काम करने का शुक्रवार को आह्वान किया और कहा कि कोविड-19 का दौर बुनियादी आवश्यकताओं के लिए दूर-दराज के भौगोलिक क्षेत्रों पर निर्भरता के खतरों की स्पष्ट याद दिलाता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत की मेजबानी में आयोजित वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने भारत की जी20 अध्यक्षता की उपलब्धियों का भी जिक्र किया और बताया कि कैसे इसने ग्लोबल साउथ या विकासशील देशों के सामने आने वाली चुनौतियों को हल करने का काम किया है। जयशंकर ने कहा, नई दिल्ली घोषणापत्र को ग्लोबल साउथ की वास्तविक और गंभीर चिंताओं पर जी20 का ध्यान वापस लाने के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र मजबूत, टिकाऊ संतुलित और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के संबंध में एक व्यापक संदेशै है। विदेश मंत्री ने कोई विशिष्ट संदर्भ दिए बिना कहा कि मौजूदा समय के प्रमुख मुद्दों के समाधान को आकार देने में ग्लोबल साउथ की बड़ी भूमिका का ैविरोधै हो रहा है। उन्होंने कहा, जब हम आगे देखते हैं, सभी के विश्वास के साथ, सभी के विकास का हमारा दृष्टिकोण साकार होने से बहुत दूर है। जब बदलाव प्राकृतिक नियम है तो हमारे समय के प्रमुख मुद्दों के समाधान को आकार देने में ग्लोबल साउथ की बड़ी भूमिका का विरोध हो रहा है। जयशंकर ने कहा कि वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट हमारी व्यक्तिगत चिंताओं से अवगत कराने और उभरती विश्व व्यवस्था के लिए हमारे साझा हितों को पेश करने के लिहाज से काफी प्रभावशाली हो सकता है। उन्होंने कहा, हमें आर्थिक उथल-पुथल से मुकाबला करने को लेकर अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में भी काम करने की जरूरत है। कोविड युग बुनियादी जरूरतों के लिए दूर-दराज के इलाकों पर निर्भरता के खतरों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा, ैहमें न केवल उत्पादन को उदार बनाने और विविधता लाने की जरूरत है, बल्कि लचीली और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला बनाने और स्थानीय समाधानों को बढ़ावा देने की भी जरूरत है। तभी ग्लोबल साउथ अपना भविष्य सुरक्षित कर सकता है। जयशंकर ने नई दिल्ली में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में स्थाई सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ के शामिल होने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, शायद, हमारी जी20 अध्यक्षता का सबसे संतोषजनक परिणाम अफ्रीकी संघ को स्थाई सदस्य के रूप में शामिल करना था। ऐसा करके, हमने अफ्रीका के 1.4 अरब लोगों को आवाज दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकासशील देशों के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को दोहराते हुए शुक्रवार को कहा कि दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन का संदेश यह है कि ग्लोबल साउथ अपनी स्वायत्तता चाहता है और वैश्विक मामलों में बड़ी जिम्मेदारियां लेने के लिए तैयार है। मोदी ने विकासशील देशों के दूसरे डिजिटल शिखर सम्मेलन के समापन सत्र में यह टिप्पणी की। प्रधानमंत्री ने अगले साल से भारत में एक वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू करने की घोषणा की जो ग्लोबल साउथ की विकास प्राथमिकताओं पर केंद्रित होगा। उन्होंने कहा, ैइसका मुख्य उद्देश्य ग्लोबल साउथ की विकास समस्याओं के व्यावहारिक समाधान की पहचान करना होगा।

क्विक न्यूज

बंडी संजय कुमार इस बार जी-तोड़ कोशिश कर रहे

करीमनगर (तेलंगाना)। करीमनगर से दो बार विधानसभा चुनाव हार चुके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव और करीमनगर से सांसद बंडी संजय कुमार को इस बार विधानसभा चुनाव में जीतने की उम्मीद है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की भूमिका निभा चुके कुमार का सामना तेलंगाना के अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण मंत्री गांगुला कमलाकर से है जिन्होंने 2018 और 2014 में भाजपा नेता को विधानसभा चुनाव में हराया था।संजय कुमार को जहां कट्टर हिंदूवादी छवि के साथ तेजर्तार नेता माना जाता है, वहीं कमलाकर क्षेत्र में लोकप्रिय है। इस बार चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में पुरुमल्ला श्रीनिवास पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं जो बोम्माकल गांव के सरपंच हैं। तीनों ही मुन्नुरू कापू समुदाय से आते हैं जो पिछड़े वर्गों में आता है। करीमनगर से 2019 के लोकसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करने वाले संजय कुमार 2020 से 2023 के शुरुआती महीनों तक पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष रहे। तेलंगाना में भाजपा ने उनके नेतृत्व में विभिन्न चुनावों में सफलता हासिल की है जिनमें कई विधानसभा उपचुनाव और ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के चुनाव शामिल हैं। संजय कुमार ने तेलंगाना में तेजी से प्रगति हासिल करने के लिए डबल इंजन सरकार (केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा सरकार) की आवश्यकता पर जोर दिया है और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव मुझे विधानसभा में प्रवेश करने से रोकने की साजिश रच रहे है। कमलाकर ने अपने प्रचार में बीआरएस सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया।

कांग्रेस ने मुस्लिम को बनाया विधानसभा अध्यक्ष, जिन्हें भाजपा के नेता साहब नमस्कार कहते हैं : कर्नाटक के मंत्री

बेंगलुरु। कर्नाटक के मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान के एक बयान को लेकर विवाद पैदा हो गया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने एक मुस्लिम सदस्य यू टी खादर को विधानसभा अध्यक्ष बनाया है, जिन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बड़े से बड़े नेता भी सलाम करते है और साहब नमस्कार कहकर संबोधित करते है। कर्नाटक के आवास, वक्फ और अल्पसंख्यक कल्याण मामलो के मंत्री ने चुनावी राज्य तेलंगाना में एक प्रचार अभियान के दौरान कहा कि कर्नाटक के इतिहास में कोई भी मुस्लिम कभी भी विधानसभा अध्यक्ष नही बना है, लेकिन कांग्रेस ने इस बार मुस्लिम समाज के एक व्यक्ति को वह सम्मान दिया है। बी जेड जमीर अहमद खान ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, कर्नाटक के इतिहास में मुस्लिम समुदाय से कोई भी सदस्य विधानसभा अध्यक्ष नही बना था। कांग्रेस पार्टी ने यू टी खादर को विधानसभा अध्यक्ष बनाया। आज भाजपा के बड़े से बड़े नेता खादर के सामने खड़े होकर साहब नमस्कार कहते है। उन्हें किसने बनाया? कांग्रेस ने बनाया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मई में हुए कर्नाटक विधानसभा चुनावों में 17 में से नौ मुस्लिम उम्मीदवार जीते थे और इन नौ में से पांच को पावर दी गई है। कर्नाटक सरकार में मंत्री अहमद खान के बयान की विभिन्न हलकों से तीखी आलोचना हुई है। मंत्री ने कहा कि उन्होने केवल कांग्रेस पार्टी द्वारा मुस्लिम समुदाय को दिए गए सम्मान के बारे में बात की थी और किसी भी पार्टी के विधायकों का अपमान नही किया है। उनके कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक होने के नाते, खान ने किसी भी व्यक्ति या पार्टी विधायकों के खिलाफ अपमानजनक तरीके से बात नही की है।बयान में कहा गया है, कर्नाटक में, कांग्रेस पार्टी ने मुस्लिम समुदाय को सर्वोच्च सम्मान दिया है और राज्य के इतिहास में पहली बार स्पीकर का पद दिया है।

इंदौर में बुर्के की आड़ में फर्जी मतदान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का हंगामा

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर के एक विधानसभा क्षेत्र में बुर्के की आड़ में महिलाओं के फर्जी मतदान का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओ ने मतदान केंद्र के आगे बड़ी तादाद मे जुटकर शुक्रवार को करीब दो घंटे तक हंगामा किया। प्रदर्शनकारियो में शामिल भाजपा कार्यकर्ता ममता बिरथरे ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि इंदौर-3 विधानसभा क्षेत्र में एक शासकीय विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र में 100 से ज्यादा महिलाओं को बुर्के की आड़ में फर्जी मतदान के लिए भेजा गया। चश्मदीदों ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं के हंगामे के चलते मतदान केंद्र के आस-पास पुलिस बल तैनात कर दिया गया। उन्होंने बताया कि करीब दो घंटे चले हंगामे के कारण कई मतदाता मतदान केंद्र मे फंसे रहे जिनमे कुछ महिलाएं भी शामिल थी। चश्मदीदो ने बताया कि शुक्रवार देर शाम हंगामा खत्म होने के बाद ही ए लोग मतदान केंद्र से बाहर निकल सके। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि एक समूह ने इंदौर-3 क्षेत्र के एक मतदान केंद्र मे फर्जी मतदान की शिकायत की थी जिसकी जांच मे पुष्टि नही हुई। उन्होने कहा कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियो को समझाकर उनका प्रदर्शन खत्म कराया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला ने दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने इंदौर-3 क्षेत्र में भाजपा की हार के पूर्वाभास से बौखलाकर फर्जी मतदान का झूठा आरोप लगाया और बेवजह हंगामा किया।

किसानों को बेहतर उत्पादकता से मिला मुनाफा

नई दिल्ली। श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स की ओर से श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 × 252 गेहूं बीज से उनकी उत्पादकता बढ़ी है। लांच के बाद से ही श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 × 252 गेहूं बीज इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते उत्तर प्रदेश के किसानो में बेहद लोकप्रिय हो रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अधिक तापमान और पीली रतुआ के प्रति सहनशीलता, कल्लों की संख्या अधिक, बड़े-सुनहरे दाने, उपयुक्त फसल की ऊंचाई और गिरने की समस्या कम होने के कारण ये उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, और बिहार में गेहूं के किसानो की पहली पसंद बन रहे हैं. ओम प्रकाश त्यागी, हापुड़ से एक किसान, ने श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स की ओर से दिए गए एक डेमो देखने के बाद पिछले साल अपने खेत में श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 गेहूं बीज इस्तेमाल किया.उनका कहना है कि इसमें कई विशेषताएं देखने को मिली जैसे अधिक कल्लों की संख्या, वजनदार कठोर चमकदार 80-85 दाने प्रति बाली, पीली रतुआ के प्रति सहनशीलता और अधिक उपज क्षमता । पौधे की उपयुक्त ऊंचाई 90 से.मी. होने की वजह से इसमें गिरने की शिकायत नहीं आती। इस साल मार्च महीने में अचानक अधिक तापमान होने के बावजूद श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 की अधिक उत्पादकता और बेहतर गुणवत्ता वाली फसल को देखकर वे बेहद प्रसन्न है और इस वर्ष भी श्रीराम सुपर 5-स्रः05 गेहूं बीज की ही बुवाई करेंगे।

राजस्थान को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बना दिया : शाह

भाषा। जयपुर

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए शुक्रवार को कहा कि सत्तारूढ़ दल ने पूरे राजस्थान को पार्टी का एटीएम बना कर रखा है। शाह अजमेर जिले के विजयनगर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, एटीएम में कार्ड डालो तो पैसा निकलता है[8230] इन्होंने पूरे राजस्थान को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बना कर रखा है। कांग्रेस पार्टी को जब भी पैसा चाहिए उनके नेता दिल्ली से आकर कार्ड डालते है और पैसा निकाल कर ले जाते है। उन्होंने कहा कि अपराध, तुष्टिकरण और महिलाओं और दलितों के अत्याचार में भी यह राजस्थान पहले नंबर पर रहा है। उन्होंने कहा, आज राजस्थान भ्रष्टाचार में नंबर वन है। राजस्थान महिला दुष्कर्म में, साइबर क्राइम, बिजली दर में, महंगाई के इंडेक्स में, पेट्रोल डीजल के दाम में, पेपर लीक में और मंडी के टैक्स में भी नंबर वन है। उन्होंने कहा, अशोक गहलोत की सरकार ने राजस्थान के लोगों का जीना हराम करके रखा है। उन्होंने कहा, अगर कांग्रे सत्ता में वापस आती है, तो प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) जैसे संगठनों को खुली छूट मिल जाएगी और राजस्थान कभी भी सुरक्षित नहीं रहेगा। भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण की इंतेहा कर दी है.. इतने सालों से कांग्रेस पार्टी राम मंदिर के मुद्दे को लटका रही थी.. अटका रही थी.. भटका रही थी.. मोदी जी आए .. मोदी जी ने राम जन्म भूमि के मुद्दे को समाप्त किया वहां भूमि पूजन करके मंदिर की नींव रखने का काम किया। उन्होंने आगे कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, गहलोत सरकार ने वोट बैंक की राजनीति में राजस्थान में सभी सीमाएं लांघ दी, उदयपुर में कन्हैया लाल की दिन दहाड़े हत्या की और इनके मुंह से एक लफ्ज नहीं निकला। शाह ने कहा, ैआने वाले चुनाव में जब आप वोट डालें तो ए मत सोचिए कि आप सिर्फ किसी को विधायक बनाने जा रहे हैं। बल्कि आपका एक वोट नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए है। उन्होंने राजस्थान बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के लिए गहलोत सरकार पर हमला करते हुए कहा, ैराजस्थान में, आजादी के बाद से किसी भी सरकार ने जितना भ्रष्टाचार नहीं किया होगा, उससे अधिक भ्रष्टाचार गहलोत ने पांच साल में किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 66,000 करोड़ रुपए का खनन घोटाला, पट्टे देने में ।,000 करोड़ रुपए का घोटाला, 1000 करोड़ रुपए का राशन घोटाला समेत अन्य घोटाले हुए हैं। उन्होंने सवाल किया, अगर एक साधु को अवैध खनन रोकने के लिए आत्महत्या करनी पड़े, तो क्या यह सरकार राजस्थान का भला कर सकती है? उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी को लांच करना चाहती हैं और अशोक गहलोत अपने बेटे वैभव गहलोत को लॉन्च करना चाहते हैं लेकिन उनकी लॉन्चिंग फेल हो गई हैं।

उप्र के पूर्व विधायक और परिवार के सदस्यों की 72 करोड़ की संपत्ति जब्त

● बैंक धोखाधड़ी मामला

भाषा। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने एक धन शोधन जांच के हिस्से के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और उनके परिवार के सदस्यों की 72 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है। ईडी कथित तौर पर 750 करोड़ रुपए की बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रही है। संघीय एजेंसी ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के लखनऊ महाराजगंज और गोरखपुर जिलों में 27 अचल संपत्तियां अस्थाई रूप से जब्त की गई हैं। दिवंगत मंत्री और गोरखपुर के बाहुबली हरि शंकर तिवारी के बेटे विनय तिवारी ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की टिकट पर उत्तर प्रदेश विधानसभा की चिल्लूपार सीट का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि बाद में विनय तिवारी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे ईडी ने एक बयान में कहा कि जब्त की गई संपत्तियां पूर्व विधायक विनय तिवारी, उनके परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम पर पंजीकृत हैं, जो आरोपी कंपनी गंगोत्री एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक, प्रवर्तक और गारंटर थे। ईडी ने बताया कि अस्थाई रूप से जब्त संपत्ति का कुल मूल्य 72.08 करोड़ रुपए है। ईडी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर जांच कर रही है। ईडी ने आरोप लगाया कि गंगोत्री एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपने प्रवर्तकों, निदेशकों और गारंटरों की मिलीभगत से बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले सात बैंकों के समूह से धोखाधड़ी कर 1,129.44 करोड़ रुपए का ऋण प्राप्त किया था।

अनुसूचित जनजाति को गैर आदिवासियों को जमीन बेचने से जुड़े ओडिशा कैबिनेट के फैसले पर रोक

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने अनुसूचित जनजाति के लोगों को अपनी जमीन गैर आदिवासियों को हस्तांतरित करने की अनुमति देने के लिए एक कानून में संशोधन करने के अपने फैसला पर रोक लगा दी है। एक मंत्री ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी, लेकिन उन्होंने इस फैसले पर रोक की वजह नहीं बताई।राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुदाम मारण्डी ने एक्स पर पोस्ट किया , आदिवासी जमीन को हस्तांतरित करने के संबंध में 14 नवंबर को मंत्रिमंडल की बैठक में 1956 के विनियम -2 में जिस प्रस्तावित संशोधन पर चर्चा हुई थी, उस संशोधन को रोक दिया गया है। मंत्रिमंडल के फैसले के मुताबिक, अनुसूचित जनजाति का कोई व्यक्ति लोक उद्देश्यों के लिए अपनी जमीन उपहार में दे सकता है।

पूर्व सीएम कुमारस्वामी ने बिजली चोरी के मामले में 68,526 रुपए का जुर्माना भरा

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल सेक्यूलर (जद-एस) के प्रदेश अध्यक्ष एच डी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि दिवाली पर यहां जे पी नगर में अपने निवास को जगमग करने के लिए अवैध कनेक्शन से बिजली लेने के मामले में उन्होंने 68,526 रुपए का जुर्माना भरा है। उन्होंने इस राशि को अनुचित एवं अत्यधिक करार दिया। जद-एस के प्रदेश अध्यक्ष ने जुर्माना राशि की गणना के तरीके को लेकर विरोध जताया। उन्हें उनके विरुद्ध दर्ज की गई प्राथमिकी में भी कमियां नजर आईं। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के बेटे कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुखर होने के कारण उन्हें राजनीतिक रूप से परेशान किया जा रहा है। बेंगलोर विद्युत आपूर्ति कंपनी लिमिटेड (बेसकॉम) के सहायक अधिशासी अभियंता को भेजे पत्र में कुमारस्वामी ने उनके स्टाफ द्वारा सेवा में रखे गए बिजली ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराया जिसने परीक्षण के उद्देश्य से तार खींच लिया और उसे उनके घर के सामने के बिजली के खंभे से जोड़ दिया। उन्होंने कहा, जैसे ही मुझे पता चला, मैंने अपने कर्मी से बिजली के खंभे से तार हटाने को कहा। जब जगमगाने का यह काम चल रहा था या परीक्षण का काम चल रहा था तब मैं घर पर नहीं था, मैं रामनगर जिले के बिदादी में अपने घर पर था। बिजली वाले ने बिना मेरी जानकारी के अपने मन से काम किया। कुमारस्वामी ने कहा कि उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी त्रुटिपूर्ण है क्योंकि बेसकॉम के सहायक अधिशासी अभियंता ने बतौर शिकायतकर्ता कहा है कि उन्होंने अपने सामने चोरी होते हुए देखी जब कि तथ्य इसके उलट है।कुमारस्वामी के अनुसार उनके खिलाफ मामला दर्ज करने वाले बेसकॉम अभियंता ने उनके सामने स्पष्ट किया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया पर वीडियो देखने के बाद वह जद-एस नेता के आवास पर निरीक्षण के लिए आए थे। अनुचित और अत्यधिक भुगतान की मांग के आलोक में बतौर ग्राहक अपनी चिंता सामने रखना और ऐसी बातों पर विरोध करना मेरा अधिकार है।

चामुंडेश्वरी को भी गृह लक्ष्मी योजना के तहत हर माह दो हजार रुपए मिलेंगे

बेंगलुरु। मैसूरु की प्रमुख देवी चामुंडेश्वरी को भी कर्नाटक सरकार की गृह लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों में रूप में शामिल किया गया है। इस योजना के तहत एपीएलाबीपीएल कार्ड धारक परिवारों की महिला मुखिया को दो हजार रुपए दिए जाने का प्रावधान है। ंग्रेस विधान पार्षद एवं पार्टी के राज्य मीडिया प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष दिनेश गूलीगौड़ा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि योजना के तहत हर महीने देवी को दो हजार रुपए का भुगतान किया जाए। उन्होंने बताया कि कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख शिवकुमार भी इस प्रस्ताव पर सहमत हुए और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर को हर महीने चामुंडेश्वरी मंदिर के खाते में राशि जमा करने का निर्देश दिया।

झारखंड में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ जवान शहीद, दो अन्य घायल

चाईबासा (झारखंड)। झारखंड में पश्चिम सिंहभूम जिले के एक जंगल में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) द्वारा शुक्रवार को एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में किए गए विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान शहीद हो गया, जबकि दो अन्य जवान घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि घटना अपराह्न करीब ढाई बजे हुई, जब सुरक्षा कर्मियों का एक दल गोइलकेरा इलाके में माओवादी रोधी अभियान चला रहा था। उन्होने बताया कि घायल जवानों को हवाई मार्ग से रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।शेखर ने बताया कि उपचार के दौरान उनमें से एक ने दम तोड़ दिया।

रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम लाया उम्मीद की नई किरण

बरेली। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में गुणवत्ता और इनोवेशन के क्या मायने होते हैं। राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज़ बरेली द्वारा भारत के पहले और एकमात्र स्वदेश में विकसित रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम एसएसआई मंत्रा को अपनाया जाना इसका बेहतरीन उदाहरण हैएजो समाज के सभी वर्गों के लिए सर्जिकल स्वास्थ्य सेवाओं को किफ़ायती बना रहा है। रोहिलखंड और उत्तराखण्ड क्षेत्र में पहले विश्व स्तरीय एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के इंस्टॉलेशन से इन दोनों क्षेत्रों के ज़रूरतमंद मरीज़ अब किफ़ायती दामों पर हाई.टेक सर्जिकल सेवाओं का लाभ उठा सकेंगेएउन्हें इस तरह की सर्जरी के लिए अब महानगरों का रूख नहींकरना पड़ेगा। अन्य सर्जिकल रोबोट्स की तुलना में एसएसआई मंत्रा की खासियत है इसकी कीमत। एसएसआई मंत्रा की कीमत अपने अन्तर्राष्ट्रीय समकक्षों की तुलना में एक तिहाईहै। इस तरह रोहिलखंड और उत्तराखण्ड के आम लोगों के लिए उच्च गुणवत्ता की किफ़ायती हाई.टेक रोबोटिक सर्जरी उनकी पहुंच में आ गई है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में खंडित प्रयासों का असर लोगों पर : मांडविया

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में खंडित और अपर्याप्त प्रयास से लोग अपनी सुरक्षा स्वयं करने के लिए बाध्य हो जाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह बेहद चिंताजनक बात है कि मौजूदा संकटों ने स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा तक असमान पहुंच को बढ़ा दिया है।मांडविया ने भारत द्वारा आयोजित वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, यह समझना जरूरी है कि वैश्विक स्वास्थ्य को खतरे में डालने वाली अधिकतर महामारियों - गंभीर श्वसन समस्या से लेकर कोविड-19 तक - की जड़ें जूनोटिक (पशुजन्य) हैं। अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियमों की समितियों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में खंडित और अपर्याप्त प्रयासों को रेखांकित किया है, जिससे लोगों को अपनी सुरक्षा खुद करने के लिए बाध्य होना पड़ा।

रांची के गांव में मंदिरों में मूर्तियों की तोड़फोड की जांच के लिए गठित की गई एसआईटी

भाषा। रांची

झारखंड में रांची जिले के मुडमा गांव के पांच मंदिरों में मूर्तियों की तोड़फोड़ की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी। रांची के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनीष टोप्पो ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमने मूर्तियों की तोड़फोड़ में लिप्त व्यक्तियों का पता लगाने के लिए एक एसआईटी का गठन किया है। गांव में मंदिरों के पास अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। इससे पहले, बृहस्पतिवार रात रांची से लगभग 30 किलोमीटर दूर मुड़मा गांव में हुई तोड़फोड़ के विरोध में आक्रोशित निवासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-75 और अन्य सड़कों को लगभग आठ घंटे तक अवरुद्ध कर दिया। खेलारी की पुलिस उपाधीक्षक अंकिता रॉय ने पीटीआई-भाषा को बताया, मुडमा गांव के पांच मंदिरों में मूर्तियां तोड़ दी गईं। दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, इन मंदिरों में भगवान शिव, हनुमान और एक देवी की मूर्ति को खंडित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि इस घटना के विरोध में महिलाओं समेत सैकड़ों ग्रामीण पारंपरिक हथियारों के साथ सुबह छह बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर इकट्ठे हो गए और उन्होंने रांची तथा डाल्टनगंज के बीच यातायात जाम कर दिया। पुलिस ने बताया कि लोगों ने ठाकुरगांव, चान्हो और बिजूपाड़ा में भी सड़कें जाम कर दीं। पुलिस द्वारा ग्रामीणों की तीन मांगों पर सहमति जताने के बाद अपराह्न करीब 2.30 बजे नाकेबंदी हटा ली गई। रांची के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने कहा, मांगों में मामले में एसआईटी का गठन, दोषियों की गिरफ्तारी और गांव में मंदिरों की सुरक्षा शामिल है। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस ने तोड़फोड़ में शामिल उपद्रवियों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

अपनी रणनीति पर बरकरार रहे भारत : शास्त्री

● **भारतीय टीम का दी सलाह- फाइनल में कुछ भी अलग करने की जरूरत नहीं**

भाषा। चेन्नई

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी विश्व कप फाइनल में मेजबान टीम प्रबल दावेदार होगी और उसे अपनी रणनीति पर बरकरार रहना चाहिए। शास्त्री ने शहर में एक कार्यक्रम के इतर फाइनल में भारत की योजना पर बात करते हुए कहा कि उन्हें कुछ भी अलग करने की जरूरत नहीं है। शास्त्री ने हा, मुझे लगता है कि वे रिलैक्स होंगे। वे घरेलू मैदान पर खेल रहे हैं और यह काफी अनुभवी टीम है। और उन्हें कुछ भी अलग करने की जरूरत नहीं है। पूर्व मुख्य कोच ने कहा, वे जिस तरह से खेले हैं, यह उसी तरह होगा जिस तरीके से वे पिछले मैच में खेले। इससे वे जल्द ही विश्व कप हाथ में उठाए होंगे। उन्होंने कहा, भारत विश्व कप जीतेगा। वे फाइनल में प्रबल दावेदार के तौर पर शुरूआत करेंगे। वे बहुत बढ़िया खेले हैं। लीग चरण में आस्ट्रेलिया को हराने के बावजूद भारत पांच बार की विश्व चैम्पियन के आईसीसी फाइनल्स में शानदार रिकॉर्ड को देखते हुए उसके खिलाफ दबाव में होगा। लेकिन शास्त्री का मानना है कि अगर भारतीय टीम धैर्य बनाए रखे और दबाव से निपटने में सफल रहे तो वे विजेता साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा, उन्हें शांत और संयमित बने रहने के साथ दबाव से निपटने की जरूरत है। यह फाइनल मुकाबला है, इसलिए सिर्फ आपको (भारत) इतना अति उत्साही नहीं होना चाहिए। शास्त्री ने कहा, आप (भारत) अपनी भूमिकाएं जानते हैं और इस टीम की सबसे अच्छी बात यही है कि यह एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है। मैच दर मैच आठ या नौ खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिए यह अच्छा संकेत है। पूर्व भारतीय आल राउंडर ने फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की भी तारीफ की जो टूर्नामेंट में गेंदबाजी तालिका में 23 विकेट झटककर शीर्ष पर चल रहे हैं। इसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में हुए सेमीफाइनल में सात विकेट झटकना भी शामिल है। उनका मानना है कि शमी रविवार को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, पहली गेंद पर अगर शमी गेंदबाजी कर रहा है तो मैं बल्लेबाजों को गुड लक कहूंगा। उसकी सीम गेंदबाजी और जिस तरह से गेंद गिरती है, शानदार है। उसने इस विश्व कप में लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी की है। शास्त्री ने कहा, मुंबई में वह अपने कौशल से बल्लेबाजों को परेशान कर रहा था। मैं कहूंगा कि यह भारत का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण है।

मैदानी अंपायर होंगे इलिंगवर्थ और कैटलबोरो

अहमदाबाद। इंग्लैड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और रिचर्ड कैटलबोरो रविवार को भारत और आस्ट्रेलिया के बीच होने वाले विश्व कप फाइनल मे मैदानी अंपायर होंगे। कैटलबोरो 2015 विश्व कप फाइनल में भी अंपायरिंग कर चुके है जिससे यह उनका दूसरा मौका होगा। तब उनके साथ दूसरे अंपायर कुमार धर्मसेना थे। मेजबान देश 2011 मे अपनी सरजमीं पर जीते गए खिताब की उपलब्धि को दोहराना चाहेगा। इलिंगवर्थ का भी यह दूसरा विश्व कप फाइनल होगा लेकिन पहली बार वह मैच अधिकारी के तौर पर मौजूद होंगे। वह 1992 विश्व कप में बतौर खिलाड़ी खेले थे। फाइनल के लिए अन्य अधिकारियो मे त्रिनिदाद एवं टोबैगो के जोएल विल्सन तीसरे अंपायर, न्यूजीलैंड के क्रिस गाफाने चौथे अंपायर और मैच रैफरी जिम्बाब्वे के एंडी पाइक्रोफ्ट होंगे। ए सभी सेमीफाइनल की अंपायरिंग टीम का हिस्सा थे। इलिंगवर्थ और कैटलबोरो इस हफ्ते हुए सेमीफाइनल के दौरान मैदानी अंपायर थे। इलिंगवर्थ मुंबई मे भारत की न्यूजीलैंड पर जीत और कैटलबोरो कोलकाता में आस्ट्रेलिया की दक्षिण अफ्रीका पर जीत के दौरान मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मोदी, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री मार्ल्स फाइनल देखेंगे

भाषा। अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स रविवार को यहां भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले विश्व कप क्रिकेट फाइनल मैच को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। यहां जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए शुक्रवार को गांधीनगर में एक उच्च स्तरीय बैठक की। विज्ञप्ति में कहा गया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स रविवार को मैच देखेंगे। मुख्यमंत्री पटेल ने शीर्ष अधिकारियों के साथ सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मैच के सुचारू संचालन के लिए किए गए विस्तृत इंतजामों के बारे में बताया, जिसमें मैदान, टीम, अति विशिष्ट व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करने और यातायात प्रबंधन की देखभाल के लिए 4,500 कर्मियों की तैनाती शामिल है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वीआईपी आवाजाही के कारण आम लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने बंद और डायवर्जन (परिवर्तित मार्ग) सड़कों के बारे में लोगों को पहले से उचित जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से प्रशंसकों की सुविधा के लिए मोटेरा स्टेशन (स्टेडियम के पास) की ओर चलने वाली मेट्रो ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का भी निर्देश दिया। इस मैच के लिए देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशों से भी प्रशंसकों के अहमदाबाद पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय टीम गुरुवार शाम को यहां पहुंची, वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम शुक्रवार को शहर पहुंची। भारतीय टीम ने शुक्रवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अभ्यास सत्र आयोजित किया। भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम रविवार को मैच से पहले एक एयर शो आयोजित करने वाली है।

महाराष्ट्र व तमिलनाडु सीनियर हॉकी में जीते

नई दिल्ली। मणिपुर, महाराष्ट्र और तमिलनाडु ने शुक्रवार को यहां पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के शुरूआती दिन जीत हासिल की। मणिपुर ने पूल ई में हॉकी मध्यप्रदेश पर 7-2 की जीत से अभियान शुरू किया। महाराष्ट्र ने पूल डी के मुकाबले में हॉकी उत्तराखंड को 22-0 से रौंद दिया जिसमें वेंकटेश केंचे ने छह, कप्तान युवराज वाल्मिकी ने चार और दर्शन वैभव गावकर ने हैट्रिक बनाई।

विश्व चैंपियन बनने के बाद अपना पहला मैच हारा अर्जेंटीना

ब्यूनस आयर्स। करिश्माई स्ट्राइकर लियोनेल मेसी की मौजूदगी के बावजूद अर्जेंटीना विश्व कप जीतने के बाद चल रहे अपने अजेय अभियान को जारी नही रख पाया। अर्जेंटीना को विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैच में उरुग्वे ने 2-0 से हराया। मेसी की अगुवाई वाली टीम की पिछले साल विश्व चैंपियन बनने के बाद यह पहली हार है। अर्जेंटीना ने कतर में खेले गए विश्व कप के ग्रुप चरण के पहले मैच मे सऊदी अरब से हारने के बाद कोई मैच नही गंवाया था।

के सुब्रमण्यम ने 86 साल की उम्र में जीते चार स्वर्ण

नई दिल्ली। के सुब्रमण्यम ने फिलीपींस में एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स मीट मे 86 साल की उम्र में चार स्वर्ण पदक जीते। पिछले सप्ताह आयोजित प्रतियोगिता मे एथलेटिक्स बिरादरी में सुब्बू के नाम से मशहूर सुब्रमण्यम ने 85 साल से अधिक के वर्ग में लंबी कूद, ट्रिपल जंप, ऊंची कूद और भाला फेंक मे शीर्ष स्थान हासिल किया।

नेहा ने डब्ल्यूपीजीटी का 15वां चरण जीता

कोलकाता। नेहा त्रिपाठी ने हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 15वे चरण के तीसरे दौर मे शुक्रवार को यहां एक ओवर 73 का कार्ड खेलकर नौ शॉट के बड़े अंतर के साथ खिताब अपने नाम किया। नेहा का यह सत्र का तीसरा खिताब है। वह शुरुआती दो दौर में 72 और 73 का कार्ड खेलने के बाद चार शॉट की बढ़त के साथ शीर्ष पर थी और तीसरे दौर के बाद इस बढ़त और और बड़ा करने मे सफल रही।

भुल्लर की तीन शॉट की बढ़त, सात ने कट हासिल किया

जकार्ता। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने शुक्रवार को यहां बीएनआई इंडोनेशियाई मास्टर्स के दूसरे दौर मे चार अंडर 67 का कार्ड खेलकर अपनी बढ़त तीन शॉट की कर ली। भुल्लर हालांकि दूसरे दौर के पहले आठ होल में चार अंडर पर चल रहे थे जिससे वह अपने कार्ड से निराश होंगे। हालांकि अब उनका कुल स्कोर 12 अंडर 130 है। भारत के 11 गोल्फरों में से सात ने कट हासिल किया जिसमे से दो एस चिक्कारंगप्पा (71-65) और वीर अहलावत (69-67) संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर चल रहे है।

अदिति पहले दौर के बाद संयुक्त 32वें स्थान पर

नेपल्स (फ्लोरिडा)। भारत की स्टार महिला गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए की सत्र की अंतिम प्रतियोगिता सीएमई ग्रुप टूर चैंपियनशिप के पहले दौर मे दो अंडर 70 का कार्ड खेला। सत्र के पहले चरण मे अच्छा प्रदर्शन करने वाली अदिति वर्तमान प्रतियोगिता के पहले दौर के बाद संयुक्त 32वे स्थान पर है।

अवनी-दीक्षा की अच्छी शुरुआत

पाल्मा (स्पेन)। भारत की एमेच्योर गोल्फर अवनी प्रशांत और दीक्षा डागर ने लेडीज यूरोपियन टूर की 2023 की अंतिम प्रतियोगिता मलोर्का लेडीज गोल्फ ओपन मे अच्छी शुरुआत की और पहले दौर के बाद वे क्रमशः संयुक्त पांचवे और 12वे स्थान पर है। अवनी की शुरुआत अच्छी नही रही। उन्होने पहले चार होल मे से तीन होल मे बोगी की जबकि इस बीच एक बर्डी भी बनाई।

विकेट के आगे और पीछे राहुल के कमाल से टीम को फायदा

भाषा। अहमदाबाद

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व कप में भारतीय टीम की सफलता में विकेट से पीछे लोकेश राहुल का शानदार योगदान रहा है। राहुल ने बल्ले से कई बार टीम के लिए बेहतरीन पारी खेलने के साथ विकेट के पीछे कुछ कमाल के कैच लपके हैं और डीआरएस (डिसीजन रिव्यू सिस्टम यानी मैदानी अंपायर के फैसले की समीक्षा) से जुड़े फैसलों में वह कप्तान रोहित शर्मा के सच्चे सिपहसालार साबित हुए है। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के समय डीआरएस पर उनके सही फैसलों के कारण भारतीय क्रिकेट में इसे धोनी रिव्यू सिस्टम कहा जाता था तो वही अब राहुल की काबिलियत से इसे डिसीजन राहुल सिस्टम कहा जाने लगा है।रोहित की विस्फोटक बल्लेबाजी, विराट कोहली का संयमित खेल और मोहम्मद शमी की कातिलाना गेंदबाजी के सामने भले ही राहुल की बल्लेबाजी की चर्चा अधिक ना हो लेकिन मौजूदा विश्व कप में जब भी टीम को उनके बल्ले से योगदान की जरूरत थी उन्होंने ने अपनी इस भूमिका को पूरी तरह से निभाया। राहुल ने इस दौरान 99 की स्ट्राइक रेट और 77 के औसत से 386 रन बनाए। भारतीय टीम के लिए पदार्पण के बाद से ही कौशल के मामले में राहुल को कोहली और रोहित जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी माना जाता है लेकिन लचर शॉट खेलकर आउट हो जाने के कारण वह अतीत में उस रुतबे को हासिल नहीं कर पाए। यही कारण है कि सिडनी, लॉर्ड्स और सेंचुरियन जैसे मैदान पर शतक लगाने वाले इस खिलाड़ी को भारतीय क्रिकेट में अंडर-अचीवर (उम्मीद से कम सफलता पाने वाला) माना जाता है। राहुल के करियर में शानदार बल्लेबाजी के बीच कुछ ऐसे भी क्षण आए जब उन्हें खुद भी अपनी बल्लेबाजी की काबिलियत पर शक होने लगा। ऐसी स्थिति में विकेटकीपर की भूमिका निभाने से उनके मन का संदेह दूर हुआ और बल्ले से भी उनके प्रदर्शन में काफी सुधार आया। सेमीफाइनल में राहुल ने जिस तरह से डेवोन कॉनवे का कैच पकड़ा उसे देख कर महेंद्र सिंह धोनी भी निश्चित रूप से खुश हुए होंगे। मौजूदा टूर्नामेंट में 10 मैचों में उन्होंने 16 (15 कैच और एक स्टंपिंग) शिकार किए है। वह विकेट के पीछे सबसे ज्यादा शिकार के मामले में सिर्फ दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्विंटन डिकॉक से ही पीछे है। ऐसे खिलाड़ी जो कुछ समय पहले तक कीपिंग नहीं करता था उसके लिए यह बड़ी उपलब्धि है। डीआरएस से जुड़े फैसले के बारे में राहुल के निर्णय शानदार रहे हैं। भारत के पूर्व कीपर दीप दासगुप्ता का कहना है कि इसका कारण स्टंप के पीछे उनका परफेक्ट फुटवर्क है क्योंकि उन्हें इस बात का सटीक अंदाजा है कि गेंद कहां खत्म होगी। गुप्ता ने कहा, डीआरएस केवल विकेटकीपर का निर्णय नहीं है। विकेटकीपर न तो इंपैक्ट और न ही ऊंचाई का अनुमान लगा सकता है। इंपैक्ट (गेंद का स्टंप के सामने या बाहर होना) आम तौर पर गेंदबाज का निर्णय होता है या मिड-ऑन या मिड-ऑफ पर खड़े कप्तान का निर्णय होता है।

आईसीसी पिच सलाहकार एटकिन्सन स्वदेश लौटे, तैयारियों की देखरेख कर रहे बीसीसीआई के क्यूरेटर

अहमदाबाद। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच होने वाले विश्व कप फाइनल से 48 घंटे पहले पिच की तैयारियो के दौरान आईसीसी के पिच सलाहकार एंडी एटकिन्सन नही दिखाई दिए जिससे उनके भविष्य पर सवाल उठ रहे है। पता चला है कि न्यूजीलैंड के एटकिन्सन स्वदेश लौट चुके है और उनका काम खत्म हो गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, एंडी का काम खत्म हो गया है और वह स्वदेश चले गए है। जहां कोई विवाद नही हो, वहां विवाद पैदा करने की कोशिश नही कीजिए। कही भी नही लिखा है कि आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के पिच सलाहकार को फाइनल से पहले मौजूद होना जरूरी है। एटकिन्सन ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल के लिए मेजबान देश पर पिच बदलने (नई पिच से पुरानी पिच) का आरोप लगाया था जिसके बाद बीसीसीआई अधिकारी उनसे खफा हैं। आईसीसी ने हालांकि बाद में स्पष्टीकरण भेजा कि ऐसा कोई नियम नही है कि नॉकआउट मैच नई पिच पर ही आयोजित किए जाने चाहिए और एटकिन्सन को पहले ही इससे अवगत करा दिया गया था। शुक्रवार को बीसीसीआई के दो वरिष्ठ प्रमुख मैदानकर्मी आशीष भौमिक और तपोश चटर्जी के साथ पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज और बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट के महाप्रबंधक एबे कुरूविला ने रविवार को होने वाले फाइनल के लिए पिच की तैयारियो का निरीक्षण किया जिस पर भारी रोलर का इस्तेमाल किया गया।

हम सर्वश्रेष्ठ से मुकाबला करना चाहते हैं : मिशेल स्टार्क

कोलकाता। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले विश्व कप फाइनल के बारे मे कहा कि उनकी टीम टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम का सामना करने को लेकर उत्साहित है।भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक अपने सभी 10 मैच जीत पर फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया।स्टार्क ने मैच के बाद संवाददाताओ से कहा, हम सर्वश्रेष्ठ टीम का सामना करना चाहते है। अभी तक वह टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम है और हम दोनों टीम का फाइनल मे आमना सामना होगा। यही विश्व कप है और इसके लिए ही हम यह खेल खेलते है। हमारा सामना निश्चित तौर पर उसे टीम से है जो किसी भी चुनौती का सामना आगे बढ़कर कर रही है और अभी तक अजेय है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच लीग चरण मे शुरुआती मुकाबला खेला गया था।

हम एक दिन अवश्य विश्व कप जीतेंगे : मिलर

कोलकाता। दक्षिण अफ्रीका को पांचवी बार विश्व कप के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा लेकिन उसके अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर को विश्वास है कि उनकी टीम एक दिन विश्व चैंपियन बनने में सफल रहेगी। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां एक रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 3 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मिलर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह काफी निराशाजनक है। क्विनी (क्विंटन डिकॉक) ने अपने चार शतकों का जिक्र करते हुए कहा है कि अगर वह एक भी रन नही बनाते लेकिन ट्रॉफी जीत जाते तो उन्हे रन नही बनाने का कोई मलाल नही होता। आप फाइनल में पहुंचकर ट्रॉफी जीतना चाहते है। हम सभी ने विभिन्न टूर्नामेंट मे हिस्सा लिया है और अलग-अलग टीमो का सामना किया है। उनमे यह टूर्नामेंट भी शामिल है। हम इस बार नही जीत पाए लेकिन हमारी टीम एक दिन जरूर विश्व कप जीतेगी। हमने दिखाया कि हम क्या कर सकते है। मिलर से पूछा गया कि क्या वह संन्यास लेने के बारे में विचार कर रहे है, इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, देखते है चीजे कैसे आगे बढ़ती है।

भारतीय टीम की कोई वास्तविक कमजोरी नहीं: हेजलवुड

कोलकाता। विश्व कप के महा मुकाबले के लिए तैयार ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि उन्हे भारतीय टीम मे कोई वास्तविक कमजोरी नजर नही आती, लेकिन टूर्नामेंट के शुरुआती मैच से सीख लेकर वह उसके शीर्ष क्रम को झकझोरने का प्रयास करेंगे। इन दोनों टीम के बीच लीग चरण के चेन्नई मे खेले गए मैच मे भारत ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। बल्लेबाजी मे भारत की शुरुआत हालांकि अच्छी नही रही थी और दूसरे ओवर तक उसका स्कोर दो विकेट पर तीन रन था। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना रविवार को अहमदाबाद मे भारत से होगा। विश्व कप से पहले इन दोनो टीम के बीच तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेली गई थी जिसमे भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी। हेजलवुड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के बाद भारत के साथ होने वाले मुकाबले के बारे मे कहा, हमने विश्व कप से पहले उनके खिलाफ श्रृंखला खेली थी जिसे हम 2-1 से हार गए थे। हमने एक दूसरे के खिलाफ काफी क्रिकेट खेली है। हम उनकी टीम के बारे में अच्छी तरह से जानते है और वह भी हमारी टीम से अच्छी तरह वाकिफ है। उनकी टीम बेहतरीन है। पूरे टूर्नामेंट मे उनका कोई सानी नही रहा। उनकी टीम मे कोई वास्तविक कमजोरी नही है लेकिन हम रविवार को उनका मुकाबला करने के लिए तैयार है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, चेन्नई मे जब वह छोटे लक्ष्य का पीछा कर रहे थे तो हमे तब उनकी कुछ मामूली कमियो का पता चला था।

ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले गंभीर रूप से चोटिल होने से बचे पाकिस्तान के नए कप्तान मसूद

कराची। पाकिस्तान के नए टेस्ट कप्तान शान मसूद घरेलू मुकाबले के दौरान टीम के साथी सरफराज अहमद से टकराने के बाद गंभीर चोट से बच गए है, जिससे अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे के लिए उनकी उपलब्धता खतरे मे पड़ सकती थी। यह घटना शुक्रवार को रावलपिंडी स्टेडियम मे कराची और मुल्तान के बीच लिस्ट-ए सेमीफाइनल मैच के दौरान हुई। कराची के लिए खेल रहे शान और सरफराज मिड-ऑफ के पास विपरीत दिशा से कैच लेने के लिए दौड़े और दोनों के बीच आपस मे जोरदार टक्कर हो गई। इसके बाद मसूद तुरंत उठने मे असमर्थ दिखे। टक्कर के प्रभाव के कारण सरफराज ने बल्लेबाज सोहेब मकसूद का कैच भी टपका दिया। मसूद सहयोगी स्टाफ की मदद से मैदान बाहर निकले और इस दौरान कुछ समय के लिए मैच रुका रहा। कराची टीम के एक अधिकारी ने कहा कि शुरुआती स्कैन मे टखने मे कोई गंभीर चोट नही दिखी है।

पीसीबी ने रियाज को मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने महान बल्लेबाज और पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद शुक्रवार को देश के पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज को मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया। पीसीबी द्वारा हितो के टकराव की जांच शुरू करने के बाद इंजमाम ने 30 अक्टूबर को राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इंजमाम खिलाड़ियो का प्रबंधन करने वाली कंपनी से जुड़े है जिससे हितो के टकराव की जांच शुरू की गई। रियाज (38 वर्ष) की पहली जिम्मेदारी आस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे और न्यूजीलैंड मे टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए टीम चयन होगी। पाकिस्तान 14 दिसंबर से सात जनवरी तक आस्ट्रेलिया मे टेस्ट श्रृंखला खेलेगा जिसके बाद 12 से 21 जनवरी तक उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचो की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलनी है।

यह प्रदर्शन चोकर्स जैसा नहीं : अफ्रीकी मुख्य कोच

कोलकाता। दक्षिण अफ्रीका को वनडे विश्व कप के नॉकआउट चरण मे फिर से हार का सामना करना पड़ा लेकिन उसके मुख्य कोच रॉब वाल्टर का मानना है कि सेमीफाइनल मे ऑस्ट्रेलिया के हाथो मिली हार पर चोकर्स (बड़े मैचो के दबाव मे बिखरने वाली टीम) जैसा शब्द फिट नही बैठता। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 212 रन पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने 47.2 ओवर मे लक्ष्य हासिल करके फाइनल मे जगह बनाई जहां उसका सामना रविवार को अहमदाबाद मे भारत से होगा। वाल्टर ने चोकर्स की अपनी परिभाषा बताते हुए कहा, मेरे लिए चोकर्स का मतलब उस मैच से है जिसे आप जीत की स्थिति मे होने के बावजूद हार जाते हो। उन्होंने मैच के बाद संवाददाताओ से कहा, इस मैच मे हम शुरू से ही पीछे रहे थे। हमने वास्तव मे वापसी की अच्छी कोशिश की और ऐसा स्कोर बनाया जिससे हम उन्हे चुनौती दे सकते थे।

डीपीएस सेमीफाइनल में, बीएसएनवी जीती

लखनऊ। 19वी कर्नल एसएन मिश्र ओबीइ मेमोरियल क्रिकेट के पहले राउंड के दूसरे दिन का पहला मैच बी एसएन वी इंटर कॉलेज एवं इरम पब्लिक कॉलेज के बीच आर्यावर्त ग्राउंड पर खेला गया। टॉस जीत कर बीएसएनवी कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी चुनी और 20 ओवर में 9 विकेट खो और प्रखर पांडेय के 50 रनों की सहायता से शानदार 132 रन बनाए। जवाब में इरम पब्लिक कॉलेज ने 20 ओवर में 8 विकेट खो कर 111 रन बना सकी। बीएसएनवी ने यह मुकाबला 21 रनों से जीत कर सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरा मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल राजाजीपुरम और सेठ एआर जयपुरिया स्कूल के बीच खेला गया। टॉस जीत कर दिल्ली पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए फिर एक बार 20 ओवर में शुभ सिंह की आतिशी 63 रनों की पारी की बदौलत 181 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में ए आर जयपुरिया स्कूल सिर्फ68 रनों पर ऑल आउट हो गई। शुभ सिंह को उनकी आतिशी पारी के लिए मैन आफद मैच का खिताब दिया गया। इसी के साथ दिल्ली पब्लिक स्कूल भी टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में प्रवेश कर गई है।

भारत ने फीफा विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफायर में कुवैत को 1-0 से हराया

भाषा। कुवैत सिटी

मनवीर सिंह के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से भारत ने गुरुवार को यहां 2026 फीफा विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफायर मैच में कुवैत को 1-0 से पराजित किया। मनवीर ने खेल के 75वें मिनट में लालियानजुआला चांग्ते के क्रॉस पर यह महत्वपूर्ण गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। कुवैत को मैच के आखिरी क्षणों में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में फैसल अलहरबी को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण बाहर जाना पड़ा था। भारत अपना अगला मैच 21 नवंबर को भुवनेश्वर में एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ खेलेगा। भारत को कतर, कुवैत और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाएंगी। इस बीच एशियाई क्षेत्र के विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में दक्षिण कोरिया ने सिंगापुर को 5-0 से करारी शिकस्त दी।

सूर्यकिरण टीम ने विश्व कप फाइनल से पहले एयर शो के लिए अभ्यास किया

अहमदाबाद। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की एरोबेटिक (हवा में कलाबाजी) टीम सूर्यकिरण ने 19 नवंबर को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम मे भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट विश्व कप फाइनल से पहले शुक्रवार को एयर शो (हवा में विमानो का करतब) का अभ्यास किया। गुजरात के रक्षा विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि सूर्यकिरण टीम ने स्टेडियम के ऊपर अभ्यास किया और फाइनल से पहले शनिवार को भी अभ्यास जारी रहेगा। गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) के प्रवक्ता जगत पटेल ने कहा, फाइनल मैच से पहले एक एयर शो की योजना बनाई गई है, जिसके लिए शुक्रवार को स्टेडियम के ऊपर अभ्यास किया गया। भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम मे आमतौर पर नौ विमान शामिल होते है और इसने देश भर मे कई एयर शो किए हैं।

आसमान छूने लगे होटल और हवाई यात्रा के किराए

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद मे रविवार को भारत और आस्ट्रेलिया के बीच होने वाले फाइनल को देखने के लिए काफी लोग यहां पहुंचेगे जिससे यहां होटल के कमरो का किराया और हवाई यात्रा का किराया आसमान छू रहा है। विश्व कप फाइनल का खुमार बढ़ने से शहर के शीर्ष पांच सितारा होटल मे मैच की रात के लिए कमरे का किराया दो लाख रुपए तक पहुंच गया है जबकि अन्य होटलो ने भी अपने किराए में पांच से सात गुना बढ़ोतरी कर दी है। गुजरात के होटल एवं रेस्तरां संघो के महासंघ के अध्यक्ष नरेंद्र सोमानी ने कहा, विश्व कप फाइनल को देखते हुए सिर्फ भारत में ही नही बल्कि विदेश जैसे दुबई, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के लोगो मे भी काफी उत्साह है जो मैच देखने के लिए आना चाहते है।

नडाल वापसी की योजना का जल्द खुलासा करेंगे

मैड्रिड। राफेल नडाल को पूरी उम्मीद है कि कूल्हे की चोट के कारण 2023 में अधिकतर समय बाहर रहने के बाद वह प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अपनी वापसी की योजना का जल्द खुलासा करेंगे। नडाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा, मैंने कल पुष्टि की कि मैं वापसी करूंगा। मेरे साथ बने रहे। मैं कब और कहां वापसी करूंगा, इसकी घोषणा जल्द की जाएगी।

अमेरिकी हॉल आफ फेम में शामिल होगी सेरेना

न्यूयॉर्क। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स और मशहूर मानव अधिकार कार्यकर्ता रूबी ब्रिजेस को अगले साल अमेरिका के राष्ट्रीय महिला हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। हॉल ऑफ़ फेम इन घोषणा की कि सेरेना और ब्रिजेस को अगले साल मार्च में अमेरिकी हॉल ऑफ़ फेम में शामिल किया जाएगा। सेरेना ने 23 बार ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और सबसे लंबे समय तक विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड उनके नाम पर है।

शमी ने विश्व कप सफलता पर कहा, स्टंप टू स्टंप गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं

भाषा। अहमदाबाद

भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा कि उनकी गेंदबाजी में कुछ भी असाधारण नहीं है और वह सिर्फ स्टंप टू स्टंप लेंथ में गेंदबाजी करने पर ध्यान लगाते हैं ताकि विकेट मिल सकें। शमी इस विश्व कप में अभी तक भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं और छह मैचों में 5.01 की इकोनोमी से 23 विकेट झटक चुके हैं जिसमें एक बार चार विकेट लेना और तीन बार पांच या इससे अधिक विकेट लेना शामिल है। मुंबई में मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने सात विकेट लिए। शमी ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं हमेशा हालात देखता हूं कि पिच और गेंद किस तरह बर्ताव कर रही है कि गेंद स्विंग ले रही है या नहीं। अगर गेंद स्विंग नहीं ले रही होती तो मैं स्टंप टू स्टंप गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं और गेंद को ऐसी जगह डालने का प्रयास करता हूं कि यह बल्लेबाज के ड्राइव करने के समय बल्ले का किनारा छू सके। शमी विश्व कप के पहले चार मैच में अंतिम एकादश में शामिल नहीं थे और आल राउंडर हार्दिक पंड्या के बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद ही अंतिम एकादश में जगह बना सके। इसके बाद से शमी अपनी गति और सीम से अद्भुत रहे हैं, वह हर हालत में गेंद को मूव कर पा रहे हैं।

भारत के लिए विश्व कप जीतने का उचित समय : वाल्टर

कोलकाता। दक्षिण अफ्रीका के पांचवी बार विश्व कप के सेमीफाइनल मे हारने से निराश उसके मुख्य कोच रॉब वाल्टर फाइनल नही देखेंगे लेकिन उनका मानना है कि टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम भारत के लिए ट्रॉफी जीतने का यह उचित समय है। भारत ने मौजूदा विश्व कप मे अपने सभी 10 मैच जीतकर फाइनल मे जगह बनाई है जहां रविवार को अहमदाबाद में उसका सामना पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से होगा। वाल्टर ने दूसरे सेमीफाइनल मे दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया के हाथो हार के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो इसकी एक प्रतिशत संभावना है कि मै (फाइनल) देखूंगा। और इससे भी अधिक ईमानदारी से कहूं तो, मुझे वास्तव मे कोई परवाह नही है।

बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में पहुंची

भाषा। तुरिन

भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन शुक्रवार को यहां वेस्ले कूलहोफ और नील स्कूपस्की की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर एटीपी फाइनल्स पुरुष युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गए। बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने 84 मिनट तक चले रेड ग्रुप क्वालिफिकेशन निर्णायक मुकाबले में कूलहोफ (नीदरलैंड) और स्कूपस्की (ब्रिटेन) पर 6-4, 7-6 से जीत दर्ज की। भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी सर्विस पर लगभग 88 प्रतिशत अंक (40 में से 35) बनाए। मौजूदा सत्र में टूर स्तर पर 40वीं जीत दर्ज करने वाले बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी के साथ रेड ग्रुप से गत चैम्पियन राजीव राम और जो सैलिसबरी की जोड़ी ने नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया। बोपन्ना इस सप्ताह की शुरुआत में 43 साल की उम्र में इस टूर्नामेंट के मुकाबले में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी के पास साल के आखिर में एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने का मौका है। इसके लिए हालांकि इस जोड़ी को फाइनल में पहुंचना होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।